RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 155
लखनऊ, सोमवार, 27 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पंत को ठीक होने के लिए पूरा समय लेना चाहिए : गांगुली
स्पोर्ट्स-12

# राहुल के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन

## देश भर में संकल्प सत्याग्रह किया, भाजपा सरकार की आलोचना की, प्रियंका और खरगे ने सत्ताधारी दल से किए तीखे सवाल

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली

**लोकसभा** की सदस्यता से राहुल गांधी की अयोग्यता को लेकर भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रविवार को देश भर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाद्रा ने लोगों की आवाज उठाने के लिए सरकार पर एक शहीद के बेटे को चुप कराने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि एक नेता, जिसके परिवार ने खून से इस देश में लोकतंत्र को सींचा है , और एकता के संदेश के साथ कन्याकुमारी से कश्मीर तक हजारों किलोमीटर पदयात्रा की, वह क्या देश या एक खास समुदाय का अपमान कर सकता है? प्रियंका ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और अन्य भाजपा नेताओं ने बार-बार उनके परिवार के सदस्यों का अपमान किया है, लेकिन उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने कहा, हम चुप रहे लेकिन अब यह नहीं सहेंगे। कई अन्य दलों द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की निंदा करने के साथ, कांग्रेस के शीर्ष नेताओं अशोक गहलोत और अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि इस मुद्दे ने विपक्ष को एक साथ ला दिया है और यह एकता दिन-ब-दिन बढ़ती जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस ने राजघाट पर सत्याग्रह की अनुमति देने से इनकार कर दिया। दिल्ली के राजघाट के बाहर संकल्प सत्याग्रह का नेतृत्व करने वाले खरगे ने पूछा कि अगर भगोड़े नीरव मोदी और ललित मोदी की आलोचना की जा रही है तो भाजपा को दर्द क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा, वे अब ओबीसी की बात करते हैं, क्या ललित मोदी ओबीसी है, क्या नीरव मोदी ओबीसी है।





नई दिल्ली में रविवार को राजघाट के बाहर कांग्रेस के संकल्प सत्याग्रह में मौजूद पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और अन्य नेतागण। फोटोः रंजन डिमरी

### सत्याग्रह कांग्रेस का अहंकार दर्शाने वाला: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भाजपा** ने संकल्प सत्याग्रह को लेकर रविवार को कांग्रेस की आलोचना की और आरोप लगाया कि वह देश के पूरे पिछड़े समुदाय के खिलाफ राहुल गांधी की टिप्पणी को सही ठहराने के लिए देश के संविधान और अदालत के फैसले के खिलाफ आंदोलन कर रही है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के आंदोलन को महात्मा गांधी का अपमान करार देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता ने सामाजिक मुद्दों के लिए सत्याग्रह किया था, जबकि कांग्रेस निजी कारणों से तथाकथित सत्याग्रह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात में मानहानि के एक मामले में गांधी को दोषी ठहराए जाने और अदालत के फैसले के परिणामस्वरूप लोकसभा सदस्य के रूप में उन्हें स्वत: अयोग्य करार दिए जाने के बाद कांग्रेस का आंदोलन उसके अहंकार का निर्लज्ज प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि आंदोलन का सच्चाई के लिए लड़ने से कोई लेना-देना नहीं है।

### असत्य के मार्ग पर चलने वाले सत्याग्रह नहीं कर सकते: योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कांग्रेस के सत्याग्रह कार्यक्रम पर तंज कसते हुए कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले सत्याग्रह नहीं कर सकते हैं। देश को भाषावाद, क्षेत्रवाद जैसे तमाम वादों में बांटने वाले भी सत्याग्रह नहीं कर सकते। मौन जीवों की बात तो दूर मनुष्य के प्रति भी जिनकी संवेदना न हो उन्हें सत्याग्रह का अधिकार नहीं है। योगी ने रविवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर जमकर कटाक्ष किया। योगी ने कहा कि गांधी जी ने अपने जीवन में सदैव सत्य, अहिंसा और अस्तेय को स्थान दिया था।

# निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहेन ने विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीते

**महिला मुक्केबाजी**

भाषा। नई दिल्ली





**शीर्ष** भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने रविवार को यहां दूसरा विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता जबकि लवलीना बोरगोहेन ने कांस्य का सिलसिला तोड़ते हुए पहली बार पीला तमगा अपने नाम किया। निकहत ने 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में वियतनाम की एनगुएन थि ताम पर 5-0 से जीत दर्ज कर लाइट फ्लाईवेट खिताब अपने नाम किया। वहीं दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना ने आस्ट्रेलिया की कैटलिन पारकर को 5-2 से मात दी।

इस जीत से निकहत महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम (छह बार की विश्व चैम्पियन) के बाद दो बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय बन गईं। निकहत ने पिछले साल 52 किग्रा वजन वर्ग में खिताब जीता था। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैं दूसरी बार विश्व चैम्पियन बनी,विशेषकर ओलंपिक वजन वर्ग में। दोनों एशियाई मुक्केबाजों के बीच दिन का शुरुआती मुकाबला रोमांचक रहा। निकहत ने कहा, आज का मुकाबला मेरे लिए कठिन था, वह एशियाई चैम्पियन है और मेरा अगला लक्ष्य एशियाई खेल हैं और मैं उससे भिड़ सकती हूं इसलिए मैं कड़ी मेहनत करूंगी। उन्होंने कहा, मुकाबले में उसे और मुझे चेतावनी और काउंट मिली। लेकिन मैं विजेता बनी।

निकहत अपने 52 किग्रा वजन वर्ग से कम वजन वर्ग में खेलीं, वह पहले थोड़ी सुस्त दिखी क्योंकि ताम ने पहले आक्रमण किया। लेकिन कुछ सेंकेंड बाद घरेलू प्रबल दावेदार ने हमले तेज कर दिए जिसके बाद उन्होंने दाईं ओर दो हुक और फिर सीधे मुक्का जड़ा। ताम को जकड़ने के लिए एक पेनल्टी अंक दिया गया जिससे पहला राउंड निकहत के पक्ष में हो गया। ताम ने दूसरे राउंड में मजबूत वापसी की और वह तेज मुक्के जड़ने लगी जिससे निकहत नीचे सिर करके खेलने को मजबूर हो गई जिससे उन्हें एक पेनल्टी अंक मिला। वियतनाम की मुक्केबाज ने दूसरा राउंड 3-2 से अपने नाम किया। अंतिम तीन मिनट में दोनों मुक्केबाजों ने एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश में आक्रमण किया। निकहत के ताकतवर दाएं हाथ के मुक्के से ताम गिर गई जिससे ताम को काउंट का सामना करना पड़ा और फिर ताम के मुक्के से भारतीय मुक्केबाज को काउंट मिला।

निकहत ने कहा, मेरे लिए इस वजन वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों के बाद यह बड़ा टूर्नामेंट है। राष्ट्रमंडल खेलों में इतनी प्रतिस्पर्धा नहीं होती। शनिवार को नीतू गंघास (48 किग्रा) और स्वीटी बूरा (81 किग्रा) विश्व चैम्पियन बनी थीं। मेजबान भारत स्वर्ण पदकों के मामले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करने की ओर बढ़ रहा है। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन देर शाम में फाइनल के लिए रिंग में उतरेंगी।

## षष्ठं कात्यायनी



**चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्यादेवी दानवघातिनी॥**

**नवरात्र** में छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इस देवी को नवरात्र में छठे दिन पूजा जाता है। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं। इनका गुण शोधकार्य है। इसीलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है।

## मनरेगा मजदूरी दरों में वृद्धि अधिसूचित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्र** ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम के तहत मजदूरी दरों में वृद्धि को अधिसूचित किया है। इसके तहत हरियाणा में सबसे अधिक मजदूरी 357 रुपए प्रति दिन और मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सबसे कम 221 रुपए है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 24 मार्च को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी दरों में बदलाव की अधिसूचना जारी की। अधिसूचना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 की धारा 6(1) के तहत जारी की गई, जिसमें कहा गया है कि केंद्र अधिसूचना द्वारा अपने लाभार्थियों के लिए मजदूरी दर निर्धारित कर सकता है। मजदूरी में वृद्धि सात रुपए से लेकर 26 रुपए तक की गई है। संशोधित दर एक अप्रैल से लागू होगी। पिछले वर्ष की दरों की तुलना में राजस्थान में मजदूरी में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई है। राजस्थान के लिए संशोधित मजदूरी 255 रुपए प्रति दिन है, जो 2022-23 में 231 रुपए थी।

# पुलिस साबरमती जेल से अतीक को लेकर प्रयागराज रवाना



पायनियर समाचार सेवा। अहमदाबाद, प्रयागराज

**उत्तर** प्रदेश पुलिस की एक टीम रविवार शाम को माफिया एवं नेता अतीक अहमद को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती केंद्रीय जेल से लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हुई। अतीक इस जेल में जून 2019 से बंद है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अतीक को एक अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा, जो 28 मार्च को एक अपहरण मामले में आदेश पारित करने वाली है, जिसमें वह आरोपी है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम सुबह साबरमती जेल पहुंची और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शाम करीब छह बजे एक पुलिस वैन में अहमद को लेकर निकल गई। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद अहमद जून 2019 से साबरमती जेल में बंद हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार, अतीक अहमद को उसके गृह राज्य (उत्तर प्रदेश) से साबरमती जेल स्थानांतरित कर दिया गया था। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने कहा कि प्रयागराज पुलिस की एक टीम को अतीक अहमद को लाने के लिए भेजा गया है, जिसे दी गई तारीख पर अदालत में पेश करना है। शर्मा ने कहा, प्रक्रिया के तहत, सभी अभियुक्तों को फैसले की तारीख पर अदालत के समक्ष पेश किया जाना है और फिर उन्हें संबंधित जेलों में वापस भेज दिया जाना है।

### मुझे उनकी मंशा पता है, वे मुझे मारना चाहते हैं: अतीक अहमद

**अहमदाबाद( भाषा )।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा प्रयागराज ले जाए जाने से पहले यहां साबरमती केंद्रीय जेल से बाहर निकलने के बाद माफिया अतीक अहमद ने रविवार को आशंका जताई कि उसकी हत्या की जा सकती है। अहमद ने जेल के बाहर संवाददाताओं से कहा, हत्या, हत्या। जब पत्रकारों ने पूछा कि उन्हें पुलिस वैन में ले जाया जा रहा है, तो उन्हें डर क्यों लग रहा है, अहमद ने कहा, मुझे इनका प्रोग्राम (कार्यक्रम) मालूम है... हत्या करना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद अहमद जून 2019 से साबरमती जेल में बंद हैं।

अहमद 2005 में तत्कालीन बसपा विधायक राजू पाल की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी है। उसके खिलाफ उमेश पाल की हत्या के मामले में हाल ही में मामला दर्ज किया गया था। उमेश पाल, राजू पाल की हत्या का मुख्य गवाह था। चौबीस फरवरी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# अंगदान से हिचके नहीं, यह ईश्वर का स्वरूप

**मन की बात**

### ● प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से की ज्यादा से ज्यादा अंगदान के लिए सामने आने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अंगदान को ईश्वर का स्वरूप करार देते हुए कहा कि आज देश में इस बारे में जागरूकता बढ़ रही है और पिछले 10 सालों में अंगदान करने वालों की संख्या में तीन गुनी वृद्धि हुई है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 99वीं कड़ी में पीएम मोदी ने देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अगदान के लिए सामने आने की अपील की। प्रधानमंत्री ने अंगदान करने वाली चंडीगढ़ की एक बिटिया अबाबत के माता-पिता सुखबीर सिंह संधू और सुप्रीत कौर तथा झारखंड के सराइकेला की स्नेहलता के पुत्र अभिजीत चौधरी से अंगदान के उनके अनुभवों के बारे में चर्चा की। अबाबत की कहानी सुनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सिर्फ 39 दिन की थी तभी वह यह दुनिया छोड़कर चली गई, लेकिन उसके माता-पिता ने बेटी के अंगदान का फैसला लिया। संधु और कौर के इस फैसले की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने उनसे कहा कि आपकी बेटी मानवता की अमर-गाथा की अमर यात्री बन गई है। अपने शरीर के अंश के जरिए वह आज भी उपस्थित है। उन्होंने कहा कि अंगदान के लिए सबसे बड़ा जज्बा यही होता है कि जाते-जाते भी किसी का भला हो जाए और किसी का जीवन बच जाए। उन्होंने कहा कि जो लोग अंगदान का इंतजार करते हैं, वह जानते हैं कि इंतजार का एक-एक पल गुजरना, कितना मुश्किल होता है और ऐसे में जब कोई अंगदान या देहदान करने वाला मिल जाता है, तो उसमें ईश्वर का स्वरूप ही नजर आता है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने 63 वर्ष की उम्र में अपना हृदय, किडनी और यकृत दान करने वाली स्नेहलता चौधरी के पुत्र से चर्चा की।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,527 | |
| निफ्टी | 17,000 | |
| सोना | 59,450 | /10g |
| चांदी | 70,500 | /kg |

## क्विक न्यूज

### देश में कोविड के 1890 मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस के 1890 नए मामले सामने आए है जो कि 149 दिन मे सबसे अधिक है। इसके बाद उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या बढ़कर 9433 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। देश मे पिछले साल अक्टूबर मे एक दिन मे 2208 मामले सामने आए थे। मंत्रालय ने बताया कि सात और संक्रमितो की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,30,831 हो गई है। इनमे से दो-दो मौते महाराष्ट्र और गुजरात मे 24 घंटे के दौरान हुई जबकि केरल ने पूर्व के रिकार्ड का मिलान करने के बाद तीन मरीजो की मौत की जानकारी दी। दैनिक संक्रमण दर 1.56% दर्ज की गई जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 1.29% है। कोविड-19 के कुल मामले 4.47 करोड़ (4,47,04,147) हो गए है। मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या कुल मामलों का 0.02 प्रतिशत है जबकि संक्रमण से उबरने की राष्ट्रीय दर 98.79% है।



प्रयागराज में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई।

# एलवीएम3 ने 36 उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया

भाषा। श्रीहरिकोटा

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एलवीएम3 रॉकेट के जरिए ब्रिटेन स्थित वनवेब समूह कंपनी के 36 उपग्रहों को उनकी निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित करके रविवार को एक और उपलब्धि हासिल कर ली। इसरो के 43.5 मीटर लंबे रॉकेट को 24.30 घंटे की उल्टी गिनती समाप्त होने के बाद चेन्नई से करीब 135 किलोमीटर दूर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में दूसरे लॉन्च पैड से रविवार सुबह नौ बजे प्रक्षेपित किया गया। ब्रिटेन की नेटवर्क एक्सेस एसोसिएट्स लिमिटेड (वनवेब ग्रुप कंपनी) ने पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में 72 उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के लिए इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ एक करार किया है। इस करार के तहत यह वनवेब के लिए दूसरा प्रक्षेपण था।

## भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे का शव फांसी के फंदे से लटकता पाया गया

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भोजपुरी** सिनेमा की मशहूर अदाकारा आकांक्षा दुबे रविवार को वाराणसी के सारनाथ क्षेत्र में स्थित एक होटल के कमरे में मृत पाई गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सारनाथ थाना क्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे में आकांक्षा (25) का शव पंखे पर दुपट्टे से लगाए गए फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। सारनाथ के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि सारनाथ के एक होटल के कमरे में अभिनेत्री आकांक्षा दुबे का शव मिला। अभिनेत्री के शव को सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि अभिनेत्री का परिवार महाराष्ट्र में रहता है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है और उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा। राय ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट प्राप्त नहीं हुआ है।



पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 27 मार्च 2023



# अब एक कॉल पर बीमार पशुधन के लिए उपलब्ध होंगे डॉक्टर

● मुख्यमंत्री योगी ने 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना पशुधन के क्षेत्र में नए युग का सूत्रपात है। उन्होंने कहा कि 520 मोबाइल वेटरनरी वैन आज से प्रदेश के सभी जनपदों में पशुपालकों के लिए उपलब्ध रहेंगी। हम लोग देखते थे कि कोई जानवर बीमार है तो उसे समय पर इलाज नहीं मिल पाता था। किसी गोवंश का एक्सिडेंट हो जाता था तो समय पर उसे डॉक्टर नहीं मिल पाते थे। इससे उन पशुओं का इलाज हो पाएगा। यह योजना वास्तव में उत्तर प्रदेश के पशुधन संरक्षण और संवर्धन के नए अध्याय की शुरुआत है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पिछले छह वर्ष में हमारी सरकार ने गोवंश के संरक्षण और संवर्धन में अनेक प्रयास किए हैं। अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन हो उनकी आमदनी बढ़े इसके लिए तो प्रयास हुए ही साथ ही साथ किसानों की फसलों को भी सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश के पशुधन विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए जिनकी लंबी श्रृंखला है।

सीएम योगी ने रविवार को भारत सरकार के सहयोग से शुरू हुई पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत 201 करोड़ रूपए की लागत से 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के साथ मिलकर पशुओं के नस्ल सुधार के एक बड़े अभियान को हम लोग आगे बढ़ा रहे हैं। निराश्रित गोवंश के संरक्षण के 6 हजार 600 से अधिक आश्रय स्थल प्रदेश में स्थापित किए गए हैं। प्रदेश के अंदर कुल 12 लाख गोवंश हैं। उनमें से 11 लाख के संरक्षण की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार उठा रही है जिसमें प्रति गोवंश सरकार नौ सौ रुपए दे रही है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार गोवंश संरक्षण के लिए तीन प्रकार की योजना चला रही है। पहली योजना के अंतर्गत निराश्रित गो आश्रय स्थलों में 10 लाख के आस.पास गोवंश को रखकर उनकी सेवा की जा रही है। दूसरा कार्यक्रम मुख्यमंत्री सहभागिता योजना है। इसके तहत कोई भी किसान अपने घर में चार गोवंश रख सकता है। सरकार उसे नौ सौ रुपए प्रति गोवंश हर माह डीबीटी के माध्यम से दे रही है। तीसरी योजना के तहत कुपोषित परिवारों को हम गोवंश उपलब्ध करा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि आजादी के बाद किसी ने सोचा नहीं होगा कि यहां के पशुपालकों द्वारा उत्पादित होने वाले दुग्ध को वैश्विक बाजार में स्थान क्यों नहीं मिल पा रहा है। उसका कारण था बीमार पशुओं के दुग्ध के नमूने फेल हो जाते थे। यह पहली बार हुआ है जब खुरपका और मुंहपका जैसी बीमारी को समाप्त करके मूक जीवों को संरक्षण देने कार्य किया जा रहा है। अपने पशुपालकों के उत्पादों को वैश्विक बाजार में उपलब्ध कराकर उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोबरधन योजना किसानों की अतिरिक्त आमदनी का स्रोत बना है। गाय के गोबर से आज पेंट बन रहा है। इसको बढ़ाने के लिए राज्य सरकार नए कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के गंगा के तटवर्ती 27 जनपदों में हम गो आधारित प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके तहत हम सवा लाख हेक्टेयर भूमि में खेती की कार्रवाई को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि इसमें बढ़ोतरी हो इसके लिए हमने बुंदेलखंड के सातों जनपदों को इसमें जोड़ा है। एक देसी नस्ल की गाय एक वर्ष में तीस एकड़ खेती को विषमुक्त बना सकती है। यह कार्यक्रम भी प्रदेश में युद्ध स्तर पर प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश में ईज ऑफ लिविंग का स्तर बढ़ा है। वहीं दूसरी तरफ ईज ऑफडूइंग बिजनेस में भी उत्तर प्रदेश ने लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश निवेश का बेहतर गंतव्य बनकर उभरा है जो प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बना है।

## तेजी से बढ़ रहे लंपी वायरस को यूपी में योगी सरकार ने रोकाः पुरुषोत्तम रूपाला

केंद्रीय पशुधन, मत्स्य एवं डेयरी मंत्रालय के मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा कि पशुओं के स्वास्थ्य के लिए शुरू की गई मोबाइल वेटरनरी यूनिट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने कहा कि हमारा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस दौरान देश ने कई मानक स्थापित किए हैं। इस बीच अबोध पशुओं की वेदना को सुनना अपने आप में बहुत अहम है। यह योजना पशुओं की वेदना को समझने और दूर करने के लिए है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ऐसा राज्य है जहां सभी जनपदों में अगर कोई योजना लागू हो जाती है तो ऐसा प्रतीत होता है कि पूरे देश में लागू हो गई है। दुग्ध उत्पादन में उत्तर प्रदेश नंबर वन है इसलिए भारत दुनिया में दुग्ध उत्पादन में नंबर एक पर है। केन्द्रीय मंत्री ने प्रदेश के पशुपालकों को बधाई देते हुए कहा कि आपके परिश्रम से भारत का मान दुनिया में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि लंपी स्किन डिजीज को नियंत्रित करने में यूपी ने जिस तरह से काम किया है उससे देश के अन्य राज्यों को प्रेरणा मिलती है। पूरे देश में तेजी से बढ़ रहे लंपी वायरस को यूपी में योगी सरकार ने रोककर दिखाया और विजय हासिल की। प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि पशु उपचार, पशुपालक के द्वार योजना भारत सरकार के सहयोग से संचालित हो रही है। सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही इस योजना में पशुपालकों से केवल उनके पशुओं के पंजीकरण का शुल्क लिया जाएगा। टोल फ्री नंबर पर कॉल के एक घंटे के अंदर ही मोबाइल वेटरनरी यूनिट पशुपालक के द्वार पर होगी। योजना के लिए प्रदेश को पांच जोन लखनऊ, वाराणसी, गोरखगुर, आगरा और मेरठ में बांटा गया है जिन्हें पांच ऑपरेटर संचालित करेंगे। जनपदों में सभी मोबाइल वेटरनरी यूनिट हाइब्रिड मॉडल पर संचालित होंगी जो देश में अपने तरह का अनूठा मॉडल है। जनपद में 50 प्रतिशत वाहन निर्धारित रूट पर चलेंगे जबकि 50 प्रतिशत वाहन इमरजेंसी सेवाओं के लिए टोल फ्री नंबर 1962 के माध्यम से संचालित होंगे। इमरजेंसी सेवाएं प्रातः 10 बजे से आठ बजे तक संचालित होंगी। वहीं निर्धारित रूट पर संचालित होने वाली वैन प्रातः आठ बजे से दोपहर दो बजे तक कार्य करेंगी। निदेशालय में स्थापित एकीकृत कंट्रोल एवं कमांड सेंटर द्वारा सभी मोबाइल वेटरनरी यूनिट की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी।

# 15 आईपीएस को मिली नई जिम्मेदारी

● अखिलेश कुमार आजमगढ़ व जे रविंदर गौड़ बने गोरखपुर के आईजी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी पुलिस** में पिछले दिनों हुई डीपीसी के बाद डीआईजी से बने आईजी बने आईपीएस समेत 15 लोगों का रविवार को तबादला कर दिया गया। इसमें आजमगढ़ के डीआईजी अखिलेश कुमार आजमगढ़ में ही आईजी बनाया गया है। गोरखपुर के डीआईजी जे रविंदर गौड़ को गोरखपुर और बस्ती के डीआईजी राम कृष्ण भारद्वाज को बस्ती के आईजी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि 2005 बैच के ही डीआईजी से आईजी बने सुभाष चंद्र दुबे को आईजी यातायात एवं सड़क सुरक्षा बनाया गया है।

लखनऊ के डीसीपी पश्चिम एस चन्नपा को वाराणसी का अपर पुलिस आयुक्त बनाया है। गाजियाबाद के डीसीपी दिनेश कुमार पी को पद्दोन्नति के बाद गाजियाबाद में ही अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है। आगरा के डीसीपी केशव कुमार चौधरी को वहीं अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक एन रविंदर को अपर पुलिस महानिदेशक यूपी पुलिस मुख्यालय और आईपीएस अमित चंद्रा को अपर पुलिस महानिदेशक पीटीसी मुरादाबाद बनाया गया है। अमित केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने वाले रवि जोसेफ लोक्कू के कार्यमुक्त के बाद चार्ज संभालेंगे। वहीं कानपुर पीएसी से रामलाल वर्मा को पुलिस महानिरीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ और अयोध्या पीएसी के डीआईजी अनिल कुमार को प्रयागराज पूर्वी जोन पीएसी का आईजी बनाया गया है। आईपीएस बबलू कुमार को पुलिस उप महानिरीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन और ब्रजेश कुमार मिश्र को पीटीएस सुलतानपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। साथ ही पीएसी बरेली में तैनात आशुतोष शुक्ल को पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद बनाया गया है। अनीस अहमद अंसारी को पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय के पद पर तैनात किया गया है।

# सपा के जनता पर किए जुल्म किसी से छिपे नहीं हैंः भूपेंद्र चौधरी

● अखिलेश सारस की आड़ में आरिफ के नाम पर राजनीति कर रहे हैंः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पशु-पक्षियों से प्रेम प्रदेश की जनता से छिपा नहीं है। गाय और सारस का अंतर सपा प्रमुख को समझना होगा। चिड़ियाघर में सारस को कैद नहीं किया गया बल्कि संरक्षित किया गया है। सपा प्रमुख सारस की आड़ में आरिफ के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता पर किए जुल्म किसी से छिपे नहीं हैं। योगीराज में आम और खास का फर्क मिटा दिया गया तो सपा प्रमुख को परेशानी हो रही है। योगी आदित्यनाथ सभी 75 जनपदों में जाकर विकास करते हैं तो सपा प्रमुख को नहीं दिखता लेकिन बतौर सीएम खुद नोएडा नहीं जाते थे तो भेदभाव कौन करता है। यह जनता को पता है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा प्रमुख ने कांग्रेस को पहले भी साइकिल पर बिठाया था जिसे जनता ने पंचर कर दिया। कांग्रेस-सपा, सपा-बसपा मिलकर भी भाजपा के खिलाफ चुनाव में साथ खड़े हुए पर जनता ने उन्हें नकार दिया। जनता उन्हें पहले भी हरा चुकी है आगे भी हराएगी ही। यह लोग गठबंधन भी सिर्फलाभ देखकर ही करते हैं। जबकि भाजपा सरकार में किया गया विकास ही 25 करोड़ यूपी वालों का विश्वास है। भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास किया। सपा प्रमुख के मन में विकास नहींए सत्ता की लोलुपता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जाकी रही भावना जैसी सपा प्रमुख को छह साल में खुशहाल यूपी नहीं दिखता। उन्हें पक्षी नहीं, पक्षी की आड़ में राजनीति की चिंता है। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल की बदहाली पर चर्चा नहीं करते। अपने कार्यकाल में पैदा हुए माफिया की बात नहीं करते। उन्हें अपने राज में हुए उपद्रव से चिढ़ नहीं हैए लेकिन भाजपा राज में दीपोत्सवए रंगोत्सव व देव दीवाली के प्रति आस्था और जुड़ता जनमानस उनसे देखते नहीं बन रहा है। नित्य महोत्सवए सुमंगल की भूमि बन चुकी उत्तर प्रदेश की संस्कृति भी अच्छी नहीं लग रही है। उन्हें काशी विश्वनाथ, दिव्य कुंभ और देश के महापुरुषों का सम्मान नहीं दिखता। जनता-जनार्दन ने जिन्हें खारिज कर दिया। उन्हें यहां की उत्सवधर्मिता भी समझ में नहीं आ रही। हमने संकल्पों को सिद्धि में बदला है और आगे भी बदलते रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा प्रमुख के लिए एक क्षेत्र विशेष ही सब कुछ है लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए पूरा प्रदेश ही परिवार है। सपा प्रमुख बिल्डिंग की बात करते हैं पर योगी सरकार के रोग नियंत्रित करने की सफलता नहीं पच रही है। इंसेफेलाइटिस के कहर से आए दिन पूर्वी उत्तर प्रदेश के बच्चे काल के गाल में समा रहे थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तब कहां थे उन्हें मां के आंसू नहीं दिखते थे। इंसेफेलाइटिस से मरने वाले बच्चे इनकी प्राथमिकता में नहीं थे।

इंसेफेलाइटिस पर होने वाली मौतों पर योगी सरकार के कुशल मार्गदर्शन में 96 प्रतिशत तक नियंत्रण आया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार ने 2017 से अब तक दो लाख दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का गन्ना भुगतान किया। जबकि 5 वर्ष 2012-17 में महज 95 हजार 215 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। उन्होंने जो विरासत हमें दी है उसमें यह सुधार उन्हें नहीं दिख रहा। यह सुधार योगी सरकार में बढ़ता ही जाएगा। हमने वीआईपी जिले का कल्चर समाप्त कर समान बिजली दीए समान रूप से युवाओं को रोजगार.नौकरी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने हर हाथ को काम और काम को पूरा दाम दिया। यह निरंतरता बनी है और 35 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव जमीनी धरातल पर उतरते ही यहां के युवाओं को उड़ान मिलेगी जो उन्हें पच नहीं रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में भाजपा सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं।

# बीजेपी के भ्रष्टाचार को जनता के बीच लेकर जायेंगेः संजय सिंह



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आप) के यूपी प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सांसद सिंह ने कहा कि बीजेपी द्वारा फैलाए गए भ्रष्टाचार को जनता के बीच लेकर जायेंगे और इसके लिए अगर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों को मंत्रियों को कार्यकर्ताओं को जेल भी जाना पड़े तो जाएंगे। संजय सिंह ने यह बात रविवार को चारबाग स्थित रविंद्रालय प्रेक्षा ग्रह में आम आदमी पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रादेशिक सम्मेलन में कही। इस सम्मेलन की अगुवाई आप व्यापार प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉक्टर छवि यादव ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में आप उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह उपस्थित रहे। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश के करोड़ों व्यापारियों की जीएसटी एक बड़ी समस्या है, व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए आम आदमी पार्टी हमेशा से संघर्ष करती आई है, सरकार ने जीएसटी का कानून लगा दिया और निराधार जांच में व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिस प्रकार छोटे छोटे व्यापारियों की पर सरकार एक्शन ले रही है क्या प्रधानमंत्री मोदी अपने परम मित्र पूंजीपति अडानी की जांच करवाएंगे जिसके ऊपर लाखों करोड़ का घोटाला साबित हो चुका है और इस भ्रष्टाचार से देश कलंकित हो रहा है। संजय सिंह ने कहा कि अडानी के भाई ने मॉरीशस में एक ही पते पर छह कंपनियां बनाई और इन कंपनियों में क्या काम होता है या आज तक स्पष्ट नहीं हुआ इनमें कितने कर्मचारी हैं यह भी स्पष्ट नहीं है इसके बावजूद 42000 करोड रुपए का घोटाला एक ही व्यक्ति के नाम पर एक ही पते पर छह कंपनियों के माध्यम से किया गया तो मैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछना चाहता हूं कि यह पैसा आतंकवादियों का है या बीजेपी के नेताओं का है या पूंजीपतियों का है या यह पैसा आपका है आखिर यह पैसा किसका है।

सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक नारा दिया था कि 'बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार' फिर जब सरकार सत्ता में आ गई उसके बाद भी प्रधानमंत्री ने किसी भी वस्तु का दाम कम नहीं किया बल्कि आटा, दूध, दही, छाछ, मैदा और विशेषकर जीवन रक्षक दवाइयों पर लगातार दाम बढ़ा दिए जिससे देश की जनता में त्राहि-त्राहि मच गई, संजय सिंह ने कहा कि जिस तालिबान ने अडानी के पोर्ट पर 20000 करोड़ का ड्रग्स भेजा उस तालिबान को प्रधानमंत्री मोदी 20000 टन गेहूं भेज रहे हैं आखिर यह रिश्ता क्या कहलाता हैघ् खुद इस बात का जवाब प्रधानमंत्री मोदी अपने भक्तों को नहीं दे पा रहे हैं कि तालिबान से उन्हें कैसा प्रेम है। संजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने आकाश से लेकर पाताल तक सारे संसाधन अडानी को सौंप दिए हैं। जिधर भी नज़र डालो सब कुछ गौतम अडानी का है चाहे वह जहाज हो, पोर्ट हो, पानी हो, बिजली हो, कोयला हो, कपड़ा हो, भारतीय रेलवे हो, हवाई अड्डे हो जहां तक भी हम सोच सकते हैं सब कुछ प्रधानमंत्री मोदी ने अपने परम मित्र को दे दिया है, संजय सिंह ने कहा कि एक साधारण व्यक्ति को ढाई लाख तक कर्जा जल्दी नहीं मिल पाता और प्रधानमंत्री मोदी की मेहरबानी से गौतम अडानी को ढाई लाख करोड़ का कर्जा दे दिया गया उस पर भी 86000 करोड रुपए का कर्जा माफ भी कर दिया गया।

# भाजपा का मुकाबला कर रहे क्षेत्रीय दलों का राष्ट्रीय पार्टियां सहयोग करेंः अखिलेश



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में विपक्ष को एकजुट करने की मुहिम में शामिल सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय दलों को प्रदेश में भाजपा का मजबूती से मुकाबला कर रहे क्षेत्रीय दलों का सहयोग करना चाहिए। यादव ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर अपने झूठे आंकड़ों को सही साबित करने के लिए एक विदेशी कंपनी को कथित तौर पर 200 करोड़ रुपए देने का आरोप भी लगाया। सपा मुखिया अखिलेश ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने के खिलाफ उनकी पार्टी द्वारा पूरे देश में सत्याग्रह किए जाने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा कि मैं बधाई देना चाहता हूं कि वह सत्याग्रह और रफ्तार से मनाएं। उन्होंने एक अन्य सवाल पर राष्ट्रीय दलों को संदेश देते हुए कहा, कि सवाल राहुल के साथ सहानुभूति का नहीं बल्कि इस बात का है कि देश का लोकतंत्र और संविधान बचेगा कि नहीं। हम किसी दल को सहानुभूति नहीं दे सकते, लेकिन यह कह सकते हैं कि प्रदेश में जो मजबूती से भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं उन दलों का सहयोग और मदद उन राष्ट्रीय दलों को करना चाहिए।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि उन राष्ट्रीय दलों को यह भूल जाना चाहिए कि क्षेत्रीय दल उनका कोई नुकसान कर रहे हैं। अगर कभी क्षेत्रीय दलों का नुकसान हुआ है तो दिल्ली की सरकारों ने हमेशा उनका नुकसान किया है। उन्होंने कहा कि आज सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग क्षेत्रीय दलों को निशाना बना रहे हैं। चाहे नेताजी (मुलायम सिंह यादव) हों, (राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख)लालू प्रसाद यादव जी हों, (तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे.) जयललिता रही हों, चाहे आज (तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एके) स्टालिन हों, केसीआर (के चंद्रशेखर राव) हों, चाहे दिल्ली की आम आदमी पार्टी हो। इसलिए राष्ट्रीय पार्टियों के लिए क्षेत्रीय पार्टियां खतरा नहीं है बल्कि स्थिति यह आ गई है कि क्षेत्रीय पार्टियां राष्ट्रीय पार्टियों का मुकाबला करेंगी।

उन्होंने एक अन्य सवाल पर कहा कि गठबंधन बनाना हमारा काम नहीं है। गठबंधन के साथ सहयोग करना हमारा काम है। हमारी प्राथमिकता है कि भाजपा हारे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जो दल हमारे साथ गठबंधन में हैं, हम उन्हें साथ लेकर चलेंगे और राष्ट्रीय दल जो भाजपा से लड़ना चाहते हैं और उन्हें यह लगता है कि फलां दल मजबूत है और यह भाजपा का मुकाबला कर सकता है तो उसे उसकी मदद करनी चाहिए। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि जब (बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड नेता) नीतीश कुमार कई दलों के नेताओं से मिले थे तो उन्होंने यही कहा था कि जो दल क्षेत्र में मजबूत हैं, उसे आगे आकर भाजपा से मुकाबला करना चाहिए और उसी के नेतृत्व में आगे बढ़ना चाहिए। बसपा को भी साथ लेने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर सपा अध्यक्ष ने कहा कि जिन दलों के साथ अनुभव हो चुका है उनको जल्दी नहीं लेंगे।

यादव ने एक अन्य सवाल पर कहा कि अब सरकार के खिलाफ आंदोलन करने के लिए कोई जेपी (जयप्रकाश नारायण) होगा या नहीं होगा यह तो नहीं पता लेकिन आंदोलन और जो संघर्ष का रास्ता जेपी ने दिखायाअ मैं समझता हूं उस दिशा में जनता मदद करेगी। यादव ने एक सवाल पर कहा कि भाजपा कोई दल नहीं है बल्कि न जाने कैसा संगठन है। सवाल यह नहीं है कि सांप्रदायिक कौन है। हमारे देश का पढ़ा-लिखा और जागरूक वर्ग अगर सांप्रदायिक हो जाए और वह झूठ को सच मानने लगे तो उससे बड़ा खतरा समाज और लोकतंत्र को कोई नहीं हो सकता। आज हम उस स्थिति में पहुंच गए हैं। सपा आगामी पांच जून तक प्रदेश के हर लोकसभा क्षेत्र में प्रत्एक बूथ पर अपना संगठन तैयार कर लेगी और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का मजबूती से मुकाबला करेगी। सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने इस अवसर पर कहा कि हाल ही में कोलकाता में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 में से कम से कम 40 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# स्किल्ड भी हो रहीं प्रदेश की बेटियां

● बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए प्रदेश में दी जा रही है सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग



**लखनऊ।** पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया। भारत में शिक्षा के प्रचार और प्रसार के साथ देश की तरक्की को जोड़ने वाला यह स्लोगन आपको टीवी, अखबार और विज्ञापनों में खूब देखने को मिलता होगा। भले ही यह स्लोगन देखने में हर किसी के लिए शिक्षा की पहुंच पर जोर देता हो लेकिन भारत जैसे देश में बेटियों की स्थिति को देखते हुए इस स्लोगन के पीछे बेटियों के लिए अनिवार्य शिक्षा का महत्वपूर्ण संदेश छुपा हुआ है। पीएम मोदी भी कई मंचों से बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ का नारा दे चुके हैं। सार ये है कि बिना बेटियों को शिक्षा प्रदान किए एक सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। इस दिशा में उत्तर प्रदेश ने काफी काम किया है। यहां न सिर्फ शहरों, गांवों और कस्बों तक बेटियों के लिए जरूरी शिक्षा का अभियान चलाया गया है बल्कि प्रदेश की बेटियों को व्यावसायिक शिक्षा से भी जोड़ने की पहल की गई है। यही नहीं, बेटियों को केंद्र में रखकर मिशन शक्ति भी चलाया जा रहा है जबकि योगी सरकार बेटियों को सेल्फ डिफेंस के लिए भी प्रेरित कर रही है। बेटियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रदेश में अलग से कस्तूबरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का भी संचालन किया जा रहा है। कुल मिलाकर प्रदेश में आधी आबादी के उन्मूलन और उन्हें शिक्षित करने को लेकर योगी सरकार सजग भी और संकल्पित भी। हाल ही में गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा था कि उत्तर प्रदेश की संवेदनशील सरकार सबका संबल बन रही है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान सरकार की इसी संवेदनशीलता के प्रयास हैं। यह सरकार की संवेदनशीलता का ही नतीजा है कि प्रदेश में बेटियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट जैसे उपकरणों से सुशोभित किया जा रहा है। बेटियों के लिए सरकारी स्कूलों में कॉमन रूम और अलग से शौचालय की व्यवस्था की गई है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम विक्रांत सिंह से बदलकर विक्रांत सिंह कुशवाहा पुत्र भानु प्रताप सिंह, पता–मकान नं0 302 समंजलि अपार्टमेंट 3A/125 आजाद नगर, कानपुर भविष्य के लिये कर लिया है।

# नेस्तनाबूत होंगे नशे के सौदागर, 6 जिलों में बनाई जा रही 'फॉरेंसिक लैब'

● एएनटीएफ ने 6 माह में 16.68 करोड़ के मादक पदार्थ किए जब्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अवैध नशे** के सौदागरों के खिलाफ योगी सरकार की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। नार्को नेक्सस की कमर तोड़ने के लिए योगी सरकार अब एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को और अधिक ताकतवर बनाने जा रही है। इस संबंध में विभाग की ओर से शासन को कुछ प्रस्ताव भी भेजे गये हैं। यहां से हरी झंडी मिलते ही एएनटीएफ का एक ओर जहां विस्तार होगा वहीं अवैध नशे के सौदागरों पर कार्रवाई और तेज हो जाएगी। योगी सरकार की ओर से अवैध नशे के सौदागरों को जल्द से जल्द और सख्त सजा दिलाने के लिए प्रदेश के छह जिलों में नई फॉरेंसिक लैब का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। इसके साथ ही विभाग द्वारा कार्रवाई के दौरान कोई अनहोनी ना घटे और पुरस्कृत करने के लिए जोखिम भत्ता देने पर विचार विमर्श किया जा रहा है।

मादक पदार्थों का अवैध धंधा करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए प्रदेश के छह जिलों में अत्याधुनिक फॉरेंसिक लैब बनाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। यह नई लैब सहारनपुर, अयोध्या, बांदा, बस्ती, मीरजापुर और आजमगढ़ में बनाई जा रही है। ऐसे में प्रदेश में कुल 18 फॉरेंसिक लैब हो जाएंगी। मालूम हो कि वर्तमान में 12 लैब विभिन्न जिलों में क्रियाशील हैं। एएनटीएफ डीआईजी ने बताया कि अभी तक फॉरेंसिक लैब तक पकड़े गये मादक पदार्थों की जांच भेजने के लिए काफी समय लगता है। वहीं इन सैंपल की जांच रिपोर्ट आने में 15 दिन से अधिक का समय लगता है। उन्होंने बताया कि नई फॉरेंसिक लैब के संचालन से मादक पदार्थों की जांच को पहुंचाने में कम समय लगेगा। साथ ही इन सैंपल की जांच रिपोर्ट एक हफ्ते के अंदर मिल जाएगी जिससे कोर्ट में प्रभावी पैरवी से नशे के सौदागरों को सलाखों के पीछे भेजने में मदद मिलेगी। यूपी पुलिस मुख्यालय के एडीजी की ओर से शासन को यूपी में अधिकारियों और पुलिस कर्मियों की तरह एएनटीएफ को भी जोखिम भत्ता देने के लिए प्रस्ताव दिया थाए जिस पर शासन स्तर पर विचार विमर्श चल रहा है। इसी तरह एएनटीएफ के संचालित थानों क्रमशः मेरठ, बाराबंकी, गोरखपुर, गाजीपुर, झांसी और सहारनपुर के अधिकार क्षेत्र के बंटवारे को लेकर पर शासन स्तर पर मंथन चल रहा है। जल्द ही इस पर भी मुहर लग सकती है। इसके अलावा एएनटीएफ को आधुनिक उपकरण की खरीद के लिए 37.25 लाख की धनराशि जल्द ही जारी की जाएगी।

मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध नशे के सौदागरों की कमर तोड़ने के लिए अगस्त 2022 में एएनटीएफ के गठन की घोषणा की थीए जिसके बाद एएनटीएफने तोबड़तोड़ कार्रवाई की। पिछले छह माह में कुल 16 कार्रवाई प्रदेश के 11 जिलों में की गई। एएनटीएफ डीआईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि विभिन्न जिलों से अब तक करीब दस किलो अवैध स्मैक, 21.02 किलो अवैध अफीम, 7.1 किलो अवैध चरस, 966.498 किलो गांजा को जब्त किया है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 16.68 करोड़ है। इन कार्रवाई के दौरान टीम ने अपराधियों के पास से 13 वाहन, 1 अवैध पिस्टल .32 बोर, 9 जिंदा कारतूस बरामद करते हुए 36 अवैध नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया है। इन कार्रवाइयों को देखते हुए शासन की ओर से एएनटीएफ को और सशक्त बनाने पर कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# सीबीडी की तर्ज पर विकसित होगा कपूरथला बाजार, बनेगी पार्किंग

● लीज प्लान का परीक्षण करके पार्किंग से हटाये जाएंगे अवैध कब्जे व अतिक्रमण

● एलडीए उपाध्यक्ष ने मार्केट का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिये कार्यवाही के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** के प्रमुख कॉमर्शियल हब में से एक कपूरथला बाजार को सीबीडी (सेन्ट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट) की तर्ज पर पुनर्विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत मल्टीलेवल पार्किंग व पिंक टॉयलेट आदि का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही फुटपाथ से अवैध कब्जों को हटाकर पैदल यात्रियों के लिए बैरियर फ्री पेवमेंट तैयार कराया जाएगा। चारबाग में फुट ओरवर ब्रिज पर लिफ्ट लगाने का निर्देश दिया गया है।

रविवार को एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कपूरथला मार्केट का निरीक्षण करके व्यापारियों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को इस सम्बंध में कार्रवाई के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान स्थानीय व्यापारियों द्वारा मुख्यत पार्किंग, अवैध कब्जों व महिलाओं के लिए टॉयलेट न होने की समस्या का उल्लेख किया गया। इस पर उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्किंग एरिया से हर प्रकार के अवैध अतिक्रमण व कब्जों को तुरंत हटाया जाए। इसके साथ ही मार्केट के लीज प्लान का परीक्षण करके अवैध कब्जेदारों को चिन्हित किया जाए और सम्बंधित के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए जगह खाली करायी जाए। उन्होंने प्रवर्तन के अधिकारियों को मार्केट के आसपास हो रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ नोटिस जारी करके नियमानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने अभियंताओं को निर्देशित किया कि मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग व पिंक टॉयलेट बनाने के लिए स्थान चिन्हित किया जाए। इसके लिए मार्केट के पीछे स्थित पार्क में अंडरग्राउंड पार्किंग विकसित किये जाने के विकल्प का भी परीक्षण करा लिया जाए। इसके अलावा उन्होंने फुटपाथ से अवैध कब्जों व अतिक्रमण को हटाकर पैदल यात्रियों के लिए बैरियर फ्री पेवमेंट विकसित करने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने कहा कि कपूरथला में ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए वन.वे ट्रैफिक एवं टाइम बेस्ड वेन्डिंग के विकल्पों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। आर्किटेक्ट रजनीश अग्रवाल को स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक करके कपूरथला बाजार को सीबीडी की तर्ज पर विकसित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। अधिशासी अभियंता नवनीत शर्मा, सहायक अभियंता प्रवीण कुमार, सहायक अभियंता अनिल कुमार, अवर अभियंता जाकिर अली व आर्किटेक्ट रजनीश अग्रवाल समेत व्यापार मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### चारबाग फुटओवर ब्रिज पर लगेगी लिफ्टें

चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने बने फुटओवर ब्रिज पर यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्टें लगायी जाएंगी। एलडीए उपाध्यक्ष ने रविवार को वहां निरीक्षण करके सहायक अभियंता केबी गुप्ता को इस सम्बंध में निर्देश दिये हैं। उपाध्यक्ष ने बताया कि फुटओवर ब्रिज पर ऊपर चढ़ने के लिए यात्रियों को रैम्प अथवा सीढ़ियों के रास्ते जाना पड़ता है। इसके चलते लोग फुट ओवर ब्रिज का प्रयोग न करके ट्रैफिक के बीच सड़क पार करते हैं, जिससे हादसों का भी जोखिम रहता है। इसके तहत फुटओवर ब्रिज के तीनों इंट्री.एक्जिट प्वाइंट्स पर लिफ्ट लगाने के निर्देश दिये गये हैंए जिसके लिए कंसल्टेंट के माध्यम से तीनों जगहों का परीक्षण कराया जाएगा। इसके अलावा फुटओवर ब्रिज के स्ट्रक्चर का राइट्स एजेंसी के माध्यम से थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाएगा।

### बटलर पार्क में बनेगा ओपन जिम

एलडीए उपाध्यक्ष ने रविवार को बटलर पैलेस पार्क का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्क में औद्यानिकीकरण का आकर्षक कार्य कराया जाए। इसके अलावा बच्चों के खेलकूद के लिए झूले लगाने के साथ व्यवस्कों के लिए ओपन जिम बनाया जाए।



नवरात्रि के अवसर पर शास्त्री नगर दुर्गा मन्दिर में भक्तों की लगी भीड़।

# गोमती से निकाला सात कुंतल कचरा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गोमती** सफाई पर स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। रविवार को पर्यावरण आंदोलन सेना द्वारा 7 कुंतल कचरा निकाला गया। कचरा निकालने के बाद गोमती की आरती की गयी। आंदोलन सेना के संयोजक द्वारा गोमती की सफाई मशीनों से कराने की मांग की गयी है। रविवार को स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना लखनऊ ने गोमती नदी सफ़ाई अभियान के लगातार 250 साप्ताहिक रविवार पूर्ण किए। स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना लखनऊ के लिए गोमती नदी सफाई को लेकर आज का रविवार ऐतिहासिक रहा। गोमती नदी की तलहटी से सुबह लगभग 7 कुंतल कचरा निकालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गोमती नदी में गिरने वाले समस्त नालों को बंद करवाने और तलहटी की सफाई मशीनों द्वारा कराने की मांग की। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में विष्णु तिवारी, दिनेश पाण्डेय, कृपा शंकर वर्मा, सुनील पटेल, सरिता जैसवाल, शांती देवी, रूचि जैन, निशा, प्रहलाद सिंह रमेश जोशी, अनुग्रह, मनोज सिंह, भुवन पांडे, जितेंद्र शर्मा, आनंद वर्मा, रिंकू सिंह, संजय वर्मा, कुलदीप वर्मा सहित लगभग 4 दर्जन स्वयं सेवकों ने गोमती नदी की स्वच्छता का कार्य सुबह 5 : 30 बजे हनुमान सेतु के निकट झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर आरंभ कर दिया था। लगभग 2घण्टे तक चलने वाले गोमती नदी सफाई अभियान में कुंटलों सड़े गले कपड़े, कुंटलो पालीथीन बैग, बड़ी मात्रा में ठोस अपशिष्ट पदार्थ और सैकड़ों मूर्तियों को निकाल कर सभी ने आदि गंगा गोमती मां की विधिवत मंगला आरती की।

# पति के शव को रिक्शा ट्राली पर लाद कर ले जाने को हुई मजबूर

**मोहनलालगंज।** जख्मी पति को रिक्शा ट्राली पर लादकर सीएचसी पहुंची पत्नी की तमाम कोशिशें भी पति की उखड़ती सांसों को वापस नही ला सकीं। बदहवाश पत्नी सीएचसी में बिलखती रही लेकिन सरकारी सिस्टम नही पसीजा। उसे पति के शव को वापस गांव ले जाने तक के लिए भी मदद नही मिल सकी। बाद में कुछ लोगों ने चन्दा लगाकर किराए की गाड़ी से शव को गांव ले जाने में मदद की।

सीतापुर में महमूदाबाद के मोहद्दीपुर तकिया निवासी बुजुर्ग पिण्टू अपनी पत्नी अनीसा के साथ परिवार का पेट पालने के लिए कबाड़ बीनकर खानाबदोश की जिन्दगी गुजार रहे थे। इन दिनों पिण्टू और अनीसा मोहनलालगंज के शंकरबक्श खेड़ा गांव की एक बाग में गुजर.बसर कर रहे थे। तीन दिन पूर्व पिण्टू अचानक गिरकर जख्मी हो गए। पाई.पाई जुटाकर अनीसा पिण्टू की दवा लेकर आई लेकिन हालत में सुधार नही हो सका। शनिवार को हालत बिगड़ी तो अनीसा रिक्शा ट्राली पर लादकर पति पिण्टू को मोहनलालगंज सीएचसी लेकर पहुंची। लेकिन तब तक सांसों की डोर टूट चुकी थी। डाक्टर ने पिण्टू को मृत घोषित कर दिया। बदहवाश अनीसा बिलखती रही लेकिन सरकारी सिस्टम मदद के लिए आगे नही आ सका। यहां तक कि उसे रिक्शा ट्राली में ही पति का शव लादकर वापस लौटना पड़ा। रविवार को इस घटनाक्रम का वायरल वीडियो देखकर लोगों की आंखें भर आईं। लोगों ने सरकारी सिस्टम की संवेदनहीनता पर तमाम सवाल खड़े किए। हालांकि सीएचसी अधीक्षक डॉ0 अशोक कुमार ने बताया अनीसा अपने पति को लेकर सीएचसी नही आई थी। रास्ते में ही उसके पति ने दम तोड़ दिया। जहां से वह वापस लौट गई।

### सरकारी दावे खोखले, दम तोड़ गई संवेदना......

मोहनलालगंज के शंकरबक्श खेड़ा से लेकर सीएचसी तक बेबस अनीसा रिक्शा ट्राली पर पति को लादकर ले गई और फिर उसके शव को लेकर वापस आई। लेकिन कोई भी उसकी मदद के लिए आगे नही आया। बिलखती अनीसा की आंखों से छलकते आंसुओं के साथ सरकारी योजनाओं के खोखले दावे भी बह गए।

### परिचितों ने चन्दा जुटाकर की मदद.....

रिक्शा ट्राली पर शव लेकर वापस लौटी अनीसा की बेबसी देखकर कुछ दूर के रिश्तेदार और परिचितों ने चन्दा लगाकर तीन हजार रुपये जमा किए। तब जाकर किराए की गाड़ी से उसके पति पिण्टू के शव को अन्तिम क्रिया के लिए गांव भेजा जा सका।

# एनसीसी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के छठे दिन रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें फिलॉस्फी डिपार्टमेंट के आस.पास सफाई किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक कार्यक्रम अधिकारी डॉ ममता सिंह के साथ आचार्य नरेंद्र देव हॉस्टल की तरफ़ बने कर्मचारियों के आवास के सामने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने हेतु गए। वहां दो तरह के नुक्कड़ नाटको का प्रस्तुतिकरण किया गया। जिनमें एक जनसंख्या नियंत्रण और दूसरा नशा मुक्त भारत पर आधारित था। नाटकों का प्रस्तुतिकरण करने के पश्चात कर्मचारियों के परिवारों से बातचीत की गई और उन सभी ने विश्वास दिलाया कि इस कार्य हेतु वे भी लोगों को जागरूक करेंगे और बढ़ रही जनसंख्या की रोकथाम हेतु बताए गए नियमों का पालन करते हुए देश की उन्नति में भागीदारी निभाएंगे।

# अपार्टमेंट बनाने का झांसा देकर ठगे पचास लाख

● पुलिस ने वादी की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा

**लखनऊ।** कानपुर चमनगंज के बिल्डर असद उल्लाह से जमीन का अनुबंध कर साझे में अपार्टमेंट बनाने का झांसा देकर तीन जालसाजों ने 50 लाख रुपये ठग लिए। जब काफी समय हो गया और बिल्डर ने रुपयों की मांग की तो जालसाजों ने खुद को माफिया मुख्तार अंसारी का आदमी बताते हुए बिल्डर को जान से मारने की धमकी दी। यह आरोपत लगाते हुए बिल्डर ने चौक कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर चौक केके तिवारी के मुताबिक बिल्डर असद उल्लाह ने बताया कि वर्ष 2020 में एक मित्र के माध्यम से उनकी मुलाकात विक्टोरिया स्ट्रीट दलाली मोहल्ले में रहने वाले सैयद मेहंदी अब्बास जैदी सैयद मोहम्मद बाकर अब्बास और आबिद अब्बास से मुलाकात हुई थी। तीनों ने नासिक लेन विक्टोरिया स्ट्रीट पर अपनी जमीन पर बिल्डर अनुबंध कर अपार्टमेंट बनाने की बात कही। मोटे मुनाफे का झांसा दिया। इसके बाद उपनिबंधक कार्यालय में गवाहों के समक्ष अनुबंध हुआ। असद के मुताबिक अपार्टमेंट बनवाने के लिए 50 लाख रुपये तीनों को दिए और 30 लाख रुपये संपत्ति से संबंधित अन्य कार्यों में खर्च किए। रुपये देने के बाद भी जमीन सैयद मेहंदी अब्बास जैदी सैयद मोहम्मद बाकर अब्बास और आबिद अब्बास ने निर्माणकार्य शुरू नहीं कराने दिया। टाल मटोल करते रहें। रुपयों की मांग की तो तीनों ने माफिया मुख्तार अंसारी का आदमी खुद को बताते हुए जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच में जो भी तथ्य आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पारा इलाके** में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस का कहना है कि मृतक नशे का आदी था और बेरोजगार था। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पारा निवासिनी नीतू वर्मा ने बताया कि उनके भाई सोनू वर्मा 26 ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में दरवाजा तोड़कर पंखे से लटके शव को नीचे उतारा और कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मृतक नशे का आदी था और अविवाहित था। फिलहाल मौके से कोई सुसाइडनोट नहीं मिला है जिससे मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।

# सफलता के लिए दृढ़ता और प्रतिभा की आवश्यकता: मनीष कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विवि के द्वितीय परिसर में इंटर सेमेस्टर मूट कोर्ट प्रतियोगिता का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रतियोगिता की मूट प्रॉब्लम नोटबंदी पर आधारित थी, जिस पर छात्र.छात्राओं द्वारा अपने तर्क वितर्क रखे गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस मनीष कुमार रहे। सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए यह बताया कि सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ता और प्रतिभा की आवश्यकता है। उन्होंने अपने जीवन काल की कुछ महत्वपूर्ण घटनाएं भी छात्रों के साथ सांझा किया और उनको विधि क्षेत्र में नए आयामों को स्पर्श करने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही इंटर सेमेस्टर मूट कोर्ट कंपटीशन की विजेता टीम अंचल वर्मा, हर्षिता पटेल एवं देवेश यादव को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही प्रतियोगिता के द्वितीय विजेता टीम ऋतुराज सिंह, शैलजा सिंह और वंशिका गौर का मनोबल बढ़ाते हुए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रवेश सिंह चौहान स्पीकर, कुमकुम सिंह बेस्ट रिसर्चर, देवेश यादव, अंचल वर्मा एवं हर्षिता पटेल बेस्ट मेमोरियल का पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर विधि विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संकायध्यक्ष प्रोफेसर बंशी धर सिंह ने छात्र.छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे शुरू से ही विधि व्यवसाय को चुनौतीपूर्ण लेते हुए पढ़ाई करें। इस अवसर पर लखनऊ मूट कोर्ट एसोसिएशन के चेयरपर्सन डॉ राधेश्याम प्रसाद के साथ डॉ अनुराग श्रीवास्तव, डॉ आलोक कुमार यादव, डॉ राजीव सिंह राठी, डॉ चंद्र सेन सिंह, डॉ अभिषेक कुमार तिवारी, डॉ वरुण छाछर, डॉ अर्चना सिंह, एडवोकेट दिव्यांशु प्रियम, उच्च न्यायालय के एडवोकेट निरंकार सिंह रहे।

# नमकीन फैक्टरी में लगी भीषण आग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इटौंजा** के पलिया गांव स्थित फाइव कॉन फैक्टरी में शनिवार रात भीषण आग लग गई। सूचना पर बाराबंकी और लखनऊ से पहुंची दस दमकलों ने तीन घंटे में लपटों पर काबू पा लिया। आग से करीब सात करोड़ रुपये का नुकसान की बात सामने आ रही है। इंस्पेक्टर रविंद्र कनौजिया के मुताबिक सीतापुर निवासी संजय गुप्ता की फैक्टरी है। संजय ने बताया कि ट्रायल का पहला दिन था। इसमें सफलता मिलने के बाद डक्ट में अचानक शॉर्ट सर्किट के बाद आग भड़क उठी। काला धुआं और लपटे देख लोगों के होश उड़ गए। सूचना पर बीकेटी फायर स्टेशन से तीनए इंदिरानगर और चौक फायर स्टेशन से एक एक दमकल और बाराबंकी से पांच दमकल मौके पर पहुंच गईं। इस दौरान स्टीम निकलने वाले डक्ट में धमाका हो गया। दमकल कर्मियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाग आग पर काबू पा लिया। काले धुएं से आसपास के लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी।

# घरों में बीपी मशीन, ग्लूकोमीटर थर्मामीटर रखें: सुनील

● फार्मेसिस्ट फेडरेशन के नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरुकता कैंप में इलाज और जानकारी दी गई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हमें** अपने घर में बीपी मशीन, ग्लूकोमीटर, थर्मामीटर सहित प्राथमिक उपचार के लिए कुछ औषधियां रखनी चाहिए, जिससे कभी भी आवश्यकता पड़ने पर मरीज की जिंदगी बचाई जा सके साथ ही स्वास्थ्य की नियमित देखभाल भी की जा सके। उक्त जानकारी रविवार को कानपुर रोडि स्थित रिक्शा कॉलोनी एम 1 में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने दी है। उन्होंने हर घर में फर्स्ट एड किट बनाने की सलाह दी और बुजुर्गों तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखने की अपील की। घरों में दवाएं कैसे रखें, एक्सपायरी डेट देखने, दवाएं खाते समय क्या सावधानी रखें इसकी भी जानकारी दी गई।

इस मौके पर यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में 300 से अधिक मरीजों की जांच कर औषधियां दी गई तथा सैकड़ों मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, खून की जांच भी हुई। कैंप मैं त्वचा रोग, सामान्य, सर्दी जुकाम बुखार, हड्डी रोगों के बीमार रोगी, बच्चे और महिलाओ ने स्वास्थ्य लाभ लिया। कैंप में बीमारियों से बचाव के तरीके भी समझाए गए और दवाई लेने का सही तरीका, स्वस्थ जीवनशैली अपनान, साफ सफाई रखने, स्वच्छ पानी पीने की भी सलाह दी गई । शिविर में आए हुए चिकित्सकों एवं फार्मेसिस्टो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अनिल दुबे जिला अध्यक्ष यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन ने कहा कि गरीबों की सेवा हमारा लक्ष्य है। यूथ प्रदेश अध्यक्ष आदेश ने कहा कि जो मरीज कैंप में आए हैं उनका फॉलोअप भी किया जाएगा।

# अवैध निर्माण पर नगर पंचायत ने दर्ज कराया मुकदमा

● एसडीएम ने लगाई फटकार अवैध कब्जे खाली कराने के दिए निर्देश

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**नगर पंचायत** की बेशकीमती सरकारी भूमि से अवैध कब्जे खाली कराने में नाकाम नगर पंचायत प्रशासन ने अवैध कब्जेदारों पर एफआईआर दर्ज कराई है। उधर एसडीएम ने अवैध निर्माण ढहाने के निर्देश दिए हैं। मोहनलालगंज में नगर पंचायत की बेशकीमती सरकारी जमीनें इन दिनों अवैध कब्जेदारों के निशाने पर हैं। 27 जनवरी को अवैध कब्जे की शिकायत पर राजस्व टीम द्वारा नापजोख किए जाने के बावजूद नगर पंचायत प्रशासन बेशकीमती सरकारी भूमि को सुरक्षित रखने में नाकाम रहा। सोशल मीडिया पर अवैध कब्जे की तस्वीरें वायरल होने के बाद एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य ने फटकार लगाई फिर भी अवैध निर्माण खाली नही कराए जा सके। लिहाजा तहसील से कुछ सौ मीटर दूर सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर लिया गया है।मामला तूल पकड़ने के बाद भी नगर पंचायत प्रशासन की कार्रवाई महज कुछ लोगों को नोटिस देने तक ही सीमित रही। हालांकि मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद अफसरों की फटकार पर नगर पंचायत के लिपिक विजय कुमार सिंह ने केशन लवकुश ऋषि और परवीन के विरुद्ध अवैध कब्जे के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया अवैध कब्जे की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उधर एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य ने बताया ईओ को सरकारी भूमि से अवैध कब्जे खाली कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में 4458 लोगों को मिला स्वास्थ्य परामर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मेले के दौरान 4458 लोगों ने चिकित्सकीय लाभ लिया। सीएमओ डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें। गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4458 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1760 पुरुष, 1976 महिलायें और 722 बच्चे शामिल हैं। आयुष्मान भारत योजना के 13 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया।



### तीन कोरोना के मरीज मिले

लखनऊ में आज तीन कोरोना के नये मरीज सामने आये हैं। इनमें नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अलीगंज लखनऊ के अन्तर्गत 1 महिला, नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एन के रोड लखनऊ के अन्तर्गत 1 महिला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिनहट के अन्तर्गत 1 महिला कोविड पॉजीटिव मिली है। आज 1 व्यक्ति के कोविड संक्रमण से स्वस्थ होने की खबर है। जनपद में कोविड एक्टिव केसों की संख्या.26 है।

# दो मकानों का ताला तोड़कर लाखों के जेवर चोरी

**लखनऊ।** राजधानी में शातिर चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है आये दिन यह शातिर चोर किसी न किसी मकान दुकान या वाहन पर अपना हाथ साफ कर रहे हैं और चोरी की घटनाओं को लगातार अंजाम देकर हाईटैक पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। ताजा मामला आशियाना इलाके में स्थित एक मकान का है जहां पर चोरों ने ताला तोड़कर हजारों की नकदी व सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। मानकनगर इलाके में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आस पास लगे सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

जलवायु बिहार फेस 2 मानसरोवर योजना आशियाना निवासी विनोद कुमार द्विवेदी ने पुलिस को सूचना दिया कि वह अपने किसी काम से बाहर गये थे जहां पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दी कि उनके मकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना सुनकर वह घर पहुंचे तो देखा कि मकान के सारे कमरों का ताला टूटा हुआ है और चोरों ने अल्मारी में रखे पचास हजार रुपए व सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया है। पुराना आरडीएसओ कालोनी मानकनगर निवासी स्वेता चौधरी ने स्थानीय पुलिस को सूचना देकर बताया कि बीती रात वह घर से बाहर थी इसी दौरान चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर चोरी कर लिया है। जानकारी पर पहुंची वादिनी ने देखा कि उनके मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा है और घर में मौजूद सोने चांदी के जेवरात व कीमती सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी की मदद से चोरों की तलाश शुरू कर दी है।


## ANGEL ONE LIMITED

Regd. Off: 601, 6th Floor, Ackruti Star, Central Road, MIDC, Andheri East, Mumbai - 400093
SEBI Registration No (Stock Broker): INZ000161534

**PUBLIC NOTICE**

| Name of SB/AP | Trade Name of SB/AP | NSE Reg. No. | BSE Reg. No. | MCX Reg. no. | Regd Address of SB/AP |
|---|---|---|---|---|---|
| Gendelalnishad | Gendelalnishad | AP0397527171 | AP01061201147681 | MCX/AP/156851 | 152 Barwar Post Mandaur Maukhambha Light Wala Chitrakoot Barwar Ahatmali 210209 Uttar Pradesh |

This is to inform/confirm that we have discontinued our Business Relations with the above mentioned Authorized Persons. Clients and General Public are warned against Dealing in with them in his/their capacity as our Authorized Persons and we hereby confirm that we will not be liable in any manner for any consequence of such dealings/deals. Clients are requested to contact our centralized desk 022-3355 1111/4218/5454 or email us to support@angelbroking.com.

Place : Uttar Pradesh
Date: 27.03.2023

For ANGEL ONE LTD
Sd/-
Authorised Signatory

# सनातन को नीचा दिखाने वाले श्रीरामचरितमानस पर उठा रहे प्रश्न

**● विश्व संवाद केन्द्र में मानवता का संविधान श्रीरामचरितमानस विषय पर संगोष्ठी आयोजित**



**लखनऊ।** मानस में समाज की प्रत्येक समस्या का समाधान है। सज्जन शक्ति का संरक्षण और दुर्जन शक्ति का प्रबल प्रतिकार करना भी मानस सिखाती है। नकारात्मक सत्ता को समाप्त कर शाश्वत सत्ता की स्थापना करना हर सज्जन शक्ति का दायित्व होना चाहिए। मंदबुद्धि और सनातन को नीचा दिखाने वाले लोग आज गोस्वामी तुलसीदास और उनकी विश्वविख्यात विरचित कृति श्रीरामचरितमानस पर प्रश्न उठा रहे हैं। उक्त वक्तव्य विख्यात मानस मर्मज्ञ मानस किंकर ने दिया। वह विश्व संवाद केंद्र अवध लखनऊ में आयोजित श्मानवता का संविधान श्रीरामचरितमानस विषयक संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मानस में भारतीय समाज की प्रत्येक परंपरा का सर्वाधिक श्रेष्ठ उदाहरण विद्यमान है। मानस कहती है जो स्वामी है वह प्रत्येक सदस्य की चिंता करेए सबसे पहले उठे और सबके बाद सोए। मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम ने एक पत्नी व्रत धर्म के पालन का उदाहरण विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया है। रावण सज्जन शक्ति से रक्त कर लेता थाए उसके तारण के लिए प्रभुश्रीराम ने क्षत्रिय धर्म में जन्म लिया। प्रभु राम ने कहा कि मेरा क्षत्रिय धर्म में जन्म ही इसी हेतु हुआ है कि मैं राक्षस और दुर्जन शक्ति का वध करता रहूं। प्रभुराम ने अपने कृतित्व से समाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण और पिछड़ों को गले लगाया, इसका वर्णन भी मानस में स्पष्ट है। वर्तमान में सनातन को काटने उसको भंजन करने का देश में अभियान चल रहा है। इस अभियान को रोकने के लिए मानस पढ़िएए उसका वितरण कीजिए। उपहार में मानस भेंट कीजिए। मानस को पढ़ने का ठेका देना गलत है। इससे बाबा तुलसीदास की आत्मा दुखी होगी। विश्व संवाद केन्द्र के सचिव अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि श्रीरामचरित मानस भारतीय समाज की आत्मा है। उसका दैनंदिन कार्यपद्धति में व्यवहार देखा जा सकता है। मानस पर विवाद उत्पन्न होने से मन दुखी और वास्तविकता जानने की इच्छा होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत का वक्तव्य कि कुछ लोगों ने स्वार्थवश श्रीरामचरितमानस में कुछ जोड़ा है। दूसरी ओर काशी में मानस पर डिप्लोमा शुरू हुआ है। यह दोनों कार्य उसी का सकारात्मक परिणाम है।

# खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन देश का गौरव है: राजेश्वर



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने रविवार को आयोजित हुए 3 दिवसीय नेशनल आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। डॉ राम मनोहर लोहिया ट्रांजिट हॉस्टल, तेलीबाग में आयोजित हुए इस चैंपियनशिप का आयोजन एमेच्योर आर्म बॉक्सिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन के संस्थापक व महासचिव नसीरुद्दीन सिद्दीकी और सरोजनीनगर विधायक प्रतिनिधि प्रदीप मिश्रा के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में डॉ राजेश्वर सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा खिलाड़ियों के गुण बताये।

कार्यक्रम से पूर्व सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने सरोसा सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के अलामबाग कैंपस में स्विमिंग पूल का उद्घाटन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण किया, विद्यालय में कंप्यूटर लैब देख प्रसन्नता व्यक्त की तथा स्कूल को अपनी विधाब्सभा क्षेत्र का एसेट बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि अगर बच्चे अपनी हॉबी के अनुसार करियर चुनेंगे तो बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों जॉब क्रिएटर बनेंए जॉब सीकर नहीं। प्रधानाचार्य गुंजन दनानी, चेयरमैन मनीष मल्होत्रा, युवराज मल्होत्रा, यशस्वी मल्होत्रा, तेजस मल्होत्रा, किशोर मल्होत्रा समेत अन्य अध्यापक, छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।

साथ ही डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में आयोजित हुए 5वें नेशनल पैराबैडमिंटन चैंपियनशिप के समापन कार्यक्रम में पहुंचे विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने पैराएथलीट खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के सभी पैराएथलीट खिलाड़ी संकल्पए संघर्ष और सफलता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने इन खिलाड़ियों को समाज के लिए आदर्श व प्रेरणास्त्रोत बताया।

इसके अलावा सरोजनीनगर में साप्ताहिक तौर पर लगाये जा रहे 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत वृंदावन योजना सेक्टर 7 में जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। विधायक की माता स्वर्गीय तारा सिंह की स्मृति में लगे इस शिविर में जनता की समस्याओं को सुना गया और निस्तारण के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया गया। साथ ही माह के अंतिम रविवार को लगवाए जाने वाले श्निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविरश् के अंतर्गत चेतना डेंटल सेंटर द्वारा आयोजित नि:शुल्क दंत शिविर में दंत परीक्षण तथा उपचार किया गया।

# किसानों को राहत देने की मांग को लेकर रालोद ने किया जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन

**● पांच सूत्रीय मांगों का जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राष्ट्रीय लोकदल** के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के आवाहन पर राष्ट्रीय लोकदल के तत्वावधान में रविवार को पूरे प्रदेश में रालोद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा ओलावृष्टि, बेमौसम बरसात से किसानों की बर्बाद हुई फसलों के नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। राजधानी में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आरिफमहमूद के नेतृत्व में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता अफसर अली, महानगर अध्यक्ष आशीष तिवारी एवं जिलाध्यक्ष रफी अहमद सिददकी, हाशिम खान, शादाब खान, उमर अली, राजकुमार,रंजीत, मो नसीब ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

रालोद नेताओं ने मांग की गयी कि आकाशीय बिजली गिरने से अकाल मृत्यु का शिकार हुए लोगों के परिजनों को 20-20 लाख की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, ओलावृष्टि के फलस्वरूप रबी की फसल के साथ साथ दलहन और तिलहन की फसलों के किसानों को सर्वप्रथम फौरी राहत दी जाय तत्पश्चात फसल का सर्वे कराकर कुल हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाया जाए। आम की फसल के हुए भारी नुकसान का संज्ञान लेकर उन किसानों को वर्ष की महत्वपूर्ण फसल होने के कारण भरपूर मुआवजा दिया जाय, किसानों की प्रत्येक सरकारी देयता को माफ किया जाए तथा फसल बीमा योजना या अन्य कोई विशेष योजना के अंतर्गत किसानों को त्वरित लाभ पहुंचाया जाए। रालोद नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि विगत एक सप्ताह से ओलावृष्टि बेमौसम बरसात ने सभी किसानों की आलू, मटर, मसूर, गेहूं तथा आम की फसलें चौपट हो गई हैं। ऐसी स्थिति में किसानों की फसल की लागत निकलना भी मुश्किल प्रतीत होता है।

# सनातन हिन्दू महासभा ने निकाली रथ यात्रा



**लखनऊ।** सनातन हिंदू महासभा द्वारा हिंदू नव वर्ष के अवसर पर गोमती नगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लव शुक्ला ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, मनोज सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व अतिथि के रूप में प्रियंका मौर्या भाजपा नेत्री, योगेश शुक्ला विधायक मौजूद रहे सभी अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय अध्यक्ष लव शुक्ला ने पुष्पगुच्छ देकर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत रथ शोभा यात्रा का भी आयोजन हुआ जो कि काफी मनमोहक रहा। रथयात्रा में जय श्री राम व हर हर महादेव के नारों से कार्यकर्ताओ में जोश आ गया। रथयात्रा जीवन प्लाजा से शुरू होकर गोमती नगर विस्तार, जनेश्वर मिश्रा पार्क, दयाल चौराहा, सीएमएस चौराहा, पत्रकारपुरम चौराहा होते हुए वापस हुसडिया चौराहा जीवन प्लाजा पर समापन हुआ। मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष लव शुक्ला, निशांत ओझा, सुमित सोनकर, धनंजय शुक्ला, शशांक श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह चंदेल, अमन त्रिपाठी, हिमांशु दुबे, हर्षित सिंह आकाश सिंह, सुलभ सिंह रावत, सूरज, करण व तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सजावटी उत्पाद बनाने के लिए महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**स्वयं सहायता समूह** की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सोशल अपलिफ्टमेंट रिसर्च एंड एक्शन सूत्र संस्था द्वारा नाबार्ड के सहयोग से 30 महिलाओं के लिए 15 दिवसीय सजावटी उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बरोली गोसाईगंज लखनऊ में संचालित सामुदायिक संसाधन केंद्र में किया गया। जिसका समापन प्रमाण पत्र वितरण द्वारा किया गया। सूत्र संस्था के निदेशक कस्तूरी सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को फ्यूजन कारीगरी, विविध प्रकार के सजावटी सामान एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं आदि की असेंबलिंग एवं निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। सुनील कांत ब्रांच मैनेजर यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया ने कहा संस्था द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए जो कार्यक्रम नाबार्ड के सहयोग से चलाया जा रहा है वह काफी उपयोगी है। इससे महिलाओं में स्वरोजगार करने के लिए आवश्यक हुनर का विकास किया जा सकेगा प्रेरणा जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड ने कहा कि सूत्र संस्था द्वारा फ्यूजन कारीगरी का प्रभावपूर्ण प्रशिक्षण समूह की महिलाओं को प्रदान किया गया, प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात महिलाएं संगठित होकर व्यवसाय करेंगी और लाभ प्राप्त करेंगी ऐसा उन्हें विश्वास है। इग्नू के डॉ कीर्ति विक्रम सिंह ने महिलाओं को इग्नू द्वारा संचालित रोजगार परक कार्यक्रमों के विषय में अवगत कराया। सूत्र संस्था की मुख्य प्रशिक्षक रिया पांडे ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सजावटी सामान एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं कि बाजार में बहुत मांग है अगर महिलाएं संगठित होकर कार्य करेंगी तो उन्हें अधिक लाभ होगा।

# चिल्ड्रन्स चैंपियन अवॉर्ड से सम्मानित

**लखनऊ।** आर्थिक रूप से वंचित और मेधावी छात्रों के लिए समर्पित रूरल लीडरशिप एकेडमी विद्याज्ञान को शिक्षा श्रेणी में प्रतिष्ठित चिल्ड्रन्स चैंपियन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। दिल्ली सरकार के बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा संस्थापित यह पुरस्कार बाल अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जो देश में हो रहे अच्छे कार्यों की खोज करने, पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत है। यह पुरस्कार उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण भारत के वंचित छात्रों की पहचान, भविष्य के लीडर्स के रूप में करने और उनका पोषण करने के एवज में प्रदान किया गया है। रोशनी नादर मलमल्होत्रा ने कहा कि हम चिल्ड्रन्स चैंपियन अवॉर्ड प्राप्त करने को लेकर दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग के आभारी हैं। वर्ष 2009 में अपनी स्थापना के बाद से 100 फीसद नि:शुल्क और उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से 2500 से अधिक वंचित छात्र लाभ ले चुके हैं।

# सपा ने 32 लोकसभा प्रभारी व 25 जिलाध्यक्ष किए घोषित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने रविवार देर शाम पार्टी में बड़ा बदलाव करते हुए 25 जनपदों के जिलाध्यक्ष एवं 32 लोकसभा क्षेत्रों में प्रभारियों की घोषणा कर दी। सपा द्वारा जारी की गई पदाधिकारियों की सूची में जातीय समीकरण को प्राथमिकता दी गई है। नियुक्त किए गए जिलाध्यक्षों में 50 प्रतिशत अन्य पीछड़ा वर्ग से आते हैं। सपा ने मुस्लिम वर्ग को भी साधने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सपा द्वारा घोषित जिलाध्यक्षों में आगरा से आजाद सिंह जाटव, बांदा से मधूसूदन कुशवाहा, कानपुर ग्रामीण से मुनींद्र शुक्ला, कानपुर नगर से फजह महमूद, महानगर अध्यक्ष जालौन दीप राज गुर्जर, जौनपुर से अवधनाथ पाल, गाजीपुर से गोपाल यादव, संत कबीरनगर से अब्दुल कलाम, अंबेडकर नगर से जंग बहादुर, महाराजगंज से विद्या सागर, महोबा से शोभा लाल, ललितपुर से नेपाल सिंह, बिजनौर से अनिल सिंह, एटा से परवेज जुबेरी, बलिया से राजमंगल, अमरोहा से मस्तराम, बस्ती से महेंद्रनाथ, कुशीनगर से शकरुल्लाह अंसारी, इलाहाबाद गंगापार से अनिल यादव, मऊ से दूधनाथ, कानपुर देहात से अरुण कुमार, इलाहाबाद जमुनापार से पप्पूलाल निषादों, कासगंज से विक्रम सिंह, गौतमबुद्ध नगर से सुधीर भाटी, उन्नाव से राजेश यादव को पदाधिकारी घोषित किया गया है। इसके अलाावा समाजवादी पार्टी ने 32 लोकसभा क्षेत्रों में भी प्रभारियों की भी घोषणा कर दी है। उल्लेखनीय है कि बीते सप्ताह सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में संपन्न हुई थी। इससे पूर्व इस साल के जनवरी महीने में दल ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में कई महत्वपूर्ण फेरबदल किए थे। जल्द ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश की अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव जातीय जनगणना का विषय भी जनता के सामने उठा सकते हैं।

# राम वन गमन की कथा सुन भक्त हुए भावुक

**● चिनहट में आयोजित रामकथा का छठवां दिन**



**लखनऊ।** श्री साकेत धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित नव दिवसीय राम कथा के छठवें दिन भगवान राम का 14 वर्ष का वनवास काल का प्रसंग का वर्णन किया। चिनहट स्थित जुनियर हाई स्कूल प्रागंण में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कुसुम राय व विशिष्ट अतिथि ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राजीव मिश्रा थे। संगीतमय रामकथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक स्वामी बाल भरत व्यास जी महाराज ने कहा कि जब भगवान के राजतिलक की तैयारियां की जा रही थी तभी महारानी कैकई ने महाराजा दशरथ से अपने दो वचन मांगती है और कहती है कि पहले राम की सौगंध खाएं और मेरे वचन मुझे दे।

राजा दशरथ खुशी में रानी से कहते है कि जो मांगे मैं वहीं दूंगाए तब महारानी कैकई दशरथ से मांगती है कि मेरे बेटे भरत को राजगद्दी मिले और राम को 14 वर्ष का वनवास मिले इतना सुनते ही महाराजा दशरथ धरती पर गिर जाते हैं राम सहित सब यहां पहुंचते हैंए राम जी जब वनवास को जाने लगते हैं तो उनके साथ वन जाने के लिए सीता व लक्ष्मण भी तैयार हो जाते हैं।

श्रीराम के वन जाने की बात सुनकर पूरा अवधपुरी रो पड़ा। राम का इतना प्रेम अवधपुरी के प्रति था कि राम का राजतिलक होना था लेकिन माता.पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए राम 14 वर्ष के लिए वनवास लिए निकल पड़े। भगवान राम वनवास में कहीं साधु.संतों की जंगल में रहते हुए रक्षा की, कहीं राक्षसों का सहार भी किया। इस दौरान वनवास काल के प्रसंग को सुनकर कथा पांडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हुए। कार्यक्रम के संयोजक पार्षद प्रतिनिधि अरुण राय ने बताया कि कथा में आसपास क्षेत्र से श्रद्धालु प्रतिदिन सुनने आ रहे है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल पाण्डेय, संतोष रंजन पाण्डेय, नरेन्द्र श्रीवास्तव, टीटू गुप्ता, विनोद स्वर्णकार स्थानीय पार्षद स्नेहलता राय सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थि थे।

# उद्देश्यपूर्ण शिक्षा से ही समाज में रचनात्मक बदलाव होगा: डा. गाँधी

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आरडीएसओ एवं महानगर कैम्पस के द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन सीएमएस कानपुर रोड एवं सीएमएस गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) के ऑडिटोरियम में किया। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस द्वारा डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन रविवार को ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि उद्देश्यपूर्ण शिक्षा से ही समाज में रचनात्मक बदलाव होगा। शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन के एक प्रभावशाली उपकरण के रूप में प्रयोग करने का समय अब आ गया है। छात्रों ने अभूतपूर्व प्रतिभा प्रदर्शन से अभिभावकों का दिल जीत लिया। छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत-संगीत से ऐसा समां बाँधा कि अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गये। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले छात्रों व वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने



वाले छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। शुभारम्भ सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर किया। घर का वातावरण, स्कूल का वातावरण तथा समाज का वातावरण ये तीनों प्रकार के वातावरण ही बालक के मन और बुद्धि पर पड़ता है। इन तीनों में 'सबसे अधिक प्रभाव' 'स्कूल के वातावरण' का ही बालक के मन और बुद्धितथा संपूर्ण जीवन पर पड़ता है। सीएमएस आरडीएसओ प्राचार्या ज्योत्सना अतुल ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएमएस अपने छात्रों को अभिभावकों के सहयोग से समाज आदर्श नागरिक बनाने को संकल्पित है।

# 5वीं राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप सम्पन्न

**● खिलाड़ियों ने पहली बार 5 ब्रॉन्ज मेडल किया पक्का**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डॉ शकुन्तला** मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के विशिष्ठ स्टेडियम में 5वीं राष्ट्रीय पैरा बैडमिन्टन चैंपियनशिप 2023 रविवार को सम्पन्न हो गया। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर पैरा ओलंपिक में आये हुए सभी टीमों के कप्तान एवं प्रशिक्षकों से परिचय प्राप्त करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया। दिव्यांग नौजवानों का यह उत्साह उमंग एवं रोमांच से भरपूर है। इस पैरा ओलंपिक में में हमारे देश के 30 राज्यों के खिलाड़ी जिस तरह से अपनी शक्ति और प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहें हैं, वह असामान्य है।

विवि के कुलपति प्रो राणा कृष्ण पाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में 5वीं राष्ट्रीय पैरा बैडमिन्टन चैंपियनशिप 2023 के के इस प्रतियोगिता में अन्य सभी विजेताओं के साथ ही विवि के खिलाडियो ने भी 5 ब्रॉन्ज मेडल पक्का किया है, यह हमारे लिए गर्व की बात है। फाइनल मुकाबले में महिला युगल एस एल 3एएस यू 5 के फाइनल में हरियाणा की ज्योति एवं उत्तर प्रदेश की वैष्णवी ने मनदीप कौर एवं शांथिया को हराकर गोल्ड मेडल पक्का किया। पुरुष एकल एसयू 5 के फाइनल में उत्तराखंड के चिराग बरेठा ने तमिलनाडु के ऋतिक रघुपति को हराकर गोल्ड मेडल पक्का किया। ब्वॉयज एकल अंडर 17 के फाइनल मुकाबले में हरियाणा के देव राठी ने उत्तर प्रदेश के शिवम यादव को हराकर गोल्ड मेडल पक्का किया। पुरुष एकल एस एल 4 के फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र के निलेश गायकवाड ने गोल्ड मेडल पक्का किया। पुरुष एकल एसएल 3 के फाइनल मुकाबले में हरियाणा के नितेश कुमार ने उत्तरांचल के मनोज सरकार को हराकर गोल्ड मेडल पक्का किया। डा शकुंतला मिस्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के खिलाड़ियों ने पहली बार 5 ब्रॉन्ज मेडल पक्का किया। महिला एकल डबल्यू एच 1 में सर्वेश कुमार ने एक ब्रॉन्ज एमहिला एकल एवं महिला युगल में हमीद सलमानी ने दो ब्रॉन्ज एमहिला एकल एस एल 4 में शबनूर हुसैन और कनक सिंह जादुआन ने एक .एक ब्रॉन्ज मेडल पक्का किया। कुलसचिव रोहित सिंह ने कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ललित कला अकादमी में आर्टिस्ट कैंप का आयोजन

**लखनऊ।** ललित कला अकादमी लखनऊ में मल्टी डिक्शनरी वर्किंग आर्टिस्ट कैंप कार्यशाला का विधिवत आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 36 कलाकारों ने भाग लिया कार्यशाला में कला के विविध तरीकों को बहुत ही सुंदर ढंग से बताया गया इस कार्यशाला में सभी बच्चों ने पूरी तन्मयता के साथ भाग लिया कार्यक्रम को सफल बनाया। क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम का उदघाटन रेणुका मिश्रा महानिदेशक एसआईटी उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मोहम्मद शकील वरिष्ठ कलाकार एवं क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के सचिव डॉक्टर देवेंद्र त्रिपाठी की उपस्थिति में हुआ। 6 दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में सभी कलाकारों ने कला के विविध रंगों को सही ढंग से एवं सही स्थान पर स्थापित करने की कोशिका प्रत्येक दिन की। एक्सपर्ट द्वारा बच्चों को पेंटिंग की हर



बारीकियों से अवगत कराया गया। रविवार 26 तारीख को कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। मुख्य अतिथि वी नागदास द्वारा कार्यशाला में आए हुए। कलाकारों को 20000 का नगद पुरस्कार दिया गया कार्यशाला में प्रतिभागी शुभा त्रिपाठी से विशेष बातचीत में शुभा त्रिपाठी ने बताया उनकी पेंटिंग में हमेशा एक इन्नोवेटिव आइडिया होता है। हर पेंटिंग एक दूसरे से भिन्न होती है एवं उनकी पेंटिंग में एक संदेश जरूर छुपा होता है।

# छात्रों को क्लास में बैठे मिलेगी भौगोलिक भ्रमण के साथ अध्ययन की सुविधा

**● दस वर्षीय विजन प्लान में तीन स्टैंडर्ड लैब खोलेगा लविवि का भूगर्भ विज्ञान विभाग**

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**आने वाले** समय में योजना के मुताबिक सब कुछ सही रहा तो लखनऊ विश्वविद्यालय का भूगर्भ विज्ञान विभाग भूगर्भ की पढ़ाई कर रहे छात्रों को विभाग में बैठे भौगोलिक भ्रमण के साथ अध्ययन की सुविधा उपलब्ध करायेगा। भूगर्भ विज्ञान विभाग ने अपने दस वर्षीय विजन प्लॉन में तीन लैब बनाने का खाका खींचा है। यह लैब स्टैंडर्ड मानकों पर आधारित होगी।

विभाग की तरफ से अपने दस वर्षीय विजन प्लॉन में टीचिंग, इंटर्नशिप, वोकेशनल कोर्सेज और को-कुरीकुलम एक्टिविटी पर फोकस करने के साथ ही अन्य संसाधनों की वृद्धि पर फोकस किया गया है। संसाधनों के तहत वर्चुअल क्लासरुम को शामिल किया गया है। इस क्लासरुम की विशेषता होगी कि कोरोना जैसी दैवीय या प्राकृतिक आपदा जैसी परिस्थिति में छात्रों को स्थलीय निरीक्षण पर जाने की जरूरत नहीं होगी। छात्र लैब में बैठ कर ही सम्बधित स्थल का निरीक्षण कर सकेंगे। वहीं विभाग की तरफ से एक स्टेट आफ आर्ट जेम टेस्ट लैब खोलने को अपने विजन में शामिल किया गया है। इस लैब में पत्थरों की पहचान की जा सकेगी। वहीं जियो केमिकल लैब के जरिए मिनरल एक्सप्लोरेशन पर कार्य किया जा सकेगा। इस बारे में विभाग प्रमुख प्रो. अजयी मिश्रा का कहना है कि आने वाले समय में क्लाइमेट और पानी दो की समस्या दिख रही है। ऐसे में केमिकल लैब के जरिए पानी की क्वॉलिटी और विभिन्न प्रकार के मिनरल की खोज इस लैब के जरिए की जा सकेगी। वहीं विभाग की तरफ से एक लैब कम वर्कशाप को प्लान में शामिल किया गया है।

यह सभी स्टूडेंट के लिए होगी। इसमें स्टूडेंट अपने मनमाफिक रिसर्च कर सकेंगे। विभाग प्रमुख ने बताया कि विजन प्लान को दो हिस्सों में बांटा गया है। जिसमें एक आने वाले पांच वर्ष में हम क्या करने वाले हैं और दूसरे आने वाले पांच वर्ष में हम कहां होंगे। उन्होंने बताया कि प्लान को सभी शिक्षकों के साथ विचार-विमर्श कर तैयार किया गया है। आने वाले दिनों में हमारी कोशिश है कि हम छात्रों को सुदूर बैठे साइंटिस्ट से छात्रों का इंटरेक्शन करा सकें।

# अनाज बैंक ने घुमंतू जातियों के लिए अन्न योजना का किया शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



● डीआईजी अखिलेश चौरसिया ने किया नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अन्न योजना का उद्घाटन।
● मुसहर, नट एवं बाँसफोर परिवार की महिलाओं को मिलेगा अनाज।
● भूख की समस्या से हर देश पीड़ित।
● भूख पीड़ितों की सेवा के लिए अनाज बैंक सर्वश्रेष्ठ मॉडल।
● रमजान में कुंअर नसीम रजा सिकरवार ने 786 किलो अनाज जमा किया।
● 45 बाँसफोर परिवार, 5 नट और 12 मुसहर परिवार की महिलाओं को अनाज वितरित किया गया।

**विशाल** भारत संस्थान द्वारा लमही के सुभाष भवन में भूख – अंतर्राष्ट्रीय समस्या और निवारण विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी परिक्षेत्र के डीआईजी अखिलेश चौरसिया ने सुभाष मन्दिर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपोज्वलन कर संगोष्ठी का शुभारम्भ किया। अनाज बैंक द्वारा घुमन्तु जातियों नट, मुसहर, बाँसफोर के लिए, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अन्न योजना का उद्घाटन डीआईजी अखिलेश चौरसिया ने पोस्टर प्रदर्शित कर किया। बाँसफोर परिवार की महिलाओं को अनाज बैंक का पासबुक और अनाज देकर अनाज बैंक ने भूख से मुक्ति की गारंटी दी। बाँसफोर परिवार अधिकांशतः सड़क पर ही झुग्गी लगाकर डेरा डालते हैं। बांस की डलिया और सूप बनाकर अपना जीवन यापन करते है। बहुत मुश्किल से 15 दिनों के भोजन का इंतजाम कर पाते हैं और बाकी दिन मांगकर या फांके कर जीवन बिताते हैं। बच्चे स्कूल नहीं जाते, गंदगी में रहते हैं। आज यहां तो कल वहां डेरा डालकर रहने वाले नट खेल तमाशा दिखाकर जीवन चलाते है। इनको अनाज बैंक ने पासबुक उपलब्ध कराया, जिससे प्रत्येक 15 दिन पर इनको अनाज, नमक, तेल, सोयाबीन इत्यादि दिया जाएगा। बच्चों के लिए बिस्किट और चना की भी व्यवस्था है। जब डीआईजी अखिलेश चौरसिया अनाज वितरित कर रहे थे तो सबकी आंखों में चमक थी, सबके चेहरे पर मुस्कान और संतोष। अब भूख से पीड़ित बच्चों को लेकर दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा। मुख्य अतिथि अखिलेश चौरसिया ने कहा कि अपनी नौकरी और अपना काम तो सभी करते हैं, लेकिन समाज सेवा वो भी उन लोगों के लिये जहाँ तक सरकार भी नहीं पहुंच पा रही है।

## वित्तीय अनिश्चितता से अपने जीवन को दे सुरक्षित आयाम

**वाराणसी।** आज के उपभोक्ता हरित पर्यावरण के निर्माण में योगदान देते हुए अपनी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहते हैं। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस सस्टेनेबल इक्विटी फंड आईए अस्थिरता और आर्थिक अनिश्चितता के इस दौर में हमारे भविष्य को सुरक्षित रखना महत्वपूर्ण है। साथ ही, हमें जलवायु परिवर्तन का भी सामना करना पड़ रहा है, तेज़ी से हो रहे शहरीकरण और विकास के हमारे ग्रह पर हो रहे नकारात्मक प्रभाव भी दिखाई दे रहे इस लिए दो अनूठे एनएफओ लॉन्च किए।

# भाजपाइयों ने बूथों पर सुना पीएम के मन की बात का 99वां संस्करण

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**भारतीय** जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय के नेतृत्व में महानगर के सभी 13 मंडलों के सभी बूथों पर रविवार को पीएम मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 99वां संस्करण लोगों ने सुना।

शहर दक्षिणी के बूथ नंबर 300, नीचीबाग भाजपा कार्यालय पर भाजपा के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने मन की बात सुना।

इस दौरान नवनियुक्त काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल का कार्यकर्ताओं ने गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्प वर्षा, अंगवस्त्रम पहनाकर उनका स्वागत किया। मन की बात के दौरान उपस्थित नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल का स्वागत महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया, महानगर महामंत्री जगदीश त्रिपाठी व नवीन कपूर, आत्मा विशेश्वर, मंडल अध्यक्ष गोपाल जी गुप्ता, संदीप केशरी सोनू, बूथ अध्यक्ष किशोरी जी, संजय केसरी, राजीव सिंह डब्बू, इंद्रेश सिंह, श्रीनाथ जायसवाल, शकील अहमद, अंकुर मेहरोत्रा आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय के नेतृत्व में महानगर के सभी बूथों पर मन की बात को सुना गया। जिसमें मुख्य रूप से संदीप चौरसिया, नलिन नयन मिश्र, गोपाल जी गुप्ता, अभिषेक वर्मा गोपाल, शत्रुघ्न पटेल, जितेंद्र यादव, जगन्नाथ ओझा, अजय प्रताप सिंह, राम मनोहर द्विवेदी, अजीत सिंह, रतन मौर्या, कमलेश सोनकर और सिद्ध नाथ शर्मा रहे।

# प्रो. विनोद सिंह सीएसआईआर सोसाइटी के सदस्य नामित हुए

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**काशी** हिन्दू विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के पुरातन छात्र तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के रसायन विज्ञान विभाग में चेयर प्रोफेसर प्रो0 विनोद कुमार सिंह को भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (सीएसआईआर) की सोसायटी में तीन वर्ष के लिए सदस्य नामित किया गया है। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग के अध्यक्ष एवं भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सीएसआईआर सोसायटी के पुनर्गठन को अनुमोदित किया है जिसमें प्रो0 सिंह भी सदस्य नामित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पद्म सम्मान से अलंकृत प्रोफेसर विनोद कुमार सिंह लब्ध प्रतिष्ठित रसायन विद् होने के साथ-साथ विज्ञान के शिक्षण व शोध में जाने माने संस्थान आयसर, भोपाल के निदेशक भी रह चुके हैं। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में जन्मे प्रो0 सिंह ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग से स्नातकोत्तर की उपाधि धारण किया तथा देश-विदेश में अपने उत्कृष्ट शोध के चलते विख्यात हैं।

## बेटियों को जिंदगी के उतार-चढ़ाव का सामना करना सिखा रही

**वाराणसी।** मैं हूं अपराजिता' की गविर्ता साधवानी बताती हैं, ''प्रोस्थेटिक मेकअप लगाने और निकालने में मुझे रोज 3 घंटे लगते थे' ज़ी टीवी का फिक्शन शो 'मैं हूं अपराजिता', जो अपने पूव 'पति के एक दूसरी औरत के प्यार में पड़ने के बाद अकेले ही अपनी तीनों बेटियों को जिंदगी के उतार-चढ़ाव का सामना करना सिखा रही हैं।

इस शो में हाल में हुए फायर सीक्वेंस के लिए खूबसूरत एक्ट्रेस गविर्ता साधवानी ने भी न सिर्फ अपनी एक्टिंग स्किल्स से बल्कि अपने प्रोस्थेटिक मेकअप को बखूबी संभालकर सभी को इम्प्रेस कर दिया।

## कीनाराम मठ में विकास को लेकर सीएम से मिले पीठाधीश्वर अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम



**चहनियां/चन्दौली।** रामगढ़ मठ में चल रहे पर्यटन स्थल बनाने का कार्य व तीनो मार्गों के चौड़ीकरण करने को लेकर रामगढ़ कीनाराम मठ के पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर चर्चा किया। वही कार्य को जल्द कराने की मांग की। मुख्यमंत्री ने पीठाधीश्वर को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया।

कीनाराम महोत्सव के दौरान रामगढ़ आकर बाबा कीनाराम का दर्शन पूजन करके 225 करोड़ रुपये से यहां के विकास व पर्यटन स्थल बनाने की घोषणा किया था। किन्तू कुछ कारणों से दो साल कार्य बाधित हो गया। कुछ महीने से बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के आशीर्वाद से कार्य शुरू हो गया। पीठाधीश्वर ने सेवड़ी हुदहुदीपुर के प्रधान आशुतोष कुमार सिंह को बताया कि हम मुख्यमंत्री से मिलकर यहां धीमी गति से चल रहे कार्य को तेजी से लाने के लिए मांग किया। बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी के आशीर्वाद से शीघ्र ही पर्यटन स्थल बनाने का कार्य तेजी से होगा।

## क्विक न्यूज

### संस्था का एक दिवसीय सम्मेलन सम्पन्न



**मिर्जापुर।** कैशफार माइक्रोक्रेडिट संस्था पाण्डेयपुर स्थित एक लान में एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस आशय की जानकारी अजय मिश्र ने दी। संस्था के अजय मिश्रा ने बताया कि रविवार को कैशफार माइक्रोक्रेडिट संस्था द्वारा अपनी सदस्याओं को वित्तीय वित्तीय जागरूकता तथा उनके हितों ब्याज दर ऋण पर लगने वाले पूरे खर्चों आचार संहिता एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए द्वारा जारी नए दिशानिर्देश के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कैशफॉर हमेशा से ही गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली सदस्याओं को वित्तीय सहायता के साथ स्वास्थ्य एवम् शिक्षा की सुविधाएँ भी प्रदान करती है, जिससे सदस्याओं की आर्थिक स्थिति को सुधारने के प्रयास.साथ वह अपने परिवार की बीमारी और बच्चो के शिक्षा पर ध्यान दे सकें और अपने जीवनस्तर को ऊपर उठा सकें द्य कैशफॉर प्रति वर्ष ऐसे कार्यशाला का आयोजन करता है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिले की महिला कल्याण अधिकारी मंजू यादव रही उपस्थित रहीं। महिला कल्याण अधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज महिलाये हर क्षेत्र में कार्य कर रही है और सरकार द्वारा महिलाओं और बच्चियों के लिए लगातार कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है।

### हज़ारों कन्याओं एवं श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** चैत्र नवरात्र के पंचम दिवस रविवार को दादरा स्थित माँ हिंगलाज धाम में कन्या भोज आयोजित किया गया।जिसमें मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने भी कन्याभोज का प्रसाद ग्रहण किया। गौरतलब हो कि मुसाफिरखाना में इलाहाबाद बैंक के शाखा प्रबंधक रहे उन्नाव जिले के निवासी संजय सिंह द्वारा प्रत्येक वर्ष नवरात्र में दादरा स्थित देवी हिंगलाज धाम पर कन्या भोज का आयोजन किया जाता है। उसी परंपरा के तहत रविवार को मंदिर परिसर में कन्याभोज आयोजित हुआ। भोज प्रारंभ होने से पहले द्वारा संजय सिंह सपत्नीक द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम विधिविधान से किया गया। इस मौके पर मंदिर में देवी मां के भजन और आरती का कार्यक्रम भी चला। कन्या भोज में क्षेत्र की कन्याओं के साथ श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

### सदर विधायक ने पशु चिकित्सा वैन को किया रवाना



**सोनभद्र।** रविवार को जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट के प्रांगण में पशु सचल चिकित्सा इकाई वैन को हरी झंडी दिखाकर सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने रवाना किया। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पशुओं के संरक्षण व संवर्धन को लेकर कटिबद्ध है, बड़े पैमाने पर पशु आश्रय स्थल बनाए गए हैं। जहां पशुओं को सुरक्षित व संरक्षित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में पशुओं के चोट लगने या बीमार होने पर पशुपालन करने वाले लोगों के लिए गंभीर संकट उत्पन्न हो जाता था दूरदराज के इलाकों में घरेलू उपचार ही सहारा था जिससे जानकारी के अभाव में कभी-कभी पशुओं की जान भी चली जाती थी। अब ऐसा नहीं हो पाएगा पशु सचल चिकित्सा इकाई की वैन जानकारी मिलने पर तत्काल पशुपालकों के यहां पहुंचेगी जिससे पशुओं की बीमारी या चोट लगने का इलाज हो पाएगा। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि मानव जीवन के लिए पशुओं की महत्वपूर्ण भूमिका व आवश्यकता है, जिससे उनका संरक्षण व संवर्धन अनिवार्य रूप से किया जाना आवश्यक है।

### भाजपा के विरोध में कांग्रेसजनों ने की बैठक

**वाराणसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कराकर मोदी सरकार ने भारत में लोकतंत्र को समाप्त करने का जो कुत्सित प्रयास किया है उसके विरोध में काशी के वरिष्ठ एवं निष्ठावान कांग्रेसजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक वाराणसी ज़िला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रजा नाथ शर्मा जी के ईश्वरगंगी स्थित आवास पर संपन्न हुई। बैठक में सभी कांग्रेसजनों ने एक स्वर में राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने की तीव्र भर्त्सना की और कहा कि वर्तमान भाजपा की मोदी सरकार अडानी जैसे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए संसद में विपक्ष की आवाज़ का गला घोटना चाहती है। राहुल गांधी विपक्ष के एकमात्र ऐसे नेता हैं जो लगातार लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हर स्तर पर अपनी आवाज़ बुलंद कर रहे हैं।अडानी की सेल कंपनी में 20,000 करोड़ रू. कहां से आए और ये किसका धन है इस सवाल का सरकार जवाब क्यों नहीं दे रही है और समस्त विपक्ष की जेपीसी गठन करने की मांग से मोदी सरकार क्यों भाग रही है। बैठक समाप्त होने के बाद सभी नेतागण टाउनहाल स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष जाकर धरने पर बैठ गये,उपस्थित सभी नेताओं ने जनहित की इस लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्यरूप से श्री डा.राजेश मिश्रा,सतीश चौबे,अनिल श्रीवास्तव,डा.अनिल उपाध्याय,दुर्गा प्रसाद गुप्ता,गिरीश मिश्रा,देवेंद्र सिंह,अरविंद किशोर राय,अतुल मालवीय,विष्णु मिश्रा,पियूष अवस्थी,शिवजी सिंह,आशीष सिंह विक्की,विनोद सिंह,अशोक सिंह,मंगलेश सिंह,विकास कोंडिन्य,प्रमोद वर्मा उपस्थित थे।

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया आंदोलन

**वाराणसी।** रविवार को हमारे नेता राहुल गांधी जी के साथ एकजुटता और उनकी भारत के लोकतंत्र की रक्षा हेतु लड़ी जा रही लड़ाई के समर्थन में एनएसयूआई वाराणसी द्वारा काली पट्टी मुह पर बांध कर विरोध प्रदर्शन किया गया।। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत तिवारी का कहना था कि आप जिस तरह से विपक्ष के नेता माननीय राहुल गांधी जी के साथ जो व्यवहार बीजेपी सरकार कर रही है पूर्ण रूप से अलोकतांत्रिक है हम इसे लोकतंत्र की हत्या ना कहें तो क्या कहें क्यों मोदी जी की अडानी के मुद्दे पर बहस करने से डर रहे हैं यानी हम यह कह सकते हैं जिसके अंदर चोर होता है वही आंख छुपाता है यानी मोदी जी चोर हैं इसीलिए अडानी के मुद्दे पर बात करने से डर रहे हैं और हमारे नेता राहुल गांधी जी के सांसद सदस्यता को बर्खास्त किया है हम इसका पूर्वजो विरोध करते हैं।

# बूथ सम्मेलन में कार्यकताओं को विधायक ने दिए निर्देश

संवाददाता। चहनियां/चन्दौली

**समाजवादी** पार्टी हाईकमान के निर्देश पर बूथ जिला प्रभारी चंद्रभान यादव के देखरेख में क्षेत्र के कैलावर व नैढी गांव में बूथ स्तरीय सम्मेलन आयोजित हुई । जिसमें कार्यकर्ताओ को वोटरलिस्ट में नाम कटने वाले लोगो को जोड़ने व अन्य व्यवस्थाओ सुदृढ करने का निर्देश दिया ।

कैलावर व नैढी में सम्बोधित करते हुए विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि जिन लोगो का नाम वोटरलिस्ट से कट गया है या फिर नया नाम जोड़ना है उसके लिए कार्यकर्ता ईमानदारी से लगकर घर घर जाकर पता करें । बूथ अध्यक्ष से लेकर हर कार्यकर्ता इस कार्य मे लग जाय । आगामी चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ता कमर कस ले । उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई से लोग त्रस्त है । अधिकारी मनमानी कर रहे है । फिर भी सरकार चुप है । गरीब वर्ग की सुनने वाला कोई नही है । बेरोजगार युवाओं को नौकरी नही मिल रही है । एक पढ़ा लिखा युवक दूसरे के दुकानों पर नौकरी करने को बाध्य है । भ्रास्टाचार का बोलबाला है । जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है । आगामी चुनाव की तैयारी के लिए आप लोग अभी से लग जाय ।

सम्मेलन में समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष अनिल यादव,सुरेंद्र मौर्य,अनिल चौहान,सुभाष यादव,जिला पंचायत सदस्य रबिन्द्र यादव,तूफानी यादव,सन्तोष यादव,धर्मेंद्र यादव,प्यारे पासवान,भोला यादव,प्रभात यादव आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## दौलतपुर टीम ने जीती ठाकुर बाबा क्रिकेट प्रीमियर प्रतियोगिता

**नसीराबाद रायबरेली।** बिरनावां गांव में 20 मार्च से चल रही ठाकुर बाबा क्रिकेट प्रीमियर प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में रविवार को दौलतपुर और बिरनांवा की टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई। रोचक संघर्ष में बिरनांवा की टीम को हराकर दौलतपुर ने शानदार विजय हासिल की।

इसके पूर्व मुख्य अतिथि कुंवर सिंह, राजीव सिंह , और विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान भक्खू ने प्रतियोगिता के फाइनल की दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और संयुक्त रूप से मैच का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम का संचालन नीरज त्रिपाठी, और क्रिकेट कमेन्ट्री रवीन्द्र सिंह ने किया। अंपायर की भूमिका शिवनारायण व प्रिंस वर्मा ने निभाई की।

# अभियान में 25 बकायेदारों की बिबजली काटी

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**विद्युत** बकाया और अवैध कनेक्शन को लेकर विद्युत विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं इस दौरान कैंप लगाकर बिल में संशोधन और एकमुश्त समाधान इस स्कीम के तहत लोगों को छूट भी दी जाती है इसके बावजूद भी विद्युत बिल जमा करने से लोग कतरा रहे हैं। इसी क्रम में अधिशासी अभियंता मन्नू सिंह ने डलमऊ क्षेत्र के पूरे गौतमन ,कनहा, बिचला, गांव में विद्युत विच्छेद अभियान के तहत 25 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए अधिशासी अभियंता मन्नू सिंह, व उनकी विद्युत टीम संजय कुमार ,दिलीप कुमार सूर्य प्रकाश ,विजय ,ललित ,अमित की मौजूदगी में बकायेदारों के कनेक्शन कटवाने शुरू कर दिया इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई बकायेदारों के बीच अफरा तफरी मच गई। इस दौरान कुल 25 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए और कार्यवाही की गई जिसमें की राजस्व वसूली के दौरान एक लाख 55 हजार राजस्व वसूली की गई बिजली कट जाने से गांव के विद्युत उपभोक्ता काफी आक्रोशित नजर आए लेकिन कर भी क्या सकते हैं। ऐसे में गर्मी का माहौल शुरू होते ही विद्युत के बिना ना ही ठंडी हवा मिल सकती है और ना ही पानी। लेकिन मजबूरी यह है कि बकायदार छूट आने के बावजूद भी बिजली का बिल नहीं जमा करते है

### रात में कटिया डालने वालों के लिए विद्युत विभाग ने बनाया खास प्लान, ऐसे पकड़े जाएंगे

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता मन्नू सिंह ने बताया कि रात में गश्त करने से बिजली चोरों पर काफी असर पड़ने की संभावना है लोग कार्यवाही से बचने के लिए रात के समय अधिक बिजली चोरी करते हैं ऐसे में गस्त के दौरान इन बिजली चोरों की पहचान आसानी से की जा सकेगी और चोरी पर काफी हद तक लगाम भी लग सकेगी गश्त के दौरान पकड़े जाने पर कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।

# गिरीश चन्द्र यादव ने महोत्सव में टूलकिट व लैपटॉप का किया वितरण

संवाददाता। अमेठी



**श्री** रणंजय इंटर कॉलेज ग्राउंड गौरीगंज में आयोजित अमेठी महोत्सव-2023 के दूसरे दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महोत्सव में दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन/जनपद प्रभारी गिरीश चंद्र यादव ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत 40 लाभार्थियों को टूलकिट तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड अन्तर्गत 7 बच्चों को लैपटॉप का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्गेश त्रिपाठी सहित अन्य मा. जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। वही महोत्सव में आए लोगों ने खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में खादी से बने उत्पादों एवं अन्य उत्पादों की जमकर खरीदारी की एवं प्रदर्शनी का लुफ्त उठाया।

जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि खादी प्रदर्शनी में अब तक स्टाल धारकों द्वारा रुपए 661647 की बिक्री की जा चुकी है। इसके साथ ही महोत्सव में आये कलाकार अब्दुल सत्तार द्वारा गजल, अशोक महाराज एवं टीम द्वारा नटवरी कला कथक, चंदन तिवारी एवं टीम द्वारा भोजपुरी लोक गायन तथा जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। वही महोत्सव में फूड जोन, सेल्फी पाइंट, शॉपिंग जोन, विभिन्न स्टॉल लगाए गए थे जिनका जन सामान्य ने भरपूर लुफ्त उठाया। महोत्सव में आए हुए जन सामान्य को सूचना विभाग द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार साहित्य का वितरण किया गया।

## होली मिलन समारोह व कवि सम्मेलन



**मुसाफिरखाना ,अमेठी।** रविवार को क्षेत्र के गौतमपुर गांव में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं हिन्दू नव वर्ष नवरात्र के अवसर पर होली मिलन समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह व कार्यक्रम का संचालन किसान संघ के जिला अध्यक्ष हारित सिंह ने किया । कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले कवियित्री संध्या त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया ।इसके बाद कवियित्री संध्या त्रिपाठी ने मां की वंदना वीणा मधुर वजावत आओ गीत से कवि सम्मेलन की शुरूआत की ।वही कवि योगेश सिंह चौहान ने वीर रस कविता के माध्यम से कारगिल शहीद के उपर काब्य पाठ करते हुए दर्शको का मन मोह लिया और अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं का उत्साह वधन किया। अधिवक्ता व छंदकार राधेश्यामलाल श्रीवास्तव, हास्य व्यंग्य कवि शंभू नाथ पाठक अपनी कविता के माध्यम से लोगों को खूब हंसाया और अन्य कवियों ने भी कविता पाठ किया ।

# हिण्डाल्को को मिला सीआईआई नेशनल एचआर एक्सीलेंस अवार्ड

संवाददाता। सोनभद्र




**आदित्य** बिड़ला समूह की प्रमुख अल्युमिनियम उत्पादक कम्पनी हिण्डाल्को, रेणुकूट अपने उत्पत्ति काल से ही संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को हिण्डाल्को परिवार का दर्जा देते हुए उनके हर संभव विकास के लिए अनवरत प्रयासरत है। संस्थान का मानव संसाधन विकास विभाग प्रत्येक कर्मचारी व उनके परिवार के सुख दुख में भागीदारी निभाते हुए मानव संसाधन विकास का सर्वश्रेष्ठ मिसाल पेश कर रही है और यही कारण है कि हिण्डाल्को को 'बेस्ट प्लेस फर वर्क' में सर्वोत्कृष्ट स्थान हासिल है। इसी क्रम में एक्सिलेंस इन हयूमन रिसोर्स एवं प्रेक्टिसेज के लिए कान्फेडरेशन आफ इण्डियन इण्डस्ट्रीज सी.आई.आई. ने हिण्डाल्को रेणुकूट को सी.आई.आई. नेशनल एच.आर. एक्सिलेंस अवार्ड से सम्मानित किया। 24 मार्च 2023 को मुम्बई के द ललित होटल में आयोजित हुए 13वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सी.आई.आई. लीडरशिप कमेटी के चेयरमैन संजय बहल एवं सीनियर डायरेक्टर इन्द्रानी कर ने हिण्डाल्को के सी.एच.आर.ओ. समिक बसू, क्लस्टर के सी.ओ.ओ. एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एन. नागेश एवं क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह को ट्राफी एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधान वक्ता के रूप में बिरला कार्बन एवं आदित्य बिड़ला समूह के एच.आर. के ग्रुप डायरेक्टर एवं केमिकल्स के डायरेक्टर संत्रुप्त मिश्रा ने एच.आर. एक्सिलेंस एण्ड मैनेजमेंट विषय पर अपने विचार रखे तथा मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए हिण्डाल्को के सी.एच.आर.ओ. समिक बसू ने कल्चर एज ए ड्राइवर आफ आर्गनाइजेशन इफेक्टिवनेस विषय पर तो वही जसबीर सिंह ने क्रैकिंग द न्यू कोड आफ वर्कप्लेस लर्निंग इन द एज आफ टेक्नोलाजी एण्ड पर्सनलाईजेशन विषय पर अपने विचार रखे।

# दो मोबाइल वेटनरी यूनिट को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। रायबरेली



**मा0** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी द्वारा आज लखनऊ में पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अन्तर्गत 201 करोड़ रूपये की लागत से 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट का फ्लैग ऑफ एवं टोल फ्री नम्बर-1962 का वर्चुअल के माध्यम से शुभारम्भ किया गया। जनपद रायबरेली कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सलोन विधायक श्री अशोक कुमार, जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) श्री अमित कुमार व नगर मजिस्ट्रेट श्रीमती पल्लवी मिश्रा सहित पशु चिकित्साधिकारी सहित पशु चिकित्सको द्वारा वर्चुअल के माध्यम से देखा गया। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट के प्रांगण से सलोन विधायक श्री अशोक कुमार, जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजनान्तर्गत 02 मोबाइल वेटरनरी यूनिट को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में मोबाइल वेटरनरी यूनिट के माध्यम से जनपद के पुशपालकों के द्वार पर ही पशु को चिकित्सीय सहायता व उपचार की व्यवस्था उपलब्ध करायी जायेगी।

# लाभार्थियों को टूल किट और प्रमाणपत्र का किया गया वितरण

संवाददाता। सोनभद्र



**जनपद** सोनभद्र में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का समापन समारोह रविवार को आईटीआई कॉलेज राबर्टसगंज में किया गया। इस अवसर पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड, सांसद पकौड़ी लाल कोल सांसद राज्य सभा राम सकल जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना के माध्यम से प्राप्त लाभार्थी टूल किट के माध्यम से अपना रोजगार स्थापित करते हुए अपनी आमदनी को बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने कहा कि इस छह दिवसीय विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के ट्रेनिंग कार्यक्रम के लाभार्थियों का छह दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाया गया जिसमें लाभार्थियों को उनके ट्रेड से संबंधित जानकारी प्रदान की गई ट्रेनिंग के उपरांत लाभार्थियों को उनके ट्रेड से संबंधित टूल किट का वितरण किया जा रहा है एवं 1500 रुपये की धनराशि लाभार्थी के खाते में मानदेय के रूप ट्रेनिंग संस्था के द्वारा प्रेषित की जाएगी, यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसके माध्यम से लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध हो रहे हैं।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 27 मार्च, 2023



# शहरी परिवहन

## ओएनडीसी का प्रवेश

**शहरी परिवहन** में ओएनडीसी ने प्रवेश कर लिया है, पर इसका अस्तित्व ही संकटों में घिरा लग रहा है। ओपेन नेटवर्क डिजिटल कामर्स-ओएनडीसी का प्रवेश शहरी परिवहन क्षेत्र में बैंगलुरू की 'राइड-हेलिंग' कंपनी द्वारा कराया गया है। इसका उद्देश्य उबर व ओला जैसे एग्रीगेटर्स के बाजार प्रभुत्व पर नियंत्रण करना है। ओएनडीसी यूपीआई की तरह सरकार-संचालित प्रोटोकाल है। बताया जाता है कि वह कई अन्य शहरों में भी इस क्षेत्र की अनेक अन्य कंपनियों से बात कर रहा है। लेकिन इस तथ्य पर भी गौर किया जाना चाहिए कि अच्छे इरादों से शुरू ओएनडीसी में कुछ मूलभूत कमियां हैं। पिछले साल सितंबर में इसकी शुरुआत के समय दावा किया गया था कि इससे विशाल वैश्विक ई-कामर्स कंपनियों, जैसे अमेजन व वालमार्ट के एकाधिकार पर लगाम लगेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ओएनडीसी की शुरुआत वाले दिन ट्वीट किया था, 'ओएनडीसी यूपीआई के बाद वाणिज्य के लोकतांत्रीकरण में एक और गेमचेंजर विचार है। आज इसकी शुरुआत चयनित उपभोक्ताओं, विक्रेताओं व लाजिस्टिक प्रदाताओं के लिए की गई है। पसंद, सुविधा एवं पारदर्शिता के नए युग की तैयारी करें।' लेकिन भारत में एकाधिकारी व्यवहारों पर नियंत्रण का दायित्व भारतीय प्रतियोगिता आयोग-सीसीआई को मिला है। संसद ने 2002 में प्रतियोगिता कानून, 2002 को पास किया था जिसे राष्ट्रपति ने जनवरी, 2003 में अपनी सहमति दे दी थी। बाद में प्रतियोगिता संशोधन कानून, 2007 द्वारा इसमें संशोधन किया गया। संशोधित कानून के प्राविधानों के अनुसार भारत प्रतियोगिता आयोग तथा प्रतियोगिता अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना की गई। सीसीआई की वेबसाइट के अनुसार अब सीसीआई पूरी तरह सक्रिय है जिसके एक अक्ष्यक्ष व 6 सदस्य हैं। 20 मई, 2009 को स्पष्ट किया गया कि प्रतियोगिता कानून के प्राविधानों का संबंध प्रतियोगिता-विरोधी समझौतों तथा किसी बिजनेस में प्रभुत्वकारी स्थिति के दुरुपयोग से है। सीसीआई वेबसाइट के अनुसार, 'आयोग का विधिक दायित्व ऐसे व्यवहारों को हटाना है जिनका प्रतियोगिता, प्रोत्साहन व प्रतियोगिता बनाए रखने पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो। इसका उद्देश्य कानून की उद्देशिका तथा धारा 18 के अनुसार ग्राहकों के हितों को सुरक्षा देना तथा अन्य प्रतिभागियों द्वारा किए जा रहे व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना है।' आयोग को सरकार या विधिक अधिकरण को प्रतियोगिता संबंधी मुद्दों पर अपनी राय देने का अधिकार है तथा वह प्रतियोगिता कानून के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतियोगिता एडवोकेसी कर सकता है। इस दृष्टिकोण से देखने पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा इसी उद्देश्य से एक संस्था का गठन एक प्रकार से काम का दुहराव है। इसके साथ ही यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित सिद्धान्त से संगति में नहीं है। उन्होंने कई बार कहा है कि सरकार का काम बिजनेस करना नहीं है। इसी दृष्टिकोण पर चलते हुए सरकार सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों का निजीकरण कर रही है। लेकिन ओएनडीसी की शुरुआत कर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय संभवत: अर्थव्यवस्था में सरकारी हस्तक्षेप सुनिश्चित करना चाहता है। यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सुधार एजेंडा से असंगत लगती है। सरसरी तौर से देखने पर ओएनडीसी की नई पहल शानदार लगती है, पर यथार्थ में यह नए उभरते नीतिगत ढांचे से संगति में नहीं लगती है। अनेक अर्थशास्त्रियों व नीति-विश्लेषकों की सलाह है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को विनिर्माण क्षेत्र को गति देने के ज्यादा प्रयास करने चाहिए।



# दिव्यांगों का कौशल व समावेशन

यदि समुचित कौशल प्रदान किया जाए तो दिव्यांगों के लिए अवसरों की कमी नहीं है। सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

दिनेश सूद
(लेखक, कौशल विकास क्षेत्र में कार्यरत हैं)





**दिव्यांगजन** या विकलांगताओं से प्रभावित व्यक्ति एक महत्वपूर्ण सामाजिक समूह हैं, लेकिन विरले ही उनको उचित अवसर मिलते हैं। उनको समुचित कौशल तथा उचित मंच मिलना चाहिए जहां वे अपनी प्रतिभा तथा सृजनात्मक संभावनाओं का प्रदर्शन कर सकें। दुर्भाग्य से यह गलत धारणा व्याप्त है कि दिव्यांग अर्थव्यवस्था में सार्थक योगदान नहीं कर सकते हैं। दिव्यांगों में असाधारण संभावनायें होती हैं और वे अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। लेकिन उनको समुचित कौशल मिलना चाहिए जो उनके उपयुक्त हो।

विडंबना है कि दिव्यांग हमारी कुल जनसंख्या का 2 प्रतिशत से अधिक हैं, पर उनको मुख्यधारा विमर्श का हिस्सा नहीं बनाया गया है तथा समावेशन के माध्यम से उनका सशक्तीकरण नहीं हो रहा है। दिव्यांगों की रोजगार योग्य दर बहुत कम है। अनुमान है कि भारत के कुल 26 मिलियन दिव्यांगों में से केवल 36 प्रतिशत ही काम कर रहे हैं। दिव्यांगों पर केन्द्रीय जनसांख्यिकी व कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 64 प्रतिशत दिव्यांगों के पास रोजगार नहीं है। महिलाओं की तुलना में दिव्यांग पुरुषों के पास ज्यादा काम है। बाजार की एक रिपोर्ट 'अनअर्थ इन्साइट' के अनुसार 34 लाख दिव्यांगों में से लगभग 3 करोड़ को रोजगार मिला है, जबकि 1.3 करोड़ को और रोजगार दिया जा सकता है। इनमें से अधिकांश संगठित या असंगठित क्षेत्रों, सरकारी उद्यमों में या स्व-रोजगार के रूप में काम कर रहे हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि अधिकांश दिव्यांगों को रोजगार प्रदान किया जाए। लेकिन यह काम कैसे किया जाए?

दिव्यांगों व विकलांगताओं से ग्रस्त लोगों को गरिमापूर्ण व स्वतंत्र जीवन सुनिश्चित करने के लिए उनको उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जानी चाहिए। यह इसलिए जरूरी है कि उनको अपना कॅरियर चुनने की स्वतंत्रता हो तथा उनको रोजगार के समान अवसर मिलें। अनेक उदाहरण हैं जहां दिव्यांगों ने अनेक क्षेत्रों में अपने अदम्य साहस, प्रतिभा एवं प्रतिबद्धता के चलते शानदार उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उचित परिवेश, अवसर एवं कौशल मिलने पर वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। खासकर शिक्षा व कौशल-आधारित शिक्षा दिव्यांगों समेत सभी लोगों के सशक्तीकरण की कुंजी है। उचित भावनात्मक व व्यावहारिक कौशल मिलने पर दिव्यांगों के लिए रोजगारों की कोई कमी नहीं है।

सेवाप्रदाता दिव्यांग वयस्कों में कुछ महत्वपूर्ण रोजगार कौशलों की तलाश करते हैं। इनमें विस्तृत विवरणों पर ध्यान देना, संप्रेषण कौशल, समस्या प्रबंधन कौशल, समस्या-समाधान कौशल, टीमवर्क कौशल, समय प्रबंधन कौशल तथा जीवन कौशलों से स्वयं को समृद्ध करने की क्षमतायें शामिल हैं। इसी प्रकार दिव्यांगों में एकाउंटिंग, इंजीनियरिंग, तकनीकी लेखन, कंप्यूटर संबंधी रोजगार, स्वास्थ्यरक्षा, कॅरियर काउंसिलिंग, ग्राहक सेवाओं, बीमा एजेंट, मसाज थेरेपिस्ट, टेलीमार्केटियर, व्हीलचेयर से फोटोग्राफी, डेस्कटाप पब्लिशर, ग्राफिक डिजाइनर, वेब डेवलपर, बैंक टेलर, रिसेप्शनिस्ट, फाइनेंसिल एनालिस्ट, लैंडस्केपर या ग्राउंड्सकीपर जैसे कौशलों की तलाश की जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में भी दिव्यांग बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समान अवसरों को प्रदान करने वाली व्यवस्थाओं का महत्व रेखांकित किया गया है।

श्रवणशक्ति बाधित बच्चों के लिए एनसीईआरटी की कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक की पुस्तकों का भारतीय संकेत भाषा में परिवर्तन पूरा हो गया है। यह एक महत्वपूर्ण पहल है जिससे श्रवणशक्ति बाधित बच्चों को मुख्यधारा शिक्षा में लाने में सहायता मिलेगी। खुशी की बात है कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण की दिशा में कई कदम उठा रही है। दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास पैदा करना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ऐसा होने पर ही उनको आवश्यक कौशलों से लैस किया जा सकता है। दिव्यांग लोगों में प्रतिभाओं व क्षमताओं की कमी नहीं होती है और कुछ मामलों में वे सामान्य लोगों से बेहतर सिद्ध होते हैं। समावेशी विकास, प्रगति एवं विकास को दिव्यांगजनों की आकांक्षाओं के अनुरूप तथा उनको समाहित करने वाला होना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने राइट टु पर्सन्स विथ डिसेबिलिटीज़ एक्ट, 2016 पास किया जो 19 अप्रैल, 2017 से प्रभावी हो गया है। इसके अंतर्गत दिव्यांगजनों को सरकारी नौकरियों में 4 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। केन्द्र सरकार ने 3 दिसंबर, 2015 को 'सुगम्य भारत अभियान' शुरू किया था। इसके अंतर्गत दिव्यांग लोगों को समान पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास हो रहे हैं ताकि वे गरिमापूर्ण सार्थक जीवन जी सकें। सार्वजनिक इमारतों, परिवहन व्यवस्थाओं व सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी को इस अभियान में शामिल किया गया है। जनता की पहुंच की समस्याओं को देखते हुए एक मोबाइल एप विकसित किया गया है जो पहुंच की समस्याओं को त्वरित व व्यवस्थित रूप से हल कर सकता है। सरकार ने इंडियन साइन लैंग्वेज रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर-आईएसएलआरटीसी का गठन किया है जो श्रवण बाधित दिव्यांगों के सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करने तथा देश में संकेत भाषा विकसित करने का काम कर रहा है। अन्य कामों के साथ ही यह संस्थान लगातार संकेत भाषा शब्दकोषों का विकास कर रहा है जिसमें अब तक 10,000 से अधिक शब्द शामिल किए गए हैं।

सरकार एक विशिष्ट दिव्यांगता पहचान कार्ड-यूडीआईडी परियोजना क्रियान्वित कर रहा है जो दिव्यांग लोगों का राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करेगी। अब तक सभी राज्यों व संघशासित क्षेत्रों के 713 जिलों में 84 लाख यूडीआईडी कार्ड तैयार किए जा चुके हैं। मध्य प्रदेश में दिव्यांग खेल केन्द्र, ग्वालियर तथा नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड रिहैबिलिटेशन, सिहोर की स्थापना की जा रही है। दिव्यांग युवाओं व बच्चों के कौशलों व प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए 'दिव्य कला शक्ति' का आयोजन किया जा रहा है। दिव्यांगों को एक ऐसे प्रतिबद्ध कार्यक्रम की आवश्यकता है जो उनको रोजगार योग्य बनाने के लिए लाभदायक कौशलों से लैस कर सके। 'स्किल इंडिया मिशन' तथा 'कौशल रोजगार केन्द्र' द्वारा की जाने वाली कौशल-संवर्धन व रोजगार अवसर सृजन करने वाली गतिविधियों से करोड़ों दिव्यांगजनों को बाहर नहीं रखा जा सकता है। इसके लिए विशिष्ट एवं लक्षित दृष्टिकोण की जरूरत है।

हमारे पास राष्ट्रीय संस्था के रूप में स्किल कौंसिल फार पर्सन्स विथ डिसेबिलिटी-एससीपीडब्लूडी है जो दिव्यांगों को मुख्यधारा में लाने का काम कर रही है। इसके लिए कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से दिव्यांगों को मुख्यधारा समाज के गरिमापूर्ण जीवन में शामिल किया जाता है। इससे दिव्यांगजन अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं तथा देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था को गति देने में अपना योगदान करते हैं। कौशल प्रशिक्षण प्रशिक्षित व पंजीकृत प्रशिक्षकों के माध्यम से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केन्द्रों में भी दिया जाता है। प्रशिक्षकों को विशिष्ट प्रकार की दिव्यांगताओं को केन्द्र में रखते हुए एनएसक्यूसी-संस्तुत रोजगार भूमिकाओं में प्रशिक्षण देने के लिए तैयार किया जाता है। प्रशिक्षकों को दिव्यांगता उन्मुखीकरण व उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार के प्रमाणपत्र भी दिए जाते हैं।

वर्तमान समय में हम लोगों को कौशल प्रशिक्षण में समावेशी दृष्टिकोण नहीं अपना रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में कारीगरों पर ध्यान दिया जा रहा है, जबकि बढ़ई, लुहार, मूर्तिकार व इमारत निर्माण कारीगर समाज का अभिन्न अंग हैं और उनको समाज की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप समुचित प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है। दिव्यांगजनों पर उनके कौशल के दृष्टिकोण से बातचीत विरले ही होती है। समाज के हर वर्ग का सशक्तीकरण देश की विकास यात्रा के लिए जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह तर्क एकदम सटीक है कि कारीगरों को आसान कर्ज, कौशल प्रशिक्षण, तकनीकी समर्थन, डिजिटल सशक्तीकरण, ब्रांड प्रोत्साहन, मार्केटिंग व कच्चे माल के रूप में समर्थन मिलना चाहिए। परंपरागत कारीगरों व दस्तकारों का विकास उनकी समृद्ध परंपरा को बनाए रखते हुए होना चाहिए और इसमें दिव्यांगों को शामिल किया जाना चाहिए।

# पर्यावरण के लिए हानिकारक ई-कचरा

साक्षी सेठी
(लेखिका पेशे से शिक्षिका हैं)



> ई-कचरा न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी एक बढ़ती हुई चिंता है।

**क्रिश्चियन** लूस लैंग कहते हैं, प्रौद्योगिकी एक प्रभावी सेवक है लेकिन एक खतरनाक स्वामी है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हर कोई किसी न किसी तरह से प्रौद्योगिकी का आदी है। सभी ने एक वायर्ड टेलीफोन से पहले सेल फोन के बाद नवीनतम, नवीनतम, सेल फोन का हल्का और बेहतर संस्करण। हालाँकि, क्या हमने कभी सोचा है कि आज की तकनीक किसी दिन अप्रचलित हो जाएगी? आज, प्रौद्योगिकी ने शिक्षा, चिकित्सा या परिवहन में प्रगति से लेकर समाजीकरण, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल और उत्पादकता तक आसान पहुँच तक लगभग हर पहलू को प्रभावित किया है। हर साल बड़ी टेक कंपनियां अपने डिवाइस के नए वर्जन लेकर आती हैं। इससे बाजार अपने अद्यतन संस्करण में स्थानांतरित हो जाता है। नतीजतन, कई लोग अपने फोन या गैजेट्स को नए के साथ बदलते हैं, जिससे बहुत अधिक ई-कचरा होता है। आज, लगभग 10 बिलियन लोगों के पास स्मार्टफ़ोन हैं, और 3-4 वर्षों में इन उपकरणों की मरम्मत के बिना पहले से मौजूद ई-कचरे की भारी मात्रा में वृद्धि होगी।

हालांकि नवीनतम गैजेट खरीदने से व्यक्ति अपडेट रहता है, लंबे समय में उनका निरंतर उपयोग हमारे ग्रह के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। एक शोध के अनुसार, चीन और अमरीका के बाद भारत तीसरा सबसे बड़ा ई-कचरा उत्पादक है। ई-कचरा या इलेक्ट्रॉनिक कचरा दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला कचरा प्रवाह है। इसमें बेकार पड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, टैबलेट, नोटपैड, कंप्यूटर, रेडियो और टेलीविजन शामिल हैं। कंप्यूटर उपकरणों में लगभग 70 प्रतिशत ई-कचरा होता है, जिसके बाद दूरसंचार क्षेत्र, चिकित्सा उपकरण और बिजली के उपकरण आते हैं। दुर्भाग्य से, ये उपकरण लैंडफिल में समाप्त हो जाते हैं, जहां वे खतरनाक गैसों को वातावरण में छोड़ते हैं। इस प्रकार जारी विषाक्त घटक त्वचा की जलन, फेफड़ों के संक्रमण, गुर्दे की समस्याओं, मतली और अन्य के मामले में मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। वे मिट्टी के प्रदूषण, पर्यावरण को प्रदूषित करने और सबसे महत्वपूर्ण रूप से वन्यजीवों को नुकसान और खतरे में भी योगदान देते हैं। हाल के एक अध्ययन के मुताबिक, ई-कचरा खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है और हर साल 5.3 अरब फोन फेंक दिए जाते हैं। पिछले 5 वर्षों से, कचरे में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 2030 तक 74.2 मीट्रिक टन तक पहुंचने की उम्मीद है। यदि ठीक से पुनर्नवीनीकरण या निपटान नहीं किया जाता है, तो ई-कचरे में भारी धातुएं जहरीले पदार्थों का उत्सर्जन करती हैं जो गंभीर पर्यावरणीय चिंता का कारण बनती हैं। व्यक्तिगत स्तर पर, ऐसे कई समाधान हैं जो ई-कचरे को कम करने में मदद कर सकते हैं जैसे कि नया खरीदने के बजाय स्मार्टफोन की मरम्मत पर विचार करना या स्कूलों या धर्मार्थ संगठनों को लैपटॉप, कंप्यूटर या नोटपैड जैसे पुराने उपकरण दान करना पसंद करना उत्पाद के लिए उपयोग करें।



हाई-स्कूल के छात्रों को ई-कचरे के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करने से इसके प्रसार को रोकने पर अधिक प्रभाव पड़ता है। क्लाउड कंप्यूटिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी तकनीक में बदलाव को अपनाने से डीमैटरियलाइजेशन में भी मदद मिल सकती है। भारत में, कई ई-कचरा रीसाइक्लिंग स्टार्टअप जैसे कैशिफाई, एटटेरो रीसाइक्लिंग, नमो ई-कचरा, बिनबैग और कई अन्य ई-कचरे की किफायती और जिम्मेदार निपटान तकनीकों को अपनाकर संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से सामने आए हैं। ये स्टार्टअप सामाजिक और औद्योगिक रूप से लाभकारी कच्चे माल जैसे मूल्यवान धातु, प्लास्टिक और कांच में कचरे को स्थानांतरित करने के अवसर पैदा करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। वे भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल सरल, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं।

जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव बढ़ते हैं, यह इसके नागरिकों की जिम्मेदारी बन जाती है कि वे ग्रह की मदद करें और ई-कचरे के मुद्दों को रोकें। साथ ही, 5 प्रतिशत क्रांति के साथ पुराने स्मार्टफोन को रीसायकल करना अनिवार्य है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि अंतर केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही लाया जा सकता है। ई-कचरा न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी एक बढ़ती हुई चिंता है, जैसे ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पेश किए जाते हैं, एक व्यक्ति का लालच उन्हें नवीनतम खरीदने के लिए प्रेरित करता है जबकि पुराने अलमारी की दराज में जगह लेते हैं। अप्रचलित उपकरणों के पुनर्चक्रण के लिए हमें एक सुरक्षित चैनल की आवश्यकता है।

## आप की बात

### किसानों की स्थिति

**आज** कृषि क्षेत्र की असली चुनौती कृषि पैदावार और बाजार भाव में अनिश्चय की स्थिति और उत्पादों का सही भंडारण व कृषि उत्पादों की बिक्री के लिए स्थानीय विपणन नेटवर्क का उपलब्ध न होना है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती मंहगाई के दौर में किसानों को खेती से पर्याप्त आय न मिल पाने से लोग खेती-बारी से दूर होते जा रहे हैं। भारत में सबसे अधिक गांव हैं और गांवों में रहने वाले अधिकतर व्यक्ति किसान हैं। आज किसान की दशा बद से बदतर होती जा रही है। आखिर किसान गरीब क्यों है? किसानों की दशा सुधारने के लिए जो उपाय किए गए उनका अब तक कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। देश में किसानों की खेत मजदूरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। किसान अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा भी नहीं दिला पा रहा। यदि फसल अच्छी न हो तो किसान बरबाद हो जाता है तथा यदि फसल अच्छी हो जाए तो मंडी में उपज का सही दाम नहीं मिलता। भूजल के स्तर में भारी गिरावट भी किसान की बदहाली का कारण मानी जा सकती है। इस कारण लोग खेती छोड़कर अलग-अलग पेशा अपना रहे हैं। गरीब किसानों व खेतिहर मजदूरों के विकास को वरीयता देना केन्द्र व राज्य सरकारों के लिए जरूरी हो गया है।

**पूजा गुप्ता**, मिर्जापुर

### महिला सशक्तीकरण

**आज** दुनिया 900 मिलियन किशोर लड़कियों और युवा महिलाओं की परिवर्तनकारी पीढ़ी का घर है जो काम और विकास के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार है। भारत ने सतत विकास लक्ष्य 5 की उपलब्धि में मदद करने के लिए व्यवहार्य ढांचे की स्थापना की है जो 2030 तक दुनिया को और अधिक लिंग समान स्थान बनाने की कल्पना करता है। लेकिन घरेलू जिम्मेदारियों का बढ़ा हुआ बोझ आमतौर पर भारतीय महिलाओं को उठाना पड़ता है। उनको न केवल घर के काम बल्कि बुजुर्गों की देखभाल और बच्चों की पढ़ाई के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत होती है। निर्णय लेने और शारीरिक स्वायत्तता हेतु महिलाओं को अपने शरीर के बारे में निर्णय लेने के लिए सशक्त होने की आवश्यकता है। महिलाओं को अनेक रूढ़ियों का सामना करना पड़ता है। इनका मुकाबला करने के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम में महिला वित्तीय शिक्षा और उद्यमिता पाठ्यक्रम को शामिल करने की आवश्यकता है। इंटरनेट लड़कियों को डिजिटल समावेशन के माध्यम से ज्ञान तक समान पहुंच प्रदान कर सकता है। महिला सशक्तीकरण के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है।

**प्रियंका सौरभ**, हिसार


### भारतीयों की सुरक्षा

**विदेशी** नागरिकों को उनकी संपत्ति धार्मिक प्रतीकों के साथ ही सामाजिक परंपराओं की सुरक्षा मुहैया कराना उस देश की जवाबदारी होती है जहां वे रह रहे हैं। पूर्ण सुरक्षा देना सरकार का कर्तव्य होता है लेकिन हाल में आस्ट्रेलिया सहित कनाडा, इंग्लैंड, पाकिस्तान जैसे कई देशों में भारतीयों को निशाना बनाया जा रहा है। ब्रिटेन में सिख युवक की पगड़ी खोलना उसके साथ मारपीट करने जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। मंदिरों पर हमले और तोड़फोड़ व आगजनी पाकिस्तान के अलावा ऑस्ट्रेलिया में भी हुई है। लंदन में भारतीय उच्चायोग को अलगाववादियों ने निशाना बनाया भारत लगातार अपने यहां रह रहे विदेशी लोगों की सुरक्षा और व्यवस्था में मुस्तैद रहा है, फिर भारतीय निशाने पर क्यों? भारत को ऐसी घटनाओं को सभी मंचों पर उठाना चाहिए। वैसे लंदन की घटना के बाद प्रतीकात्मक रूप से दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग के सामने लगे बैरियर हटा कर मोदी सरकार ने सही संदेश दिया और उसे फौरन सुना भी गया। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए कठोर कदम जरूरी हैं।

**अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**अल्पसंख्यकों** के लिए आरक्षण संवैधानिक तौर पर वैध नहीं है। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है।

**-अमित शाह**
केंद्रीय गृह मंत्री



**कांग्रेस** का मतलब भ्रष्टाचार, दलाली, बंटवारा करने वाली, भाई-भतीजावाद एवं परिवारवादी पार्टी है।

**-जेपी नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष



**कांग्रेस** ने पिछड़े वर्गों के लिए बहुत कुछ किया है और इसका इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा कि उसने मेरे जैसे ओबीसी नेता को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाया।

**-अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

# मां सरयू के तट पर बह रही भगवत चर्चा की गंगा



### श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की प्रेरणा से मनाया जा रहा है नौ दिवसीय जन्मोत्सव

**अयोध्या।** भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट प्रेरणा से श्रीराम जन्म महोत्सव समिति द्वारा मनाया जा रहा नौ दिवसीय प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव के पंचम दिवस की बेला में मां सरयू के कल कल बहती धारा उस समय संगीत के मय गई जब विद्वान जनों द्वारा प्रभु श्रीराम के चरित्र का गुणगान किया जाने लगा। सांस्कृतिक बेला के अवसर पर श्री राम और श्रीमद् भागवत कथा के मर्मज्ञ राधेश्याम शास्त्री जी महाराज ने कहा कि प्रभु श्री राम ने केवल राज्य नहीं किया बल्कि एक सभ्य समाज का निर्माण किया और जब-जब समाज का अस्तित्व खतरे में होता है तो किसी न किसी रूप में प्रभु का अवतार होता है। उन्होंने कहा कि श्री राम के कथा श्रवण से चरित्र का निर्माण होता है इसलिए परिवार सहित प्रभु श्री राम के कथा तो श्रवण करना चाहिए। वर्तमान समय में समाज जो भी कुरीतियां व्याप्त है वह केवल रामकथा से ही दूर कि जा सकता है। सांस्कृतिक संध्या के सत्र में शिवम जी महाराज ने प्रभु श्री राम के नाम की व्याख्या करते हुए कहा कि नाम स्मरण से ही नवीन चरित्र का निर्माण करता। आचार्य लक्ष्मण जी महाराज ने राम राज्य की व्याख्या करते हुए कहा कि जब तक चरित्र का निर्माण नहीं होगा तब तक रामराज्य नहीं हो सकता है इसलिए कथा श्रवण कर चरित्र का निर्माण करना ही आवश्यक है। आचार्य जितेंद्र महाराज ने अयोध्या और सरयू की व्याख्या करते हुए कहा कि मां सरयू के स्मरण मात्र से ही त्रेता युग याद आ जाता है कि हमारे प्रभु इन्हीं मां की गोद में खेले और बड़े हुए इसलिए मां के कण को अगर कोई अपने हृदय में धारण करता है तो उसका जीवन धन्य धन्य हो जाता है। अंत में भगवत चर्चा की अध्यक्षता करते हुए उदासीन आश्रम के श्री महंत डॉ भरत दास ने भजन और साधुता की व्याख्या करते हुए कहा कि संत हमेशा सेवा के उद्देश्य से अपना जीवन जीता है और सेवा से ही भक्ति प्राप्त होती है और भक्ति ही एक ऐसा सरल मार्ग है जिससे अपने आराध्य को प्राप्त किया जा सकता है इसलिए प्रत्येक मनुष्य को जितना समय मिले अवध वास करके भक्ति को धारण करना चाहिए। सांस्कृतिक संध्या के भागवत चर्चा सत्र का संचालन डॉ जनार्दन उपाध्याय ने किया सभी अतिथियों का स्वागत तिवारी मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने किया।

# निरंकारी संत माता सुदीक्षा ने दिया मानवता के नाम संदेश

### परेड ग्राउण्ड में आयोजित 44वें प्रादेशिक निरंकारी संत समागम में जुटे लाखों भक्त



**प्रयागराज।** संसार में इंसानियत और रूहानियत के संगम की नितान्त आवश्यकता है। जब आत्मा परमात्मा को जानकर अर्थात रूहान से जुड़कर रूहानी हो जाती है तो इंसानियत भी स्वाभाविक रूप से जीवन में आ जाती है। यह बातें सद्गुरू माता सुदीक्षा ने परेड ग्राउण्ड प्रयागराज में आयोजित 44वें प्रादेशिक निरंकारी संत समागम में लाखों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों के मध्य मानवता के नाम संदेश देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि युगों युगों से भक्तों ने यही संदेश दिया है कि इंसानी तन में ही यह आत्मा अपने मूल स्वरूप को जान सकती है जिससे कि यह जन्मों जन्मों से बिछड़ी हुई है। उन्होंने फरमाया कि संतों ने हमेशा आध्यात्मिकता को ही प्राथमिकता दी है। हमें अपनी भौतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुये ही अपने सारे कर्तव्यों को निभाना है क्योंकि भक्ति गृहस्थ जीवन में ही की जा सकती है। अपने सांसारिक दायित्यों को पूरा करते हुये हर पल की भक्ति करनी है। भक्तों ने हमेशा यही सिखाया है कि हमें अपने आचरण में प्रेम नम्रता विशालता आदि दिव्य गुणों को समाहित करना है और अहंकार को स्वयं से दूर रखना है। जीवन जीने का सार भक्ति है और भक्ति से जीवन जीना बहुत ही सहज हो जाता है। निरंकारी मिशन का यही संदेश है कि जब परमात्मा से एकत्व हो जाता है तो सारे संसार में भिन्नता होने पर भी सभी से एकत्व हो जाता है। परमात्मा एक ही है ऐसा जान लिया तो इसकी बनाई रचना से स्वयं ही प्रेम हो जाता है और सभी के अंदर परमात्मा के दर्शन होने लगते हैं। इस प्रकार का जीवन जो व्यक्ति जीता है उसका जीवन श्रेष्ठ जीवन होता है और दूसरों के लिये भी प्रेरणा का स्रोत बन जाता है। निरंकारी संत समागम के दूसरे दिन का शुभारम्भ समागम स्थल पर सद्गुरू माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी संत के स्वागत के साथ हुआ। उनके आगमन पर समागम समिति के सदस्यों द्वारा फूलों का गुलदस्ता भेंट किया गया। फूलों से सजी हुई पालकी में विराजमान दिव्य जोड़ी की मुख्य मंच तक अगुवाई की गई। पालकी के दोनों ओर श्रद्धालु भक्तों ने भावविभोर होकर जयघोष करके अपने सद्गुरू का अभिनंदन किया। सेवादल रैली में सम्मिलित हुये स्वयं सेवकों को पावन आशीर्वाद देते हुये सद्गुरू माता ने फरमाया कि निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही वास्तविक सेवा कहलाती है। सेवा का कोई दायरा नहीं होता है। सेवादार जहां अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाते हैं वहीं मानव सेवा के प्रत्येक अवसर पर सदैव तत्पर रहते हैं।

# श्रावस्ती में युवा उत्सव की धूम




**श्रावस्ती।** विकास खण्ड इकौना अन्तर्गत कटरा श्रावस्ती स्थित चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र श्रावस्ती के सौजन्य से युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र कोमल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मा० विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रतिबद्ध है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य आम जन के जीवन को सुखमय बनाना है। यह तभी होगा जब क्रियान्वयन एजेंसी और स्थानीय लोगों के बीच बेहतर समन्वय हो। योजना के मूल उद्देश्यों एवं क्रियान्वयन के तौर-तरीकों के बारे में स्थानीय लोग जागरूक हों। यह जागरूकता युवा मण्डल के सदस्य पैदा कर सकते हैं। नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं युवा मण्डल आन्दोलन का उद्देश्य केवल समस्याओं की पहचान नहीं अपितु समस्याओं के समाधान में युवा मण्डलों की भूमिका सुनिश्चित करना है। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर प्रतियोगिताएं कराई गईं जिसमें भाषण प्रतियोगिता में शिवांगी शुक्ला प्रथम प्रेम शर्मा द्वितीय अंकिता यादव तृतीय चित्रकला प्रतियोगिता में शांति देवी पांडे प्रथम आकांक्षा सिंह द्वितीय नीतू वर्मा तृतीय कविता प्रतियोगिता में दिव्यिका पांडे प्रथम सविता देवी द्वितीय अंशिका सोनी तृतीय फोटोग्राफी में स्वप्निल चौधरी प्रथम वीरेंद्र जायसवाल द्वितीय निश्चल श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्रुप डांस में सुशील राणा प्रथम सोनिका पटेल द्वितीय एवं उन्नति तृतीय स्थान पर रहीं। इस दौरान सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाशित फोल्डरध्प्रचार साहित्य ष्सुशासनए विकासए रोजगार.डबल इंजन की सरकारष् का वितरण कर आम जनमानस को जागरूक किया गया। इस अवसर पर आशुतोष पाण्डेयए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गिलौला प्रकाश चन्द्रए जिला युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्राए प्राचार्य धर्मेंद्र गुप्ताए प्रधानाचार्य मुन्ना लाल यादवए कादंबिनीए अनिल कुमार श्रीवास्तवए राजेश कुमार यादवए प्रशांत तिवारीए नवीन चौधरी सहित नेहरू युवा केंद्र के सदस्यगण तथा प्रतिभागी बच्चे मौजूद रहे।

## सोनी, मल्लिका मिस व प्रभजीत, जैनेंद्र मिस्टर फ्रेशर चुने गए



मिल्कीपुर अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग में फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ एस सी विमल व अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्वलन कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना गीत गाकर शिक्षकों का स्वागत किया। फ्रेशर पार्टी के दौरान मिस व मिस्टर चुने जाने को लेकर छात्र.छात्राओं में होड़ मची रही। प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं ने गीत एवं संगीतए नृत्य सहित कई प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया एवं कलाओं का प्रदर्शन किया। एमएससी प्रथम वर्ष के प्रभुजीत शुक्ला एवं सोनी यादव और पीएचडी प्रथम वर्ष से जैनेंद्र प्रताप एवं मल्लिका जयसवाल को मिस्टर एवं मिस फ्रेशर चुना गया। मिस एवं मिस्टर फ्रेशर चुने जाने को लेकर विभागाध्यक्ष डॉ एस सी विमल ने विजेता प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं को सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए इससे उनकी प्रतिभा है सामने निखर कर आती है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के शिक्षकए वैज्ञानिकए कर्मचारी व छात्र.छात्राएं मौजूद रहे।

## सुरेश पाठक तीसरी बार सिविल लाइन प्रेस क्लब अध्यक्ष बने



**अयोध्या।** प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या का द्विवार्षिक चुनाव आज प्रेस क्लब में चुनाव अधिकारी डॉ सुमन गुप्ता की देखरेख में संपन्न हुआ। सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें प्रेस क्लब के अध्यक्ष के रूप में तीसरी बार सुरेश पाठक निर्विरोध निर्वाचित हुए। और उपाध्यक्ष के पद पर आरके सिंह व बीएन दासए तथा सचिव के पद पर नाथ बक्स सिंह उपसचिव इंदु भूषण पांडेए उग्रसेन मिश्राए कोषाध्यक्ष विमलेश कुमार तिवारीए कार्यकारिणी सदस्य त्रियुग नारायण तिवारीए अरसद अफजालए कृपा शंकर पांडेए अनिल अग्रवालए प्रदीप पाठकए डॉ सुमन गुप्ताए जयप्रकाश सिंहए अंजनी सिन्हाए प्रेस से मिलिए कार्यक्रम के लिए रमेश त्रिपाठीए अरुण दासए हरिश्चन्द्र सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुएए उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी एसएन सिंह ने दी

## विवेकपूर्ण वित्तीय आचरण और ऋण अनुशासन को बढ़ावा

प्रयागराज।यूएसएफबीएल। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश राज्य के प्रयागराज मिर्जापुर और जौनपुर क्षेत्रों में तीन बैंकिंग शाखाएँ खोलने की घोषणा की। इनके साथ बैंक देश भर में छब्बीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैली आठ सौ अट्ठाइस शाखाओं तक पहुंच गया है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है। बैंकिंग शाखाओं के लांच से लोकल कम्युनिटी की एंटरप्रेन्योरशिप की भावना को सपोर्ट और बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। यह लोकल कम्युनिटी को एक ऐसे ऑप्शन पर विचार करने का अवसर देता है। बल्कि रोजगार और उपलब्धि के वातावरण के निर्माण के लिए एक समर्थक के रूप में भी कार्य करता है। यह बैंकिंग शाखाएँ वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच वाले आर्थिक रूप से कमजोर या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए माइक्रो बैंकिंग लोन प्रदान करेंगे। पिछले लोन के पुनर्भुगतान के बोझ को कम करने के प्रयास में उत्कर्ष एसएफबीएल इन शाखाओं के लांच के साथ संयुक्त देयता समूह जेएलजी मॉडल लेकर आया है। जो व्यक्तियों को व्यक्तिगत आधार पर कोलेटरल या सिक्योरिटी प्रदान किए बिना लोन लेने में सक्षम बनाता है। म्यूचुअल सपोर्ट समूह के बीच विवेकपूर्ण वित्तीय आचरण के माध्यम से ऋण अनुशासन को बढ़ावा देता है।

## स्वर्णिम वर्षों के लिए योजना बनाने में हों सक्षम

प्रयागराज। देश की जीवन बीमा कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफने स्मार्ट पेंशन प्लस लांच किया है। एक ऐसी योजना जो लोगों को सेवानिवृत्ति के बाद नियमित और गारंटीशुदा आय के रूप में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। अनीश खन्ना हेड प्रोडक्ट्स एंड सेगमेंट एचडीएफसी लाइफने कहा भारत में रिटायरमेंट सेविंग गैप दो हजार पचास तक 85 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। बढ़ती महंगाई बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल लागत और उच्च जीवन प्रत्याशा के साथ यह अनिवार्य है कि व्यक्ति अपनी कमाई के वर्षों से परे एक नियमित आय की योजना बनाएं। नवीनतम पेशकश एचडीएफसी लाइफस्मार्ट पेंशन प्लस एक अनूठी वार्षिकी योजना है। जिसे सेवानिवृत्ति के बाद के जीवनकि विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। यह योजना कई सही गारंटीकृत आय विकल्प प्रदान करती है। नियमित प्रीमियम का भुगतान करने और ज्वाइंट लाइफकवर लेने का विकल्प हमारे देश की आबादी के एक बड़े वर्ग को अपने स्वर्णिम वर्षों के लिए पहले से योजना बनाने में सक्षम बनाएगा।

# लगातार तीन बार विधायक रहे अब्दुल कलाम को सपा ने सौंपी जिले की कमान



**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने 25 जिलों में नए जिलाध्यक्षों का मनोनयन किया है। जिसमे संतकबीरनगर में सपा के पूर्व विधायक अब्दुल कलाम को जिलाध्यक्ष बनाया है। अब्दुल कलाम के जिलाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। अब्दुल कलाम मेंहदावल विधान सभा से तीन बार विधायक रह चुके है। वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव में उनको खलीलाबाद विधान सभा से टिकट मिला था, लेकिन अंतिम दौर में उनका टिकट काट कर दिग्विजयनारायण उर्फजय चौबे को प्रत्याशी बना दिया गया था। जिससे अब्दुल कलाम के समर्थकों में नाराजगी थी। रविवार को जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद अब्दुल कलाम के आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। नवागत जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने कहाकि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसका वह बखूबी निवर्हन करेंगे। निकाय चुनाव में सभी सीटों पर पार्टी प्रत्याशी को जिताने का कार्य करेंगे। इसके साथ ही जिले में संगठन को मजबूत किया जाएगा। एक-एक कार्यकर्ता का सम्मान किया जाएगा। जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जिले की कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। देर शाम तक उनके आवास पर कार्यकर्ताओं की भीड़ लगी रही।

## उदया इण्टरनेशनल को सीबीएसई की मिली मान्यता

**संतकबीरनगर।** समाजसेवी/उदया इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक उदय राज तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि सीबीएसई बोर्ड से सम्बन्ध उदया इण्टरनेशनल स्कूल को 10वीं तक की मान्यता प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि जनपद के पश्चिम क्षेत्र में उदया इण्टरनेशनल स्कूल हजारो बच्चों से जुड़ा है अब उन्हें परीक्षा के दौरान किसी अन्य स्कूल नही जाना होगा। विद्यालय प्रबंधन बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए संकल्पित है। छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिले इसके लिए विद्यालय प्रबंध तंत्र पूरी तरह तत्पर है। विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सारी सुविधाएँ उपलब्ध है। इसकी सूचना विद्यालय के प्रबंधक उदय राज तिवारी ने दिया। विद्यालय की मान्यता प्रदान होने की सूचना से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## भाजपा की नई टीम में संतकबीरनगर से त्रयम्बक व एमएलसी सुभाष को मिली जगह



**संतकबीरनगर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार की देर शाम जारी किये गये पत्र में नई कार्यकारिणी के गठन में प्रदेश कार्यकारिणी में जनपद संतकबीरनगर के दो वरिष्ठ नेताओं को स्थान दिया है जिससे पार्टी को ऊर्जा के साथ नई ताकत आगामी निकाय व लोकसभा चुनाव में मिलेगी। जारी किये गये पत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष में जनपद संतकबीरनगर के त्रयम्बक नाथ त्रिपाठी को जगह मिला वही एमएलसी सुभाष यदुवंश को प्रदेश महामंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। त्रयम्बक नाथ त्रिपाठी संघ से सफर करने के साथ कई महत्वपूर्ण पदो पर रह चुके है पार्टी को पर्दे के पीछे से पूरी तरह से मजबूत करने का काम करते है। प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक नाथ त्रिपाठी व प्रदेश महामंत्री/एमएलसी सुभाष यदुवंश को जनप्रतिनिधियों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया है।

## सांसद फूलपुर ने दिव्यांगजनों को बांटीं मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल



**प्रयागराज।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित योजनान्तर्गत रविवार को जिला पंचायत परिसर में निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केशरी देवी पटेल सांसद फूलपुर प्रयागराज विशिष्ट अतिथि पीयूष रंजन निषाद विधायक विधानसभा क्षेत्र करछना डा के पी सिंह निर्मला पासवान सदस्य विधान परिषद प्रयागराज के साथ 120 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर गौरव कुमार मुख्य विकास अधिकारी भोला नाथ कनौजिया जिला विकास अधिकारी अशोक कुमार मौर्य परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण प्रयागराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा कुल 120 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण कर लाभान्वित कराया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नन्द किशोर याज्ञिक ने दी।

## कार्यकाल बढ़ने के बाद कुलपति ने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

मिल्कीपुर अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्यकाल बढ़ाए जाने के बाद परिसर स्थित नरेंद्र उद्यान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति को बधाई देने के लिए नरेंद्र उद्यान में रविवार को शिक्षकए वैज्ञानिक व कर्मचारी एकजुट हो गए। कुलपति ने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी क्रम में सभी कर्मचारियों के लिए प्रशासनिक भवन में कुलपति की ओर से मिष्ठान का वितरण किया गया और सभी लोगों ने मिठाई खाकर अपना मुंह मीठा किया। इस दौरान सभी ने कुलपति डाण् बिजेंद्र सिंह के उज्वल भविष्य की कामना की।

# न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर नए मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल ने दिलाई शपथ



संवाददाता। प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति के रूप में यहीं के वरिष्ठ न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर को आज उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में संपन्न हुआ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह ठीक 11 बजे मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह के बाद राज्यपाल ने सभी न्यायमूर्तियों से मुलाकात की। राज्यपाल के साथ फोटो सेशन का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में इलाहाबाद और लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति शामिल हुए। मुख्य न्यायाधीश के परिवारी जन तथा रिश्तेदार एवं मध्य प्रदेश के कार्यरत चार न्यायाधीश भी शपथ समारोह में शामिल हुए। न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से विधि की पढ़ाई करने के बाद छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में वकालत शुरू की। 2005 में वह बतौर वरिष्ठ अधिवक्ता नामित हुए थे। इसके बाद 2009 में वह छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति बने। 2018 में उनका स्थानांतरण इलाहाबाद उच्च न्यायालय कर दिया गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायमूर्ति रहे राजेश बिंदल को उच्चतम न्यायालय का न्यायमूर्ति बनाए जाने के बाद वह यहां पर कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति के रूप में नियुक्त हुए। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की संस्तुति के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किया। इस अवसर पर लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा न्यायमूर्ति विवेक कुमार विरला न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल न्यायमूर्ति डॉ के जे ठाकर न्यायमूर्ति पंकज भाटिया न्यायमूर्ति कृष्ण पहल न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवस्तव न्यायमूर्ति डॉ गौतम चौधरी न्यायमूर्ति एम सी त्रिपाठी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव प्रदेश सरकार की ओर से काबीना मंत्री सुरेश खन्ना मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा महाधिवक्ता अजय मिश्रा अपर महाधिवक्ता एम सी चतुर्वेदी नीरज त्रिपाठी मनीष गोयल मुख्य स्थायी अधिवक्ता विपिन बिहारी पांडेय जे एन मौर्या तथा न्यायिक अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी अमरेंद्र नाथ सिंह वी पी श्रीवास्तव इंद्र कुमार चतुर्वेदी अनूप त्रिवेदी मनीष तिवारी अमित कुमार श्रीवास्तव गौरव कक्कड़ और कनिष्ठ वकील उपस्थित रहे।

**उच्च न्यायालय कर्मचारी अधिकारी संघ ने दी बधाई:** प्रयागराज। उच्च न्यायालय कर्मचारी अधिकारी संघ के अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुनीत कुमार के नेतृत्व में महासचिव बृजेश कुमार शुक्ल संयुक्त सचिव विजयानन्द द्विवेदी सहायक सचिव गवेन्द्र सिंह कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार यादव कार्यकारिणी सदस्य भूपेश कुमार गौतम अकांक्षा पाण्डेय अकांक्षा श्रीवास्तव आदिल शमीम ने न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर को मुख्य न्यायाधीश बनने पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। महानिबंधक आशीष गर्ग की अधिसूचना के अनुसार राज कुमार कनौजिया उप निबंधक सह निजी सचिव श्रेणी तीन को मुख्य न्यायाधीश सचिवालय के निःसंवर्गीय पद संयुक्त निबंधक सह निजी सचिव श्रेणी चार के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। संघ के महासचिव बृजेश कुमार शुक्ल ने कनौजिया को बहुत बहुत बधाई दी।

# एमवीयू वाहन को किया गया रवाना



**संतकबीरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केन्द्रीय पशुपालन मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला एवं पशुधन मंत्री उ.प्र. सरकार धर्मपाल सिंह, केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने पूरे प्रदेश में मोबाइल वेटरिनरी यूनिट का शुभारंभ एवं प्रदेश के पशुपालकों को उद्बोधन किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा शुभारंभ के अवसर पर जनपद के एनआईसी में जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में जनपद में विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी द्वारा इ.एस.वि.एच. डी. योजना अन्तर्गत मोबाईल वेटरिनरी यूनिट (डटन) का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता की उपस्थिती में पलैग आफकर के किया गया। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी द्वारा बताया गया कि इस जनपद में दो मोबाईल वेटरिनरी यूनिट केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की गयी है जो कि 1962 हेल्पलाईन नम्बर से संचालित होगी। यह सेवा जनपद के पशुपालको के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की जा रही यह अभिनव सेवा मूक पशुओ के स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित होगी। इस सेवा का संचालन प्रतिदिन नियत मार्ग पर सुबह 8 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा साथ ही आकस्मिक सेवा का समय सुबह 10 बजे से शाम 08 बजे तक होगी। जनपद में इस सेवा के लिए एक नोडल अधिकारी डॉ0 नीरज मिश्र, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मुख्यालय को बनाया गया है। विधायक द्वारा पशुपालन विभाग के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इस योजना का संचालन पूरी गाईडलाईन के अनुसार किया जाए तथा पशुपालको को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। विधायक द्वारा जिले के समस्त पशुपालकों से पशुओ को गर्मी से बचाव करने की अपील की गयी तथा किसी भी आकस्मिकता के समय हेल्पलाईन नम्बर 1962 का प्रयोग करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने मोबाईल वेटरिनरी यूनिट का संचालन शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं विभागीय अधिकारियो को पशुपालको के हितो के लिए योजना के गाइडलाइन के अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 अरविन्द कुमार शाही एवं जिले के समस्त पशु चिकित्साधिकारी तथा मोबाईल वेटरिनरी यूनिट पर पदस्थ पशु चिकित्साधिकारी एवं सहायक स्टाफआदि उपस्थित रहें।

# सामाजिक समरसता की मिसाल है श्रृंगवेरपुर धामः डा. निषाद

### श्रृंगवेरपुर धाम में गुहराजा निषाद राज के जन्मोत्सव कार्यक्रम पर आयोजित समारोह में शामिल हुए मंत्री



**प्रयागराज।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह एवं काबीना मंत्री मत्स्य विभाग डॉ संजय कुमार निषाद ने रविवार को श्रृंगवेरपुर धाम में गुहराजा निषाद राज के जन्मोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित विराट मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री जयवीर सिंह ने गुहराजा निषादराज जन्मोत्सव पर कहा कि भगवान श्रीराम एवं निषादराज की मित्रता ऐसा अनुकरणीय उदाहरण है जो समाज में मित्रता और मानवता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूलमंत्र के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं का लाभ पात्रों को उपलब्ध करा रही है। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रृंगवेरपुर धाम के विकास के लिए तेजी के साथ कार्य कर रही है। यहां पर केन्द्र व प्रदेश सरकार की कई विकास योजनाएं चल रही है। जिनके पूरा हो जाने से श्रृंगवेरपुर धाम का और भव्य रूप से विकास होगा। उन्होंने कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन स्कीम के रामायण सर्किट के अन्तर्गत संध्या घाट का निर्माण टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर सोलर लाइटिंग साइनेज पार्किंग लास्टमाइल कनेक्टिविटी रामशयन स्थल वीरआसन एवं सीता कुण्ड का विकास का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार प्रदेश सरकार के द्वारा श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क फेज वन के निर्माण के अन्तर्गत निषादराज एवं भगवान श्रीराम मिलन की मूर्ति स्थापना मूर्ति के पैडेस्टल पोडियम का कार्य ओवर हेड टैंक बाउंड्रीवाल प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य व गार्ड रूम आदि सहित कई अन्य कार्य कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के द्वारा कराया जा रहा है। इसी प्रकार संध्या घाट श्रृंगवेरपुर धाम से रामचैरा घाट तक बारह सौ मीटर पाथ वे का निर्माण कार्य के अन्तर्गत आरसीसी वर्क सोलर लाईट स्टोन बोल्डर पीचिंग पेंटिंग आदि का कार्य तेजी से प्रगति पर है। मंत्री ने कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम में बीस करोड़ 34 लाख 80 हजार रूपये की लागत से गुहराजा निषादराज सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना की जायेगी। मंत्री ने कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम की भव्यता दिव्यता सजाने सवारने के लिए एक अभूतपर्व काम का संकल्प लिया है। जिसके पूरा हो जाने पर श्रृंगवेरपुर धाम में पर्यटन में वृद्धि होगी। मंत्री मत्स्य विभाग डॉ संजय कुमार निषाद ने केन्द्र और प्रदेश सरकार के द्वारा श्रृंगवेरपुर धाम में कराये जा रहे विकास से सम्बंधित कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम को पर्यटन स्थल के रूप विकसित किए जाने के साथ साथ इसके ऐतिहासिक महत्व को विश्व पटल पर लाने हेतु कार्य किए जा रहे है। कहा कि धाम सामाजिक समरसता की मिसाल है। कहा कि धाम में भगवान श्रीराम एवं गुहराजा निषाद के गले मिलते हुए 51 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसका लोकार्पण शीघ्र ही होगा। उन्होंने कहा कि धाम में निषादराज पार्क फेज दो के पर्यटन विकास हेतु भगवान श्रीराम के गुहराजा निषादराज मिलन से सम्बंधित चित्रांकन ध्यानकेन्द्र केयरटेकर रूम कैफे टेरिया पाथ वे पेयजल व टॉयलेट ब्लाक कियास्क पार्किंग लैण्ड स्केपिंग एवं हार्टीकल्चर आउटररोड़ सोलर पैनल मुक्ताकाशी मंच आदि का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर सांसद संतकबीर नगर प्रवीण कुमार निषाद विधायक आदि रहे।

# शिक्षिका व 37 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



## सीएमओ और एसीएमओ ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भ्रमण

**कस्तूरबा** गांधी आवासीय विद्यालय मितौली में रविवार को 38 पॉजिटिव केस रिपोर्ट होने के बाद डॉ. संतोष गुप्ता सीएमओ एवं एसीएमओ डॉ, अनिल गुप्ता द्वारा विद्यालय का भ्रमण किया गया। इस दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह मौजूद रहे। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर निर्देश दिए।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि मितौली में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की एक छात्रा कोरोना पॉजिटिव हुई थी। यह केस रिपोर्ट होने के तुरंत बाद स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ऐतिहातन विद्यालय की सभी छात्राओं और शिक्षिकाओं सहित अन्य स्टाफ का कोराना टेस्ट कराया गया। 92 लोगों का सैंपल लिया गया। जिसमें रविवार को एक शिक्षिका सहित 37 छात्राएं पॉजिटिव पाई गई हैं। इनमें 1.2 छात्राओं को खांसीए जुखामए बुखार है। बाकी सभी स्वस्थ हैं। सभी को दवाएं उपलब्ध करा दी गई है। सभी 38 सैंपल जिनोम सीक्रेंसिंग के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज केजीएमयू भेजे गए हैं। ऐतिहात के तौर पर सीएचसी प्रभारी डॉ देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में सीएससी की टीम विजिट कर रही है। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के सभी विद्यार्थी ध् कर्मचारियों ध् शिक्षकों को उसी परिसर में क्वेरेन्टीन किया गया। धनात्मक रोगियों को विद्यालय के एक विंग में तथा ऋणात्मक रोगियों को उसी परिसर के दूसरे विंग में रखा गया है। परिसर का सेनिटाइजेशन कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विद्यालय में पर्याप्त मात्रा में औषधियां व अन्य सामग्री ;मास्क व सैनिटाइजरद्ध उपलब्ध करायी गयी है। अधिकांश बच्चों के कोई लक्षण नहीं हैं। वर्तमान में 2 छात्राओं को हल्की सर्दी जुकाम है। स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय प्रशासन परिस्थिति पर निगाह रख रहा है किसी भी प्रकार की आवश्यक्ता के दृष्टिगत एक एम्बुलेन्स विद्यालय परिसर में उपलब्ध करा दी गई है। भविष्य में किसी प्रकार की आवष्यकता के दृष्टिगत एमसीएच विंग मोतीपुर ओयल में 20 बेड पीडियाट्रिक रोगियों हेतु तैयार है। क्षेत्रिय अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0अनिल कुमार गुप्ता एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी खीरी द्वारा आज सामुण् स्वाण् केन्द्रए मितौली एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मितौली भ्रमण कर विभागीय कार्यवाही की समीक्षा की गई। उन्होंने यह भी बताया कि इसी के साथ एक बेहजम में भी कोरोना पॉजिटिव मरीज मिला है। जिसकी कांटेक्ट ट्रेसिंग कराई जा रही है। साथ ही विद्यालय के आसपास के रहने वाले लोगों की भी सैंपलिंग कराई जा रही है। जिससे प्रभावी कदम उठाए जा सके।

## मोटरसाइकिल पैर पर चढ़ाने का किया विरोध तो की मारपीट और फायरिंग

**बरेली।** दबंगों ने मारपीट कर युवक को गंभीर घायल कर दिया घायल ने थाना बारादरी में तहरीर दी पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया युवक का कहना है मोटरसाइकिल से निकल कर जा रहे थे मेरे पैर में लग गई मैंने टोक दिया इसी बात को लेकर मेरे साथ मारपीट की और हवाई फायरिंग की।बरेली थाना बारादरी के मोहल्ला जोगी नवादा निवासी आमिर 17 वर्षीय पुत्र जाबिर अली गली में खड़ा था उसी दौरान नाजिम पुत्र अजमेरी मोटरसाइकिल लेकर गली में आया और आमिर के पैर में मोटरसाइकिल लग गई आमिर ने मोटरसाइकिल लगने का विरोध किया इसी बात को लेकर मारपीट शुरू हो गई नाजिम के परिवार से मुनासिब और मुस्तकिन चार लड़के अन्य आ गए आमिर पर हॉकी डंडे से हमला कर दिया और मुस्तकिन ने हवाई फायरिंग कर दी आमिर ने थाना बारादरी में की शिकायत की है पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया।

# सिधौली की ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर को पहला स्थान

## ● प्रधान अनिल कुमार की जीतोड़ मेहनत का नतीजा

संवाददाता। शाहजहांपुर



**मुख्यमंत्री** पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में भटपुरा रसूलपुर जनपद में प्रथम स्थान पररू- मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत सत्र 22 ध्23 में जनपद शाहजहांपुर की 5 ग्राम पंचायतों का चयन हुआ है ,जिसमें ब्लांक सिधौली की ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर को पहला स्थान प्राप्त हुआ है । एवं दितीय स्थान पर ब्लांक ददरौल की ग्राम पंचायत बलेली ,तृतीय व चतुर्थ स्थान पर ब्लॉक भावल खेड़ा की डींगरपुर व रामापुर बरकतपुर एवं पंचम स्थान पर ब्लॉक काट की कुर्रिया कला रही । इन ग्राम पंचायतों को क्रमानुसार 11 लाख, 9लाख,छः लाख, चार लाख ,दो लाख ,की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्राप्त हुई हैस और इनको जल्द ही प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री के द्वारा सम्मानित किया जाएगा । ग्राम भटपुरा रसूलपुर के प्रधान ,एवं अध्यक्ष राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन सिंधौली,अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे पंचायत सहायक विकास अधिकारी ,खंड विकास अधिकारी ,जिला पंचायत राज अधिकारी ,मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला अधिकारी महोदय की पूरी प्रेरणा ब सहयोग से यह कार्य संपन्न हुआ है स हमारे सभी साथियों को अपनी ग्राम पंचायत में इसी प्रकार से विकास कार्य कराना चाहिए ,हम अपने सभी साथियों को सदैव सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

इस कार्यक्रम में अनिल कुमार गुप्ता के साथ साथ खंड विकास अधिकारी खुशीराम भार्गव जी, पंचायत सहायक अधिकारी आदित्य सक्सेना, ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार एवं राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजीत कुमार जी मौजूद रहे।

# प्रथम एजूकेशन फाउंडेशन ने कराया हाइब्रिड लर्निंग कार्यक्रम

संवाददाता। सीतापुर

**प्रथम** एजूकेशन फाउंडेशन द्वारा हाइब्रिड लर्निंग कार्यक्रम करवाया गया। ब्लाक गोंदलामऊ क्षेत्र के जनता पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आरती श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं को इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, कंकाल तंत्र, वीडियो मेकिंग, विज्ञान सम्बन्धित शिक्षा, टेलीस्कोप तथा कंप्यूटर एवं टेबलेट एजुकेशन आदि शिक्षाएं दी गईं। छात्रों को मास्क भी बांटे गए।

कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के शिक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, राजीव कुमार रावत, मनोज कुमार गुप्ता, वीरेंद्र कुमार वर्मा, लिपिक भानु प्रताप सिंह, धीरज कुमार श्रीवास्तव, सलमान खान, हरि शंकर वर्मा, हरिनाम प्रजापति उपस्थित रहे।

## आज निकलेगी भगवा यात्रा

**सीतापुर।** सोमवार को सीतापुर के मार्गों पर मनमोहक नजारा देखने को मिलेगा। नव वर्ष महोत्सव समिति द्वारा 27 मार्च को भगवा यात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें आधा दर्जन से अधिक हिंदू संगठनों का रेला निकलेगा। भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिलाध्यक्ष प्रभात अग्निहोत्री ने बताया कि भगवा यात्रा प्रात: 10 बजे से शहर के आरएमपी इंटर कॉलेज प्रांगण में स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर सिविल लाइंस,बट्सगंज,कैप्टन मनोज पांडेय चौक, मुंशीगंज, मन्नी चौराहा, कोट चौराहा, उजागर लाल, गुरुद्वारा रोड, ग्रीकगंज, ट्रांसपोर्ट, बस स्टैंड, बहुगुणा चौराहा होते हुए एनसीसी ऑफिस रोड से लालबाग चौराहा, आंख अस्पताल रोड होते हुए पुन: आरएमपी ग्राउंड पहुंचकर समाप्त होगी।

## ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया अचीवर्स अवार्ड सेलिब्रेशन

**सीतापुर।** ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल सिधौली में अचीवर्स अवार्ड सेलिब्रेशन आयोजित किया गया। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ एंन टंडन ने शैक्षिक वर्ष 2022-23 के मेधावी छात्रों को सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया। विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ ऋतु जैन ने बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की कामना की। इस मौके पर अविरल सिंह, फातिमा शबाब, अनुभूति जैन, आभास शुक्ला, दर्शसिंह चौहान, सूर्यांश रस्तोगी, हुदा, विनायक, दुर्गादत्त मिश्र, निशांत सिंह, हारिश अख्तर, दिव्यांश यादव, तनिष्का चौधरी, कनिष्का रावत, रश्मी अवस्थी, नमन सिंह को सम्मानित किया गया।

## सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की मौत

**बरेली।** बेटी के विवाह से एक दिन पूर्व सड़क पर जा रहे बुजुर्ग को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नवाबगंज थाने के गांव जय नगर निवासी 62 वर्षीय हरिशंकर कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि हरिशंकर की बेटी आकृति का 25 मार्च को बाहर था विवाह से 1 दिन पूर्व हरिशंकर सेविंग कराने के लिए एक हेयर कटिंग की दुकान पर जाने को पैदल ही घर से निकला था लेकिन कुछ चलने के बाद किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया रास्ते से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना की सूचना उसके घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए जहां बीती रात उसकी मौत हो गई वह दो बच्चों का पिता था उसकी पत्नी की कई साल पहले ही मौत हो गई थी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# प्रधानमंत्री के मन की बात के 99वें संस्करण को सुना गया

संवाददाता। शाहजहांपुर



**देश** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बातष् के 99वें एपिसोड कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। जहां पूरे देश ने म प्रधानमंत्री जी के विचारों को सुना। भाजपा प्रदेश पार्टी कार्यालय पर ष्मन की बातष् कार्यक्रम के 99वें संस्करण के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस दौरान मा0 सांसद राज्यसभा से मिथिलेश कुमार कठेरिया जी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम हम सभी को प्रेरणा देता है। यह हम सभी देशवासियों को आपस में जोडने का प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता है। पूरी दुनिया में उनकी नेतृत्व क्षमता की सराहना की जाती है। उनके नेतृत्व में विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ा है।इसी क्रम में आज शाहजहांपुर की विधानसभा पुवायां के ब्लाक बंडा के बिलंदपुर बूथ रमन सिंह जी के आवास पर पुवायां विधानसभा की पूर्व जनप्रिय विधायक श्रीमती शकुंतला देवी जी ने कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनों के साथ देश के यशस्वी मा0 प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' कार्यक्रम सुना।

## क्विक न्यूज

### इबादत मे ही गुजर जाता है रमजान

**मोहम्मदी खीरी।** इबादत का महीना रमजान की शुरुआत हो चुकी हैएपूरे तीस रोजे के बाद ईद आती हैएइस माह मे बूढें हो नौजवान एबच्चे या महिलाएं रोजे रखते है एइसका बहुत बडा सबाब होता हैए इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना इबारत के महीने मे शुमार होता हैएरोजे मे भूखे प्यासे रह कर ईश्वरए अल्लाह की इबादत की जातीएशाम को जब खास समय जो समय निर्धारित है उस समय रोजा खोला जाता है वही रात में प्रातः काल एक समय निर्धारित है जब रोजदार सहरी खाते हैं एलगभग 16से 17 घंटे अपने आपको भूखा प्यासा रह कर ईश्वर अल्लाह मे लीन करके इबादत के साथ साथ अपने कामों को अजाम दिया जाता हैएरोजेदारों के चेहरे पर अजीब सी चमक देखने को मिलती हैएवही ऐ भी है कि भूखे प्यासे रह कर दूसरों की भूख प्यास के एहसास का भी नाम रोजा हैएपूरा महीना इबादत के रूप मे जाना और पहचाना जाता हैएमस्जिदे सुबहे से देर रात तक गुलजार रहती हैएशाम को तरह तह की दुकानें बाजारों से लेकर मसजिदों के समीप सजी रहती हैएइस माह मे बरकतें नाजिल होती हैएशाम को रोजा खोलने के समय तरह तरह के पकवानों के साथ साथ अन्य स्वादिष्ट चीजें अफ्तार में रहती हैंए वही मस्जिदों और घरों में रोजदारो के लिए अफ्तारी प्रतिदिन भेजी जाती हैएवही लोग रोजदारों को अफ्तारी का इंतजाम अपने घरों में करते हैं एकुल मिलाकर यह महीना इबारत के महीनों मे से एक होता है।

### फर्जी आधार बनाने वाले गिरोह के 4 पुलिस ने दबोचे

**शाहजहांनपुर ।** थानां जलालालाबाद पुलिस ने जनसेवा केन्द्र से जाली आधार कार्ड तैयार करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले उपकरण लैपटाप , प्रिंटर बरामद लैपटाप मे कई आधार कार्ड , जमीन के कागज बरामद किए । थाना जालालबाद के प्रभारी प्रवीन सोलकी ने कोला मोड से सर्वेश पुत्र रामप्रकाश , ओमकार पुत्र रामस्वरूप . रविन्द्र व मुकेश को गिरफ्तार किया । पुलिस ने इनके कब्जे से विजेन्द्र पुत्र रामदुलारे निवासी मुसेपुर थाना शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद का जाली आधार कार्ड जिस पर अभियुक्त ओमकार का फोटो लगा है और पता ओमकार का लिखा है व अभियुक्त सर्वेश के कब्जे से एक मोबाईल जिसमे कई आधार कार्ड व फोटो एव जमीन के कागज के फोटो है बरामद किए पुलिस की पुछताछ जानकारी समने आई कि अभियुक्त मुकेश पुत्र रामसेवक नि0ग्राम आधीदेई थाना कलान जिला शाहजहापुर के जनसेवा केन्द्र से मुकेश द्वारा जाली आधार कार्ड तैयार करना बताया पुलिस ने उसकी निशादेही पर मुकेश पुत्र रामसेवक उपरोक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले उपकरण लैपटाप , प्रिंटर बरामद लैपटाप मे कई आधार कार्ड , जमीन के कागज आदि है । अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है ।

### असलहा लहराते हुए वीडियो वायरल हुआ

**शाहजहांपुर।** जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान दोनों ही तरफ से असलहा लहराए गए। इसका वीडियो सामने आया है। पहले दोनों पक्षों में मारपीट हुई और उसके बाद दोनों ही पक्षों की तरफ से कई राउंड गोलियां दागी गईं। असलहा लहराते हुए एक पक्ष का वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस खेत पर मिले ट्रैक्टर को थाने ले आई है। वहीं दोनों पक्षों के लोग पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो गए। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कर रही है। थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव गरवापुर की घटना बताई जा रही है। थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव रघवापुर के रहने वाले दो पक्ष मेड़ के विवाद में आमने-सामने आ गए। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के खेत के पास जबरन मेड़ बना ली थी, जबकि दूसरे पक्ष ने खेत की नाप कराई थी। इसके बाद भी दोनों का विवाद खत्म नहीं हुआ था। शनिवार को दोनों ही पक्ष मेड़ के विवाद में आमने-सामने आ गए। पहले दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंड चले, इसमें दोनों ही पक्षों के तीन लोग घायल हो गए।

### कार सवार दो अफीम तस्कर गिरफ्तार

**बरेली ।** एक कार को रोककर पुलिस ने उस में बैठे दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से बड़ी मात्रा में अफीम व नकदी भी बरामद हुई गिरफ्तार तस्करों को पुलिस ने जेल भेजा। देवरनिया थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने नैनीताल हाईवे पर मंदिर के पास एक कार को रोककर उसमें सवार उधम सिंह नगर उत्तराखंड के केला थाने के बेरिया दौलत वाला फार्म में रहने वाले बिजनौर के बढ़ापुर थाने के गांव कुआं खेड़ा निवासी सुखविंदर सिंह पुत्र अवतार सिंह उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के थाना जसपुर के गांव देवपुरा मे रहने वाली आवास विकास उधम सिंह नगर की मूल निवासी पूनम गुप्ता पत्नी दत्त शर्मा को गिरफ्तार कर लिया कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने एक सफेद पॉलिथीन में लगभग 255 ग्राम अफीम बिक्री से मिले 30000 रुपए नगद, एक कार, 3 मोबाइल फोन बरामद किए पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों अफीम तस्करों को जेल भेजा।

### चार नेपाली हुए जहर खुरानी का शिकार

**बरेली।** रोडवेज बस में यात्रा कर रहे चार नेपाली युवकों को जहरखुरानी गिरोह ने अपना शिकार बना लिया उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। नेपाल के बैलू जिले के अमीबूढ़ा निवासी वीरेंद्र थापा धापा, श्याम बहादुर, महेंद्र और जंग बहादुर को आज सुबह तड़के पुलिस ने सेटेलाइट बस स्टैंड परबेहोश की हालत में देखा और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया जहा होश आने पर वीरेंद्र थापा ने बताया कि जहरखुरानी के शिकार तीन अन्य लोग उसके ही साथी हैं और नेपाल में रहते हैं चारों लोग नजीमाबाद में रहकर मजदूरी करते थे और बीती रात नजीबाबाद से बरेली आने के लिए रोडवेज की बस में सवार हुए थे उन्हें बरेली से नेपाल जाने के लिए किसी दूसरे वाहन का इंतजाम करना था लेकिन रास्ते में उन्होंने एक ढाबे पर बस के रुकने पर सोडा पिया था जिसके बाद चारों बेहोश हो गए और जब उनकी बस सैटलाइट बस स्टैंड पर पहुंची तो बस का चालक उन्हें जमीन पर छोड़कर चला गया पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया उनका सामान और कपड़े वाली आदि के बारे में कोई जानकारी नहीं है ।

### मंडलायुक्त ने परियोजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

**बरेली।** मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने आज स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया।मंडलायुक्त ने सर्वप्रथम राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए जा रहा ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि ऑडिटोरियम तथा एकुरेशन सेंटर को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाए और लाइट की व्यवस्था ठीक होने के साथ जनरेटर आदि की भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने डिजाइनर को निर्देश दिए कि फाइनल डिजाइन बनाकर पहले उपलब्ध कराएं उसके बाद में डिजाइन के कार्य को किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बिल्डिंग की फिनिशिंग के कार्य में कोई कमी न रहे और ऑडिटोरियम में फर्नीचर की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए।इसके उपरांत मंडलायुक्त ने पटेल चौक में बनाए जा रहा स्काई वॉक का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि लाइट के पोलों की समस्या तथा पेट्रोल पंप के लिए जहां पर भूमि दी गई है वहां पर शिफ्टिंग करने आदि की समस्या को जिलाधिकारी से मिल कर शीघ्र ही निस्तारण कर स्काई वॉक के निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाए। इसके उपरांत मंडलायुक्त ने श्यामतगंज सब्जी मंडी के सामने बनाए जा रहे ई-कियोस्क के निर्माण कार्य को भी देखा।

# राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराने पर संकल्प सत्याग्रह शुरू




संवाददाता। बरेली

**महानगर** कांग्रेस कमेटी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के उनके समर्थन में दिल्ली के राजघाट पर एक दिवसीय संकल्प सत्याग्रह राजघाट पर शुरू हुआ जिसमें महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी जन राजघाट पहुंचे । महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा, देश के कानून पर हमें पूरा विश्वास है, इस देश को और लोकतंत्र को बचाने की उनकी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी सच कीमत चुकानी पड़ती है जीत हमेशा सत्य की होती है राहुल गांधी की आवाज को दबाने के लिए यह सरकार का भी तरीका है जो कभी भी कामयाब नहीं होने देंगे पूरा कांग्रेस जन उनके साथ खड़ा है । राहुल गांधी ना कभी डरे हैं और ना कभी झुकेंगे उनके खून में शहीदों का खून दौर रहा है इस तानाशाह सरकार के आगे कभी भी नहीं झुकेंगे । राजघाट पहुंचने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी एआईसीसी सदस्य प्रेम प्रकाश अग्रवाल, पारस शुक्ला पीसीसी सदस्य, योगेश जौहरी महानगर प्रवक्ता, वरिष्ठ कांग्रेसी हेमंत शर्मा, महासचिव राजेश कुमार, सचिन फिरोज खान, वरिष्ठ कांग्रेसी अनिल देव शर्मा, मुकेश बाल्मीकि, आदि प्रमुख रहे ।

# ओलावृष्टि से फसल चौपट, आरएलडी ने दिया ज्ञापन

संवाददाता। बरेली



**राष्ट्रीय** लोकदल ने बेमौसम बारिस और ओलावृष्टि से आलू , मदर, मसूर, गेहूँ और आम की फसल चौपट हो गई है । किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष मोहम्मद मतलूब के नेतृत्व में 5 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया।

सर्वेश पाठक ने बताया किसान बहुत परेशान है ओलावृष्टि ,बेमौसम बरसात से सभी किसानों की फसल आलू मदर, मसूर, गेहूँ और आम की फसल चौपट हो गई है। बिजनी गिरने से अकाल मृत्यु का शिकार हुए लोगो को 20-20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।ओलावृष्टि के फल स्वरुप रबी की फसल के साथ-साथ दलहन और तिलहन की फसलों का किसानों नुकसान हुआ है सरकार सर्वप्रथम फसलों का सर्वे कराकर नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाये। आम की फसल के हुए भारी नुकसान का संज्ञान लेकर उन किसानों को वर्ष की महत्व फसल होने के कारण भरपूर मुआबजा दिया जाए। किसानों की प्रत्येक सरकारी देयता को माफ किया जाए।फसल बीमा योजना या अन्य कोई विशेष योजना के अंतर्गत किसानों को त्वरित लाभ दिया । ज्ञापन देने वालों में रामसेवक , महेंद्र कश्यप , जुनैद खान , शिवकुमार , मोहम्मद जुनैद अंसारी , अबरार खान , विजय बहादुर सक्सेना , रिंकू खान , मोहम्मद नासिर , रफीक खान , अमरुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# कस्तूरबा विद्यालय में हुआ कन्या भोज, आकांक्षा चीफ ने परोसा भोजन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**बेसिक** शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय फूलबेहड़ में नवरात्र के सप्तमी तिथि पर कन्या भोज का आयोजन हुआए जिसमें विद्यालय में उपस्थित 96 बालिकाओं को जिला आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कन्या भोज कराया। उक्त अवसर पर बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। कन्या भोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम की धर्मपत्नीए जिला आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि मातृशक्ति की आराधना हमारे देश की संस्कृति है। मातृ शक्ति के प्रति सर्वोच्च सम्मान व्यक्त करने के लिए इन आयोजनों के साथ जुड़ना चाहिए। शक्ति की उपासना का महापर्व नवरात्रि हमें सिखाता है कि नारी का सम्मान हमारी परम्पराए संस्कृति एवं हमारे मूल्यों का हिस्सा हैए इन मूल्यों को जीवंत बनाए रखना हम सबकी महती जिम्मेदारी है। जय माता दी।

बीएसए डॉ लक्ष्मी कांत पांडेय ने कहा कि बेटी सचमुच में देवियां हैंए बेटी है तभी सृष्टि हैए इसलिए परंपरा से बेटियों को देवी का दर्जा दिया गया है। इसलिए बेटी सुखी रहेंए ये हम सब की जिम्मेदारी है। बेटियां घर आईं तो लगा खुशियां आ गईं। बहनए बेटियां खुश होंगीए तो देशए प्रदेश और जिला धन्य होगा। यही सृष्टि का आधार हैं। इनका सम्मान करेंए आदर देंए यही मां जगदम्बे के प्रति सच्ची आस्था और श्रद्धा होगी। बताते चले कि बीएसए डॉ लक्ष्मी कांत पांडेय के तत्वावधान मे फूलबेहड ब्लॉकश् में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कन्याभोज का भव्य कार्यक्रम हुआए जिसमें मुख्य अतिथि आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह ने समिति की अन्य महिला साथियों रश्मिए प्रतिमाए नमिता के साथ सभी नामांकित कन्याओं का पूजन करते हुए उन्हें स्वादिष्टए लजीज भोजनए फलए मिष्ठान आदि।

# 45 विभागों को परिव्यय का 46312 लाख रुपए अनुमोदित

**शाहजहाँपुर ।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 ध्प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला योजना समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु 45 विभागों का 46312 लाख रू0 का परिव्यय सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।इन विभागों में कृषि विभाग ,गन्ना विभाग, पशुपालन विभाग, दुग्ध विकास, सहकारिता,वन विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन , सिंचाई एवं जल संसाधन, ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, भूमि सुधार, पंचायतीराज, सामुदायिक विकास (ग्राम्य विकास), निजी लघु सिंचाई, राजकीय लघु सिंचाई, अतिरिक्त उर्जा श्रोत, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग सड़क एवं पुल, पर्यावरण, पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, प्रावैधिक शिक्षा प्रादेशिक विकास दल, खेलकूद, चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य (एलोपैथी), परिवार कल्याण होम्योपैथिक चिकित्सा, आयुर्वेदिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा, ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, पूल्ड आवास, ग्रामीण आवास नगर विकास (नग0 पेयजल योजना ), अनुसूचित जाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, समाज कल्याण (सामान्य जाति) जन जाति कल्याण, सेवायोजन, शिल्पकार प्रशिक्षण (आई0टी0आई0), समाज कल्याणदिव्यांग जन शसक्तीकरण, महिला कल्याण, पुष्टाहार शामिल रहे।प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के अनुरोध पर राजकीय इण्टर कालेजों में पुस्ताकलायों की स्थापना हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा की माननीय जनप्रतिनिधियो से प्राप्त सुझावों पर शीघ्रता से कार्यवाही करते हुये उन्हे अवगत कराया जाये। विभिन्न विभागों में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की फोटोग्रफीध्वीडियोग्राफी भी कराये जाने के निर्देश भी माननीय प्रभारी मंत्री जी ने दिये। उन्होंने कहा कि जनपद में खेलों के प्रसार हेतु प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किये जाएँ तथा पात्र लोगों को ही खेल किट का वितरण कराया जाय। उन्होंने विद्युत् विभाग के अधिकारियो को व्यवस्थाएं दुरुस्त कराये जाने हेतु निर्देश दिए। माननीय जनप्रतिनिधि गणों द्वारा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय की स्थापना, मोटराइज्डट्राई साइकिल का वितरण सहित अनेक जनकल्याणकारी सुझाव दिए गये, जिस पर प्रभारी मंत्री जी ने शीघ्र कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

# पशुओं के इलाज के लिए पहुंचेगी मोबाइल वेटरनरी यूनिट

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जनपद** में पशुओं के इलाज के लिए अब पशुपालकों को भटकना नहीं पड़ेगा बल्कि उनके दरवाजे पर ही पशुओं का इलाज होगा। जनपद में दो मोबाइल वेटरनरी यूनिट का संचालन रविवार से शुरू हुआए जो घर.घर जाकर पशुओं का इलाज करेंगे। प्रदेश सरकार से जनपद को 12 एमवीयू यूनिट भेजी गई है।

रविवार को जनपद में दो मोबाइल वेटरनरी यूनिटों को कलेक्ट्रेट से विधायक योगेश वर्मा ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण को लेकर इस पहल से पशु पालकों को बेहद लाभ मिलेगा। उनके 1962 ट्रोल.फ्री नंबर पर कॉल करते ही ये एंबुलेंस मौके पर पहुंचेगीए जिससे पशुओं को समय पर उपचार मिल सकेगा। उप्र सरकार द्वारा देश में पहली बार विकेन्द्रीकृत मोबाइल वेटरनरी यूनिट संचालन किया जा रहा है।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पशु उपचार पशुपालक के द्वार थीम के साथ जनपद में पशुपालकों को मेडिकल और स्वास्थ्य से संबंधित सभी सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल वेटनरी यूनिट का संचालन शुरू किया गया है। सरकार ने खीरी जिले के लिए 12 मोबाइल वेटरनरी यूनिट उपलब्ध कराई हैं। जिन्हें रविवार को मुख्यमंत्री जी ने जनपद के लिए रवाना किया है।

सीडीओ अनिल सिंह ने कहा कि भारत सरकार की ईएसवीएचडी स्कीम एवं पशु चिकित्सालयए पशु सेवा केंद्रों निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण योजना के तहत पशुपालकों के द्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं टोलफ्री नंबर 1962 के जरिए उपलब्ध कराई जायेगीए जो पशुपालकों के लिए वरदान साबित होगी। सीवीओ डॉ सोमदेव ने बताया कि प्रत्येक वाहन में एक पशु चिकित्सा अधिकारीए एक मल्टी टास्किंग स्टाफ एवं एक ड्राइवर नियुक्त रहेगा। उपरोक्त नियुक्ति पीपीपी मॉडल पर है। उक्त वाहनों में से छह वाहन निर्धारित रूट पर अपनी सेवाएं आकस्मिक पशु चिकित्सा सेवाएं 1962 पर आई काल के आधार पर उपलब्ध कराएगी। छह वाहन बहुउद्देशीय कैंप के जरिए विभिन्न ग्रामों में पशुपालन से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। कॉल सेंटर पर प्राप्त कॉल को कॉल एग्जीक्यूटिव रिसीव करेगेए विश्लेषण उपरांत आकस्मिकता के आधार पर मोबाइल वेटनरी यूनिट भेजने की व्यवस्था करेगे।

# चित्रकूट पुलिस ने अब्बास के फाइनेंसर को बनारस से दबोचा

संवाददाता। चित्रकूट

**जिला** जेल में मऊ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो से गैरकानूनी ढंग से मुलाकात मामले में पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। पुलिस ने वाराणसी के शहबाज आलम को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके माध्यम से छह माह में 179 लाख का ट्रांजेक्शन हुआ है।

रविवार को डीआईजी डॉ विपिन कुमार मिश्र व एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि पिछले छह माह के अंदर इन खातों में दो बार में 92 लाख और 87 लाख का ट्रांजैक्शन किया गया है। पूंछताछ में शहबाज ने बताया कि अब्बास के गुर्गे उसे कैश पहुंचाते थे। यह भी बताते थे कि किसके खाते में पैसा डालना है। वह उन खातों में रुपये भेज देता था। इन रुपयों का उपयोग जेल अधिकारियों को नगद या उपहार का लालच देकर अपने लिए जेल में सुविधाएं उपलब्ध कराना, वकीलों और दलालों को अपने मुकदमों की पैरवी के लिए पैसे देना व अवैध कामों में खर्च करने में किया जाता रहा है।

गौरतलब है कि 10 फरवरी को डीएम और एसपी ने जिला जेल की औचक जांच में पाया था कि अब्बास अंसारी और उसकी पत्नी निखत बानो की मुलाकात कराई जा रही थी। पता चला था कि ये दोनों गैरकानूनी ढंग से कई महीने से मिल रहे थे और इसमें कुछ सहयोगियों के साथ जेल के कुछ कर्मचारियों-अधिकारियों की मिलीभगत भी है। इस संबंध में कोतवाली में धारा 387, 222, 186, 506, 201, 120बी, 195ए, 34 आईपीसी, 42बी, 54 प्रिजनर्स व सेवन सीएलए एक्ट के साथ भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में दंपति, उसके चालक नियाज, सहयोगियों व जेल अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अभी तक सहयोग के आरोप में फराज खान, नवनीत सचान के अलावा जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर, जेलर संतोष कुमार, डिप्टी जेलर चंद्रकला, जेल वार्डर जगमोहन को गिरफ्तार किया जा चुका है।



**● छह माह में दो खातों से शहबाज ने किया एक करोड़ 79 लाख का लेनदेन**

**● अब्बास-निखत बानो मिलनकांड मामला**

रविवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि विवेचना के दौरान यह प्रकाश में आया कि कैंटीन ठेकेदार नवनीत सचान के खाते में अब्बास अंसारी के कहने पर जो रुपये डाले गए थे, उसमें शहबाज आलम पुत्र शाहिद आलम निवासी अर्दली बाजार थाना कैंट वाराणसी की भूमिका अहम है। एसपी के अनुसार यह युवक वाराणसी में एक सीए के कार्यालय में काम करता है और उसके दो बेनामी खाते संचालित किए जा रहे थे। जांच में यह भी पता चला कि नवनीत सचान के खाते में दो लाख रुपये का ट्रांजैक्शन हुआ। बीते दिन कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक राधेश्याम सिंह, आरक्षी रोहित सिंह और पीयूष शरण श्रीवास्तव ने इसे गिरफ्तार किया। पुलिस की मानें तो इस पूरे मामले में मनी लॉड्रिंग का भी मामला सामने आ रहा है। रुपये के लेनदेन में शेल कंपनियों का भी रोल रहा है। एसपी ने बताया कि इन बेनामी खातों के अतिरिक्त कुछ शेल कंपनियां भी पाई गई हैं। जिनमें कैश जमा करके इधर उधर लेनदेन किया जाता था। बताया कि यह गिरोह मऊ जिले के अलावा गाजीपुर, वाराणसी, आजमगढ़, जौनपुर, दिल्ली समेत अन्य शहरों में भी अब्बास अंसारी के लिए काम करता है। एसपी ने बताया कि लेनदेन का जिम्मा नियाज और उसके सहयोगी संभालते थे। इतनी बड़ी धनराशि के ट्रांजैक्शन से अवैध स्त्रोतों से कमाई के आरोपों को बल मिला है। बताया कि इस मामले में आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय से भी मदद ली जाएगी।

# योगी सरकार में भ्रष्ट अफसर जाते हैं जेल

**● कारागार मंत्री ने बंदियों से किया संवाद**

**● सांसद ने किया जेल मंत्री का स्वागत**

संवाददाता। चित्रकूट



**बीती** दस फरवरी को निखत अंसारी और अब्बास अंसारी के मिलनकांड मामले में पहली बार कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति जिले के दौरे पर आये। उन्होंने कामतानाथ में दर्शन पूजन के बाद परिक्रमा लगाई। वह शहर के डाक बंगले में रात्रि विश्राम के बाद चित्रकूट जिला जेल रगौली का निरीक्षण किया। कैदियों के साथ जेल के अंदर संवाद किया। इससे पूर्व जनपद आगमन पर बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कारागार मंत्री का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। रविवार को कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने पत्रकारों से कहा कि जिला जेल कांड के बाद उनके मन में आया कि चित्रकूट जेल का दौरा कर वहां बंद कैदियों से संवाद करें। जेल की स्थिति व व्यवस्था देखें। जेल में बंद बंदियों के साथ लगातार संवाद जारी है। अभी तक वह 56 जिलों का दौरा कर जेल का निरीक्षण कर चुके है। 45 जेलों में कैदियों से संवाद किया है।

जेल में बंद कैदियों से संवाद के बाद कैदियों की मनोदशा में परिवर्तन हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रेरणा ली है और छह साल के कार्यकाल में कभी छुट्टी नहीं ली। उन्हीं की प्रेरणा से निरंतर सक्रिय रहकर उनका सहयोग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि एक साल के कार्यकाल में देखा कि कोई वाद-विवाद नहीं हुआ। बंदियों और जेल कर्मियों के साथ भी कोई वाद-विवाद नहीं हुआ।

## घर में सो रही महिला से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला (30) का आरोप है कि 28 जनवरी 2023 की रात घर में अकेली थी। वह रात को सो रही थी। करीब रात 12 बजे पड़ोसी शिवम चहारदीवारी फांदकर घर में घुस आया। सोते समय बिस्तर में ही दबोच लिया। उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर मुह दबाकर जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ दुष्कर्म किया। दूसरे दिन पति के घर आने पर आपबीती बताई। वह पति के साथ थाने पहुंची। पुलिस ने उसे टरका दिया। उसने घटना की एसपी से शिकायत की। कोई कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि घर में घुसकर दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी की धाराओं में आरोपी के खिलाफ दर्ज की गई है।

## नगर पालिका कंपिल में हुआ आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**कंपिल** में आम आदमी पार्टी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कंपिल नगर पंचायत केंद्रीय प्रभारी एवं जिला सह प्रभारी अदनान शाह जी द्वारा की गई जिसमें आगामी नगर पंचायत चुनाव संबंधित दिशा निर्देश जारी किए । गए सभी 10 नवनियुक्त वार्ड प्रभारियों एवं वार्ड प्रत्याशियों की सूची तैयार की गईए तथा गारंटी कार्ड की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नदीम शाह , कंपिल नगर पंचायत प्रभारी एवं संभावित नगर पंचायत प्रत्याशी एडवोकेट अमित शाक्य , कंपिल नगर पंचायत अध्यक्ष एडवोकेट , अजीम खान ,जितेंद्र जाटव, जमालुद्दीन अली, जयवीर यादव, साजिद अली, मोहम्मद मुन्ना सर अली, हरीश कठेरिया,अरविंद कठेरिया, दीपक पाठक, सुमित श्रीवास्तव, अनुज राजपूत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

पंचायत कंपिल में जल्द ही डोर टू डोर कंम्पेन, वॉल पेंटिंग तथा सोशल मीडिया पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा । नगर पंचायत प्रभारी ने सभी युवाओं व्यापारियों कामगारों माताओं बहनों युवाओं से आम आदमी पार्टी से जुड़ने की अपील की और जल्द से जल्द सदस्यता ग्रहण करने के लिए कहा।

## क्विक न्यूज

### स्वच्छता समिति के लोगों ने की जीवन दायनी मन्दाकिनी की सफाई

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 63वें अभियान में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन के तहत निरंतर कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज नदी की सफाई की गई। रविवार को पांचवें चरण में ईओ नगर पालिका लाल जी यादव ने कहा कि पूजा की सामग्री पॉलीथीन में भरकर नदी में न फेंके। जमीन में डालकर उसे नष्ट करें। ब्रांड एम्बेसडर/समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि सभी को मंदाकिनी नदी व कामतानाथ पर्वत की सफाई के प्रति सोंचना चाहिए। क्षेत्र की दो ही ऐतिहासिक चीजें हैं। सभी मिलकर नष्ट होने से बचाएं। मंदाकिनी नदी में कचरा न फेंके। कामतानाथ पर्वत को स्वच्छ रखने में समिति का सहयोग करें। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि जो भी प्रकृति को देंगे, वापस प्रकृति हमें वही देगी। उन्होंने जनता से अपील किया कि स्वच्छता पर ध्यान दें। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता के कई फायदे हैं। बीमारियों से बचाव होने के साथ मानसिक सुकून मिलता है। अपने आसपास सभी लोगों को सफाई करनी चाहिए। अभियान में खासतौर पर शुभम केसरवानी, अंजू वर्मा, जितेंद्र केसरवानी, अंकुर केसरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, विवेक केसरवानी, रहमत अली, विकास द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### कर्ज से परेशान वृद्ध किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद।** ट्रेक्टर के लिये गये लोन को अदा न कर पानें और फाइनेंसर की धमकी से आहत वृद्ध किसान नें फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम मोकुलपुर निवासी 60 वर्षीय कल्याण सिंह नें ग्राम करनपुर दत्त निवासी राजकुमार पुत्र वीरपाल के खेत में खड़े शीशम के पेड़ में अपनी धोती से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह परिजनों नें उसके शव को पेंड पर लटका देखा। जिससे हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गयी। मृतक की पत्नी छोटी बिटिया नें बताया कि विगत वर्ष कल्याण सिंह नें एक फाइनेंस कम्पनी से लोन लेकर पुराना ट्रेक्टर खरीदा था। जिसकी लगभग 1 लाख 25 हजार की किश्त चुकानी थी। आलू की फसल अच्छे दामों पर विक्रय ना होनें से कर्ज नही चुका सके। किस्त अदा न करने पर फाइनेंस कंपनी के एजेंट बीते दिन घर पहुंचे उन्होंने किस्त जमा करने के लिए कल्याण से कहा तो वृद्ध ने आलू की मंदी के चलते गेहूं की फसल काटकर जमा करनें की बात कही।

### दो बच्चों सहित मां हुई प्रेमी संग फरार

**मौदहा( हमीरपुर)।** दो बच्चों की मां को इलाज करवाने के बहाने लेकर भांजा फरार हो गया।एक गांव निवासी रामभजन ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि मेरा भांजा सुनील कुमार ग्राम बीबीपुर थाना सजेती कानपुर निवासी मेरी पत्नी सहित दो बच्चों हिमांशु और प्रशांत को लेकर इलाज करवाने के बहाने फरार हो गया है शाम तक वापस घर आने का इंतजार करता रहा लेकिन वापस न आने के बाद घर में देखा घर के बक्से में रखे सोने चांदी के जेवरात जिनकी कीमत लगभग एक लाख एवं नगदी पचास हजार के साथ भांजा पत्नी को लेकर चला गया है पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत की है। पुलिस जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### पत्नी से कहासुनी में पति ने लगाई फांसी

**पुखरायां। कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में पत्नी से कहासुनी होने पर पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारजनों ने इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल ले गए। हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने हैलट कानपुर अस्पताल रिफर किया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। जलालपुर निवासी रामनरेश और उसकी पत्नी से आए दिन लड़ाई झगड़ा होता था। आए दिन लड़ाई झगड़े से परेशान होकर रामनरेश ने फांसी लगा ली।गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल फिर कानपुर के हैलट अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार की रात की उसकी मौत हो गई कानपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।

### युवक ने युवती की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की दी धमकी

**जालौन (उरई)।** युवक द्वारा युवती की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने एवं मना करने पर गाली, गलौज व मारपीट की धमकी देने की शिकायत पीड़िता के भाई ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को बताया कि खजुरी गांव निवासी जितेंद्र कुमार ने उसकी बहन की फोटो कहीं से ले ली और अब वह उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है। कई बार समझाने का प्रयास किया और फोटो वायरल न करने के लिए कहा लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार नहीं है। उल्टा गाली, गलौज कर मारपीट की धमकी दे रहा है। बहिन की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने से वह मानसिक रूप से परेशान है। पीड़िता के भाई ने पुलिस से आरोपी युवक के खिलाफकार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं, युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### बदमाशों ने पीआरवी होमगार्ड को मारी गोली, भर्ती

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मंसूरपुर गाँव निवासी ज्ञान सिंह का 45 वर्षीय पुत्र रमेश सिंह विगत डेढ़ वर्षों से गाजीपुर थाना क्षेत्र की शाह पुलिस चौकी में 112 डायल पीआरवी में होमगार्ड के पद पर तैनात है। आज वह ड्यूटी खत्म कर वापस अपने घर जा रहा था। तभी हुसैनगंज थाना क्षेत्र के देवरी मोड़ के समीप घात लगाये बैठे अज्ञात बदमाशों ने उसको गोली मारकर फरार हो गए। गोली लगने से होमगार्ड रमेश घायल हो गया जिसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो तुरंत घायल को इलाज के लिए सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल को भर्ती कर उसके इलाज में जुट गए।

### आग से की गेहूं फसल जली,किशोरी से दुष्कर्म

कुरारा(हमीरपुर) थाना क्षेत्र के झलोखर गांव में विद्युत चिंगारी किसान की गेंहू की फसल दौरान जलकर राख हो गई। दमकल दस्ते ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया।आज दोपहर बारह बजे के लगभग झलोखर गांव में विद्युत आपूर्ति के दौरान जर्जर विद्युत लाइन का तार टूट कर गिर जाने से निकली चिंगारी से गांव निवासी किसान जागेस्वर दयाल की गेंहू की फसल पांच बीघा , राजाराम पुत्र सुंदर लाल की तीन बीघा गेंहू की फसल आग की चपेट में आ गई। जिससे लाखो का नुकसान हुआ है। ग्रामीणोंकी सूचना मिलने पर दमकल दस्ते ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। इसी प्रकार थाना क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव की किशोरी ने युवक के खिलाफदुष्कर्म करने की तहरीर थाने में दी है वही पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव निवासी प्रियंका निषाद पुत्री उदल निषाद ने पुलिस को बताया कि बीती रात गांव निवासी प्रदीप ने खेत की तरफबुलाया जब मैं उसके पास गई तो उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पास्को एक्ट,दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पैंथर ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**लखनऊ।**एमटीवी हसल 2.0 फेम रैपर अभिनव शुक्ला उर्फपैंथर ने रविवार को यहां लखनऊ के अंबेडकर मेमोरियल पार्क में लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के होमकमिंग इवेंट में अपने शानदार परफॉरमेंस के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मल्टी टैलेंटेड रैपर के लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा था, क्योंकि उन्होंने पहली बार अपने होमटाउन लखनऊ में परफॉर्म किया है। रैपर ने अपने हिट रैप सॉन्ग्स यूपी से शानदार ड्रोन शो के जरिये मंच पर तहलका मचा दिया। जिसने खचाखच भरे इस पार्क में दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पैंथर ने कहा अपने ही लोगों के सामने परफॉरमेंस करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। लखनऊ में एक अलग ही वाइब है जो आपको कहीं और देखने को नहीं मिलेगी।

## मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। फतेहपुर



**सुदूर** ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं की चिकित्सा सीधे पशुपालक के द्वार पर उपलब्ध कराने हेतु मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट का शुभारम्भ मुख्य अतिथि खागा विधायक कृष्णा पासवान, जिलाधिकारी श्रुति, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश के लिए 520 मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिसका सजीव प्रसारण देखा गया। जनपद में कुल आठ मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट का संचालन समस्त विकास खण्डों के सभी ग्राम सभाओं को आच्छादित करते हुए किया जाएगा। चार वाहन पूर्व निर्धारित रूट पर संचालित होंगे एवं शेष चार वाहन पशुपालकों के इमरजेन्सी कॉल हेतु उपलब्ध रहेंगे। निर्धारित रूट पर चलने वाले सचल पशु चिकित्सा वाहन प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक संचालित रहेंगे। चार सचल चिकित्सा वाहन प्रातः 10 बजे से रात्रि 08 बजे तक संचालित रहकर विभागीय पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।

## हर तमन्ना जवान हो जाये, जब कोई मेहरबान हो जाये, रंग ऐसा चढ़े मोहब्बत का, खूबसूरत जहान हो जाये : प्रिया

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**क्रिश्चियन** कालेज मैदान में फर्रुखाबाद महोत्सव के मंच पर साहित्य समागम का कवि सम्मेलन वरिष्ठ कवि पवन बाथम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। देर रात हुए कवि सम्मेलन का मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। श्री राजपूत ने कहा कि जनपद की प्रतिभाओं को मैने सुना व देखा तो ऐसा लगा महादेवी वर्मा की तरह यह सभी मां बागेश्वरी के पुजारी है। स्थानीय युवाओं को साहित्यकारों के साहित्य को समझना चाहिए। सभी कवियों को मैं धन्यवाद देता हूं। औरैया से आई प्रिया श्रीवास्तव दिव्यांशु ने श्रंगार रस की रचना पढ़ी, हर तमन्ना जवान हो जाय,जब कोई मेहरबान हो जाये ,रंग ऐसा चढ़े मोहब्बत का, खूबसूरत जहान हो जाये। कार्यक्रम संयोजक व संचालक राष्ट्रीय कवि डा शिव ओम अम्बर ने रचना पढ़ी, राम हमारा कर्म है,हमारा धर्म है,हमारी गति ह,हमारी शक्ति है,हमारी भक्ति है,हमारी मति है ,बिना राम के आदर्शो का चरमोत्कर्ष कहां है,बिना राम के इस भारत में भारतवर्ष कहां है। बाराबंकी से पधारे गीतकार प्रियांशु गजेंद्र ने गीत पढ़ा जैसे जैसे उमर बिताई मैने तेरे प्यार में, रात रात भर तुझको गाया सुबह छपे अखबार में। घिरौर मैनपुरी से पधारे ओज के कवि मनोज चौहान ने क्रांतकारी रचना पढ़ी,आजादी के हवन कुण्ड में आहुति दे दी प्राणों की,अर्जुन जैसा वीर कि चिन्ता जिसे नहीं थी बानो की,अपने सिर पर आजादी का लेकर उन्माद गया,पराधीन भारत से शेखर गया,आजाद गया। कानपुर से आए अतिथि कवि डाक्टर सुरेश अवस्थी ने रचना पढ़ी जैसे हो वैसे दिखो,पहनो नही नकाब,कांटो को भी गुलाब मिले,बनकर खिलो गुलाब।अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि पवन बाथम ने गीत पढ़ाए आओ मिलकर गाए वन्दे मातरम, मातृभूमि पर न्योछावर है अपने कोटि जनम, पाप अन्याय न सहन करते,पड़ोसी का जुर्म न सहन करते, उन शहीदों को नमन।

## भक्तों ने किया स्कंदमाता का श्रृंगार, बांटा प्रसाद

**फतेहपुर।** चैत्र नवरात्रि के पांचवे दिन भी सुबह से ही भक्तों की टोलियों ने माता के दरबार में पहुंचकर पांचवे स्वरूप स्कंदमाता का भव्य श्रृंगार किया। मंदिरों मॉ दुर्गा के दर्शन के लिये भक्तों की भीड़ जमा रही। जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय रहा। आरती के बाद मंदिरों में जुटे भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। वहीं महिलाओं ने ढोल की थापों व मंजीरों की धुन में देवी मां के गीत गाकर मां की आराधना की। रविवार को मॉ दुर्गा के पांचवें स्वरूप की आराधना की गयी। बताते हैं कि मां दुर्गा की पांचवी शक्ति स्कंदमाता है। भगवान स्कंद की माता होने के कारण ही उन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। मान्यता है कि सूर्यमण्डल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण उनकी मनोहर छवि पूरे ब्रह्मांड में प्रकाशमान होती है। शहर सहित ग्रामीणांचलों के दुर्गा मंदिरों में भक्ति गीत बजाये जाते रहे। वहीं पूजा अर्चना व आराधना के समय मां की जय-जयकार से वातावरण भक्तिमय रहा। दर्शन के लिये दोंनों पहर मंदिरों में महिलाओं व पुरूषों की भारी भीड़ रहीं। लाइन में लगकर भक्तों ने मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। मन्नत मानने वाले भक्तों ने मन्नत पूरी होने पर प्रसाद वितरित किया। व्रत रखने वाले भक्तों ने पूरी आस्था के साथ मां की आराधना की। पूजा अर्चना व आरती के बाद प्रसाद वितरित किया।

# हर घर-आंगन में अब फिर चहचहाएंगी गौरेया!

आलोक निगम। बांदा

जनपद में गौरया अब चहचहाने लगी हैं और घर-आंगन में नजर भी आने लगी हैं। और यह कोशिश है समाजसेवी शोभाराम की जो पिछले कई वर्षो से अपनी अथक मेहनत से गौरेया की गुनगाहट और आहट को सहेजने में लगे हुए हैं।

शोभाराम कश्यप ने अब तक लगभग 5000 घोसले लकड़ी के बनाकर जगह जगह घरो में पेड में टांग दिए हैं और लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उनका मानना है यदि हर व्यक्ति यही सोच लेगा कि मेरे प्रयास करने से क्या पर्यावरण ठीक हो सकता है पॉजिटिव सोच रखनी है नेगेटिव सोच नहीं रखनी एक व्यक्ति भी इस कार्य को कर रहा है आगे देख कर नवयुवक बुजुर्ग महिलाएं मोटिवेट होती है अर्थात इस कार्य हेतु गौरैया बचाने हेतु अपने घर अपने पास में लगे पेड़ पर घोंसला और पानी को टांग पर हैं तथा थोड़ा समय देते हैं तो वह दिन दूर नहीं की गौरैया की जनसंख्या लाखों-करोड़ों में हो जाएगी जोकि पर्यावरण के लिए अमोघ शक्ति है शोभाराम कश्यप बताते हैं की हम शुरुआती दौर में राष्ट्रप्रेम को कैसे जिंदा रखें 9 युवकों में नए बच्चे बच्चों में जबकि मोबाइल का युग आ गया है मैं स्वयं तिरंगा झंडा बनाकर हजारों लोगों को सप्रेम फ्री में देता था और अपील करता था कि आप लोग तिरंगे राष्ट्रप्रेम के साथ जुड़े रहिए और इसकी हकीकत को समझ ले कि यह तिरंगा में कितने लोगों का बलिदान हुआ है हमारे पुरखों का और अब आगे गुलामी की ओर हमारा देश ना जाने पाए यह झंडे मैं स्वयं अपनी ऐसे लोगों को देता था मैं स्वयं इसका निर्माण करता था अपने हाथ से 2010 में मैंने अखबारों टीवी चैनल में देखा और सुना की पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। आगे आने वाले समय में जल संकट जगह जगह तालाब पोखरी कुएं बोरिंग बोरिंग हैंड पंप सभी सुख रहे थे जीव जंतु प्यास से मर रहे थे यहां तक कि इंसानों को भी पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा था7 5 किलोमीटर दूर नदी से पानी लाना पड़ता इस पर हमारे कुछ मित्र अधिकारी वर्ग दोस्त बुद्धिजीवी ने कहा यार देखो गौरैया एकदम से गायब हो गई है पीपल के पेड़ नीम का पेड़ पाकर का पेड़ जामुन का पेड़ अब दिखता ही नहीं बरगद का पेड़ इनमें सबसे ज्यादा गौरैया संरक्षित होती थी अब आप लोग कुछ ऐसा प्रयास करो जिससे गौरैया चिड़िया को बचाया जा सके इस पर मंथन हुआ लंबी चर्चा हुई लेकिन समस्या अर्थ की आ गई थी आखिर कैसे लकड़ी के घोंसले बनाए जाएं और लोगों के घरों में संरक्षित किया जाए पास में जो पेड़ बचे हैं उन पेड़ों में बांधा जाए जहां पर चिड़िया अपना घोंसला रख सके और अंडे देते चिड़िया दो बार अंडे देती है वर्तमान समय मार्च-अप्रैल में अंडे देती है फिर इसके बाद बारिश के समय अंडे देती है।



**बांदा में शोभाराम कश्यप ने छेड़ी गौरैया बचाओ मुहिम और बना डाले पांच हजार घोसले**

# पुलिस मुठभेड़ में अतीक का करीबी घायल, गिरफ्तार

संवाददाता। फतेहपुर

**प्रयागराज** के बहुचर्चित राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के बाद से मानों प्रदेश में अपराधियों की शामत आ गई हो। योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद से पुलिस ने उमेश हत्याकांड के आरोपियों की कुंडली खंगालने में लगी है। इस बीच सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अतीक के इशारे पर उमेश पाल की हत्या कराए जाने के पुलिस को पर्याप्त सबूत हाथ लगे। इसके बाद से पुलिस ने हत्याकांड के आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू किया। कई अपराधियों के एनकाउंटर हुए, कइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा। हत्याकांड के बाद से पुलिस को कुंडली खंगालने के दौरान माफिया अतीक अहमद के करीबी रहे खखरेरू थाने के रहमतपुर गांव निवासी स्व. मोहम्मद अतहर खान के बेटों के सुराग मिले थे। अतीक के करीबी 25 हज़ार के इनामी वांछित हिस्ट्रीशीटर को थाना पुलिस व एसओजी प्रथम की टीम ने रविवार तड़के मुड़भेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में इनमियां के दाहिने पैर में गोली लगी। हिस्ट्रीशीटर के कब्जे से पुलिस को राइफल और कारतूस मिले है। खखरेरू थाना पुलिस और एसओजी प्रथम टीम की भोर पहर करीब पौने पांच बजे खखरेरू थाना क्षेत्र के कुल्ली गांव के जंगल स्थित काले बाबा की मजार के पास अतीक के करीबी व वांछित पच्चीस हज़ार के ईनामी हिस्ट्रीशीटर स्व. मोहम्मद अतहर खान के दूसरे बेटे जर्रार अहमद निवासी रहमतपुर थाना खखरेरू के साथ मुठभेड़ हो गई।

## कुष्मॉण्डा देवी मंदिर में हुआ दुर्गा सप्तसती का पाठ

संवाददाता। घाटमपुर



**चैत्र** नवरात्रि व रामनवमी के अवसर पर आज नगर के कुष्मॉण्डा देवी मंदिर में क्षेत्रीय बिधायक और तहसील व नगर पालिका के अधिकारी हवन पूजन व दुर्गा सप्तसती पाठ के आर्योजिन पाठ में भाग लिया, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्वालुओं ने भाग लिया। अतिथि के रुप में बिधायक सरोज कुरील भी पंहुची, और हवन पूजन के साथ मौजूद श्रद्वालुओं को संवोधिति किया, उन्होने अपने संवोधन में दुर्गा सप्तसती में माता के नव रुपों की अलग-अलग महिमा का बखान कर कहा माता के उपासना व पूजन से आलौकिक उर्जा का संचार होता है। बिधयक ने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिये नगर पालिका और तहसील के अधिकारी व कर्मचारियों को बधाई दीं, हवन पूजन में एसडीएम अमित कुमार, पालिका अधिशाषी अधिकारी महेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार अतुल हर्ष व संगीता यादव के अलावा दोनों बिभागों के कर्मचारी हवन-पूजन में मौजूद रहे, ये कार्यक्रम संस्कृति बिभाग उ0प्र0 और जिलाधिकारी कानपुर बिशाख जी अय्यर के निर्देश पर हुआ। उधर नव रात्रि के आज चौथे दिन मॉ कुष्मॉण्डा देवी मंदिर में शांम को दीपदान का कार्यक्रम हुआ जिसमें 51 हजार दीपों से मॉ का स्वागत किया गया, इस अवसर पर भारी तादात में पुलिस बल के आलावा पुलिस व प्रषासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## कार ने शिक्षक को टक्कर मारने के बाद खाई में जा पलटी,रिपोर्ट दर्ज

**राठ।** तेज रफ्तार कार ने प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक को बाइक में टक्कर मारते हुए पास खड़े एक अन्य युवक को कुचलते हुए खाई में पलट गई। इस हादसे में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से दोनों को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। घायल अध्यापक के भाई ने कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। मझगवां थाने के नौरंगा गांव निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसका भाई महेंद्र कुमार कैंथी गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक के पद पर तैनात हैं। शनिवार को वह बाइक से विद्यालय जा रहा था। तभी गांव निकलते ही नौरंगा की ओर से विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी।

## डा. सीपी गुप्ता सर्वसम्मति से प्रांतीय अध्यक्ष बने



**उरई ( जालौन )।** रविवार को झांसी के सामने पर भारत विकास परिषद बुंदेलखंड प्रांत का वार्षिक चुनाव 2023-2024 संपन्न हुए जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष पद पर डॉ. सीपी गुप्ता (एसआर ग्रुप चेयरमैन), आरपी गुप्ता प्रांतीय महासचिव, नरेंद्र मोदी प्रांतीय वित्त सचिव को निर्विरोध निर्वाचित हुए। डॉ. सीपी गुप्ता ने निर्वाचित होने के बाद सदन को आश्वस्त किया आपने जो विश्वास हममें दिखाया है उस विश्वास पर खरे उतरने की कोशिश करूंगा। भारत विकास परिषद बुंदेलखंड प्रांत में 16 शाखाएं हैं उनकी संख्या 20 करने की पूरी कोशिश करूंगा और सदस्य संख्या 600 से 800 करने की कोशिश करूंगा यह अस्वत किया है। इस कार्यक्रम में चुनाव पर्यवेक्षक पवन अग्रवाल क्षेत्रीय वित्त सचिव एनसीआर-2 इं. अजय इटोरिया क्षेत्रीय सचिव सम्पर्क एनसीआर-2, संजय अग्रवाल वर्तमान अध्यक्ष नंद गोपाल अग्रवाल प्रांतीय वित्त सचिव, अजय महतेले प्रांतीय सचिव, जीवन राम गुप्ता राष्ट्रीय उप चेयरमैन समग्र ग्राम विकास, राजेश जैन क्षेत्रीय मीडिया, लखन लाल चदैया प्रांतीय उपाध्यक्ष, महावीर शरण सरावगी सचिव मैथिलीशरण गुप्त शाखा उरई, आशुतोष शर्मा कोषाध्यक्ष मैथिलीशरण गुप्त शाखा उरई आदि रहे।


# पुतिन बेलारूस को परमाणु बंधक बना रहे हैं

● यूक्रेन के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी का दावा

**भाषा।** कीव

**यूक्रेन के** शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियारों की तैनाती करने की रूस की योजना की रविवार को निंदा की और कहा कि मॉस्को अपने सहयोगी देश को परमाणु बंधक बना रहा है। हालांकि, रूस ने कहा कि वह यूक्रेन को पश्चिमी देशों के बढ़ते सैन्य सहयोग के जवाब में यह कदम उठाने जा रहा है। इस बीच, यूक्रेन सरकार ने रविवार को परमाणु ब्लैकमेल की रूस की रणनीति से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक बुलाने का आह्वान किया। मालूम हो कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को सरकारी टेलीविजन के साथ एक साक्षात्कार में बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियारों की तैनाती करने की अपनी योजना के बारे में बताया था। सामरिक परमाणु हथियार युद्ध के मैदान में इस्तेमाल करने के इरादे से बनाए जाते हैं और अधिक शक्तिशाली परमाणु हथियारों से लैस लंबी दूरी की मिसाइलों के मुकाबले कम दूरी पर स्थित लक्ष्यों को निशाना बनाते हैं तथा अपेक्षाकृत कम नुकसान करते हैं। यह योजना यूक्रेन को डिप्लेटिड यूरेनियम वाला गोला-बारूद देने की ब्रिटेन की योजना की जवाबी प्रतिक्रिया है। रूसी राष्ट्रपति ने पहले दावा किया था कि ब्रिटेन द्वारा यूक्रेन को उपलब्ध कराया जाने वाला गोला-बारूद परमाणु घटक से लैस है। उन्होंने कहा था कि बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियारों की तैनाती करके रूस अमेरिका की दिखाई राह पर आगे बढ़ रहा है। पुतिन ने दावा किया था कि वाशिंगटन ने बेल्जियम, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड और तुर्किए में अपने परमाणु हथियार तैनात कर रखे हैं। हम वही कर रहे हैं, जो वे दशकों से करते आ रहे हैं। हम उन्हें (परमाणु हथियारों को) चुनिंदा सहयोगी देशों में तैनात कर रहे हैं, उनके प्रक्षेपण का मंच तैयार कर रहे हैं और उनका संचालन करने वाले दलों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। यूक्रेन की के सचिव ओलेक्सेई दानिलोव ने रविवार को ट्वीट किया कि पुतिन की घोषणा बेलारूस की अस्थिरता की दिशा में उठाया गया एक कदम है , जो बेलारूसी समाज में रूस और पुतिन को लेकर मौजूद नकारात्मक धारणा एवं सार्वजनिक अस्वीकृति को उच्चतम स्तर पर ले जाता है। रूस बेलारूस को परमाणु बंधक बना रहा है। पुतिन ने कहा था कि बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको नाटो के देशों से घिरे होने के कारण उनसे निपटने के लिए काफी समय से इन हथियारों की मांग कर रहे हैं।

## सामरिक परमाणु हथियार तैनात करेगा रूस



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को पड़ोसी देश बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियारों की तैनाती करने की अपनी योजना की घोषणा की। इस घोषणा को यूक्रेन में सैन्य सहयोग बढ़ा रहे पश्चिमी देशों के लिए चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। अधिक शक्तिशाली, लंबी दूरी के रणनीतिक परमाणु हथियारों के विपरीत सामरिक परमाणु हथियारों का उद्देश्य युद्ध के मैदान में उपयोग करना होता है। पुतिन ने कहा कि यह योजना यूक्रेन को डिप्लेटेड यूरेनियम वाला गोला-बारूद देने की ब्रिटेन की योजना की जवाबी प्रतिक्रिया है। पुतिन ने पहले दावा किया था कि ये गोला-बारूद परमाणु घटक से लैस है। बहरहाल, उन्होंने बाद में अपने लहजे को नरम किया, लेकिन रूस के नेता ने शनिवार रात एक सरकारी टेलीविजन चैनल पर प्रसारित साक्षात्कार में कहा कि ए हथियार यूक्रेन में सैन्य बलों एवं असैन्य नागरिकों के लिए अतिरिक्त खतरा पैदा करते हैं। पुतिन ने कहा कि बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जैंडर लुकाशेंको उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देशों से घिरे होने के कारण काफी समय से इन हथियारों की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेलारूस में इन हथियारों के भंडारण के लिए उचित ढांचे का निर्माण एक जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा।

# यूक्रेन सीमा से दूर ड्रोन से हुए विस्फोट में तीन लोग घायल: रूस



मृतकों को पुष्प अर्पित करते यूक्रेन के लोग

**कीव।** रूसी अधिकारियों ने रविवार को कहा कि यूक्रेन सीमा से दूर एक कस्बे में ड्रोन से हुए विस्फोट में तीन लोग घायल हो गए। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वह ड्रोन कहां से आया था। विस्फोट रविवार दोपहर तुला क्षेत्र के किरेव्स्क कस्बे में हुआ, जो यूक्रेन सीमा से लगभग 300 किलोमीटर जबकि मॉस्को से 175 किलोमीटर दूर है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए-नोवोस्ती ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से कहा कि विस्फोट से कुछ रिहाइशी इमारतों को नुकसान हुआ है। यह विस्फोट एक ड्रोन से हुआ। हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी।

### लीबिया में गायब हुआ 2.5 टन प्राकृतिक यूरेनियम बरामद किया गया

**काहिरा।** संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निगरानी निकाय के निरीक्षकों ने दक्षिणी लीबिया का दौरा किया और अराजकता से त्रस्त देश मे इस महीने की शुरुआत में गायब हुए प्राकृतिक यूरेनियम से भरे ड्रम का पता लगाया। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने शनिवार को यह जानकारी दी।आईएईए ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि युद्धग्रस्त देश लीबिया के दक्षिणी शहर मे एक भंडार केंद्र मे रखा करीब 2.5 टन प्राकृतिक यूरेनियम गायब हो गया है। लीबिया के कमांडर खलीफा हिफ्तर के सैनिकों ने कहा कि उन्हें गायब हुआ यूरेनियम, भंडारण स्थल के करीब मिला। विएना स्थित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को दिए एक बयान में कहा कि संयुक्त राष्ट्र के निरीक्षकों ने 21 मार्च को क्षेत्र का दौरा किया और यूरेनियम को भंडारण स्थल पर स्थानांतरित किए जाते देखा।

### इस सप्ताह पांच ग्रह एक कतार में होंगे

**न्यूयॉर्क,।** खगोल विज्ञान मे रुचि रखने वालों के लिए एक बेहतरीन मौका है जब लोग रात के समय आसमान में पांच ग्रहों को एक कतार मे देख सकेंगे। इन पांच ग्रहो मे बुध, बृहस्पति, शुक्र, यूरेनस और मंगल शामिल है जो चंद्रमा के निकट एकसीध मे रहेंगे। कहां और कब इन्हे देख सकते है- नासा के खगोल विज्ञानी बिल कुक का कहना है कि इन्हें देखने के लिए सबसे बेहतरीन मंगलवार का दिन है। वह कहते है कि आपको सूर्यास्त के ठीक बाद पश्चिमी क्षितिज की ओर देखना होगा। ग्रह क्षितिज रेखा से आसमान के बीच तक फैले दिखेंगे। लेकिन, देर मत करिए। सूर्यास्त के बाद बुध और बृहस्पति ग्रह करीब आधे घंटे बाद क्षितिज रेखा मे डूब जाएंगे। अगर आसमान साफ है तो इन पांचो ग्रहो को धरती पर कही से भी देखा जा सकता है। कुक ने कहा, यही इन ग्रहो की सुंदरता है। इसमे ज्यादा समय नही लगता है। क्या इन्हे देखने के लिए दूरबीन की आवश्यकता होगी - कुक ने कहा कि हो सकती है। उन्होने कहा कि बृहस्पति, शुक्र और मंगल की चमक तेज होती है इसलिए इसे आसानी से देखा जा सकता है। शुक्र ग्रह आसमान मे सबसे अधिक चमकीला रहेगा और लाल चमक के साथ मंगल चंद्रमा के निकट रहेगा। बुध और यूरेनस को ढूंढना मुश्किल हो सकता है, क्योकि वे धुंधले होगे। आपको शायद दूरबीन लेने की आवश्यकता होगी। कुक ने कहा कि यदि आप ग्रहो के प्रशंसक है, तो यह यूरेनस को देखने का एक दुर्लभ मौका है, जो आमतौर पर दिखाई नही देता। उन्होने कहा कि आप शुक्र के ठीक ऊपर इसकी हरी चमक देख सकते है।

# इजराइल में रोका जाए न्यायिक सुधार : रक्षा मंत्री

**भाषा।** यरुशलम



**इजराइल के** रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने न्यायपालिका में आमूल-चूल परिवर्तन की धुर दक्षिणपंथी सरकार की विवादास्पद योजना को शनिवार को तत्काल और अस्थाई रूप से रोकने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार के मंत्री का यह बयान सार्वजनिक रूप से उनके प्रति लोगों के असंतोष को व्यक्त करता है। गैलेंट ने विपक्ष के साथ बातचीत की आवश्यकता का हवाला देते हुए नेतन्याहू के गठबंधन को यहूदी त्योहार फसह की छुट्टी के बाद तक इंतजार करने को कहा। यह छुट्टी पांच अप्रैल से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि वह चिंतित हैं कि न्यायपालिका में आमूल-चूल परिवर्तन करने की योजनाएं देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं। इस योजना ने इजराइल के इतिहास में सबसे बड़े विरोध आंदोलन को जन्म दिया है। इसके खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि वह इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। इजराइल की संसद ने बृहस्पतिवार को न्यायपालिका में आमूल-चूल परिवर्तन के लिए प्रस्तावित कई विवादित कानूनों में से पहले कानून को पारित कर दिया। संसद से उक्त कानून ऐसे समय में पारित हुआ है, जब सड़कों पर इसके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि देश इससे अधिनायकवाद की ओर बढ़ेगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार ने विधेयक को मंजूरी दी, जो भ्रष्टाचार और हितों से टकराव के मामले में सुनवाई का सामना कर रहे इजराइली नेता को शासन करने से अयोग्य करार दिए जाने से बचाएगा। आलोचकों का कहना है कि यह कानून नेतन्याहू के लिए बनाया गया है और इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा और न्यायपालिका में बदलाव को लेकर जनता के बीच खाई और चौड़ी होगी। कानूनी बदलावों को लेकर देश दो धड़ों में बंट गया है। एक वर्ग का मानना है कि नई नीतियां इजराइल को उसके लोकतांत्रिक मूल्यों से दूर कर रही हैं, जबकि दूसरे धड़े का कहना है कि उदार न्यायपालिका सीमा से परे जाकर देश चला रही है। न्यायपालिका में बदलाव संबंधी सरकार की योजना से देश 75 साल में पहली बार सबसे बुरे लोकतांत्रिक संकट से घिर गया है।

## इजराइली समूह ने समझौते का पालन नहीं करने के लिए अदालत से नेतान्याहू को सजा देने का अनुरोध किया

**तेल अवीव।** इजराइल के एक समूह ने देश के उच्चतम न्यायालय से एक समझौते का उल्लंघन करने के आरोप में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू को सजा देने का अनुरोध किया है। इस समझौते के तहत नेतान्याहू पर उनके खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के मुकदमे के दौरान न्यायपालिका मे दखलअंदाजी करने पर रोक लगाई गई है। मूवमेंट फॉर क्वॉलिटी गवर्नमेंट इन इजराइल नामक समूह के इस अनुरोध के बाद नेतान्याहू सरकार और न्यायपालिका के बीच खीचतान बढ़ गई है। सरकार न्यायपालिका में बदलाव के प्रयास कर रही है, जिसका व्यापक रूप से विरोध हो रहा है। सुशासन की वकालत करने वाला यह समूह न्यायपालिका मे सुधारो के प्रयास का पुरजोर विरोध कर रहा है। समूह ने उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह नेतान्याहू को कानून का सम्मान करने की हिदायत दे और ऐसा नही करने पर उन पर जुर्माना लगाए या जेल की सजा सुनाए। समूह ने कहा है कि वह कानून से ऊपर नही है। समूह के प्रमुख एलियाद शरगा ने कहा, एक प्रधानमंत्री जो अदालत व कानूनी प्रावधानो का सम्मान नही करता है, वह अराजकतावादी है। देश के अटॉर्नी जनरल ने नेतन्याहू को न्यायपालिका में आमूल-चूल परिवर्तन करने की उनकी सरकार की योजना पर अमल करने से रोक दिया है। हितो के टकराव को लेकर हुए समझौते के तहत नेतान्याहू इस योजना पर अमल नही करने के लिए बाध्य है। उच्चतम न्यायालय ने भी नेतान्याहू के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे की सुनवाई करते हुए इसे स्वीकार किया है।

### भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी स्वतंत्रता सेनानी मूसी मूला का निधन

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी स्वतंत्रता सेनानी मूसा मूसी मूला का शनिवार को निधन हो गया। वह लंबे वक्त से बीमार थे। वह 88 वर्ष के थे। छोटे से शहर क्रिस्टियाना में जन्मे मूला ने ट्रांसवाल इंडियन कांग्रेस (टीआईसी) की युवा शाखा के लिए काम करते समय रंगभेद का विरोध करने वाले पोस्टर गुप्त रूप से लगाने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। बाद में मूला को टीआईसी के कार्यकारी के रूप में चुना गया था। उन्होंने इसके पूर्णकालिक आयोजक के रूप में भी सेवा दी थी। मूला को कई बार गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था लेकिन वह और तीन अन्य मार्शल स्क्वायर थाने से भाग गए थे। गैर कानूनी तरीके से दक्षिण अफ्रीका छोड़ने के बाद मूला दार-एस-सलाम में अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के निर्वासित नेताओं के साथ मिल गए। एएनसी ने 1969 में मूला को तत्कालीन बंबई में तैनात किया था जहां एएनसी का पहला विदेशी मिशन स्थित था। राजनीतिक बंदी के रूप में नेल्सन मंडेला की 27 साल बाद रिहाई के पश्चात 1990 में मूला वतन लौटे।

### अमेरिकाः मिसीसिपी में विनाशकारी तूफान के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने आपात स्थिति की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सबसे गरीब इलाकों मे से एक मिसीसिपी में शुक्रवार की रात आए विनाशकारी तूफान के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को आपातकालीन स्थिति की घोषणा की है। इस घोषणा के तहत कैरोल, हम्फ्रे, मुनरो और शार्की काउंटियो के संघीय कोष से धन उपलब्ध कराया जाएगा। तूफान से मिसीसिपी मे कम से कम 25 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हुए है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, बाइडन की घोषणा के बाद, अस्थाई आवास, घरों की मरम्मत, बिना बीमित संपत्ति के नुकसान को कवर करने वाले ऋण और अन्य व्यक्तिगत और व्यावसायिक कार्यक्रमों सहित इससे उबरने के प्रयासों के लिए संघीय सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए धन का इस्तेमाल किया जा सकता है। गौरतलब है कि शुक्रवार की रात विनाशकारी तूफान ने 2,000 की आबादी वाले रोलिंग फोर्क शहर को तबाह कर दिया, घरों को मलबे के ढेर मे बदल दिया, कारों को पलट दिया और शहर के पानी के टॉवर को गिरा दिया था। मिसीसिपी कार्यालय के मौसम वैज्ञानिक लांस पेरिलौक्स ने बताया कि तूफान की रिपोर्ट और रडार के आंकड़ों के अनुमानों के आधार पर प्रारंभिक जानकारी से संकेत मिलता है कि बवंडर एक घंटे से अधिक समय तक रहा और इसकी रफ्तार कम से कम 170 मील (274 किलोमीटर) थी।

### अमेरिका में तूफान की चपेट में आने से 26 लोगों की मौत



**रोलिंग फोर्क (अमेरिका)।** अमेरिका के मिसिसिपी और अलबामा में शुक्रवार रात को शक्तिशाली तूफान की चपेट में आने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। तूफान से मची तबाही के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बचावकर्ता राहत एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं। मिसिसिपी आपात प्रबंधन एजेंसी ने शनिवार को बताया कि तूफान में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है और कई लोग घायल हुए है। उसने बताया कि राज्य में लापता हुए चार लोगों का पता लगा लिया गया है। इस बीच एएल डॉट कॉम ने बताया कि उत्तरी अलबामा की मोर्गन काउंटी में तूफान के कारण मची तबाही में 67 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने तूफान की पुष्टि की, जिससे मिसिसिपी मे जैक्सन के उत्तर पूर्व में करीब 96 किलोमीटर तक तबाही मची। ग्रामीण कस्बे सिल्वर सिटी और रोलिंग फोर्क में तूफान से क्षति की सूचना मिली है, जो बिना कमजोर हुए 113 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पूर्व की ओर विनोना और आमोरी होते हुए अलबामा की तरफ बढ़ा। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने आपात स्थिति की घोषणा की और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी संघीय मदद देने का वादा किया है।

### होंडुरास ने ताइवान के साथ रिश्ते समाप्त करने के बाद चीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए

**बीजिंग।** होंडुरास ने ताइवान के साथ संबंध समाप्त करने के बाद होंडुरास के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। ताइवान को अब वेटिकन सिटी समेत केवल 13 संप्रभु देश मान्यता देते है। चीन के सरकारी मीडिया सीसीटीवी ने होंडुरास के साथ संबंधों को लेकर यह घोषणा की। इससे पहले होंडुरास और ताइवान सरकारों ने अलग-अलग घोषणा की कि वे संबंधों को समाप्त कर रहे है। होंडुरास के विदेश मंत्रालय ने ट्विटर पर जारी एक बयान में कहा, होंडुरास गणराज्य की सरकार दुनिया में केवल एक चीन के अस्तित्व को मान्यता देती है और चीन सरकार एकमात्र वैध सरकार है जो पूरे चीन का प्रतिनिधित्व करती है। उसने कहा, ताइवान चीनी क्षेत्र का एक अविभाज्य हिस्सा है और होंडुरास सरकार ने राजनयिक संबंधों को समाप्त करने के बारे में ताइवान को सूचित किया है। उसने ताइवान के साथ कोई आधिकारिक संबंध या संपर्क स्थापित नही करने का संकल्प लिया। ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वु ने रविवार को बताया कि ताइवान ने अपनी संप्रभुता एवं गरिमा की रक्षा के लिए होंडुरास के साथ अपने संबंधों को समाप्त कर लिया है। ताइवान के राष्ट्रपति के कार्यालय की प्रवक्ता ओलिविया लिन ने एक बयान में कहा कि दोनो पक्षों के बीच संबंध 80 साल से अधिक समय तक रहे।

## आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को उबारने के लिए इमरान खान ने 10 सूत्री खाका पेश किया

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान** के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को लाहौर में एक भव्य जनसभा की और आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को उबारने के लिए तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) का 10 सूत्री खाका पेश किया। रविवार तड़के मीनार-ए-पाकिस्तान पर आयोजित जनसभा में इमरान ने देश की सत्तारूढ़ पार्टी को अलग-अलग मोर्चे पर संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान को उबारने की योजना पेश करने की चुनौती दी। पीटीआई प्रमुख ने कहा, मैं चुनौती देता हूं कि मौजूदा सरकार में (देश को बचाने की) क्षमता या नीयत नहीं है। अगर सरकार मुझसे कहती है कि उसके पास (देश को संकट से उबारने की) योजना है, तो मैं हंसी-खुशी किनारे हो जाऊंगा। द डॉन अखबार में प्रकाशित खबर के मुताबिक, 70 वर्षीय इमरान ने कहा, मैं जानता हूं कि क्या योजना है। उनके पास कोई योजना नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री ने पीटीआई का 10 सूत्री रोडमैप पेश करते हुए कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए विदेश में रह रहे पाकिस्तानियों को पाकिस्तान में निवेश करने के प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि मदद के लिए बार-बार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास जाने की जरूरत न पड़े। उन्होंने कहा, हम उन सभी लोगों की मदद करेंगे, जो सामान निर्यात करेंगे और देश में डॉलर ले आएंगे। गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ के ऋण कार्यक्रम की बहाली के लिए उससे संपर्क किया है। इमरान ने जोर देकर कहा कि देश को कर संग्रह और निर्यात बढ़ाने के लिए कठोर फैसले लेने की जरूरत है।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मीनार-ए-पाकिस्तान पर रैली की

**भाषा।** लाहौर



**पाकिस्तान के** लाहौर को देश के शेष हिस्से से काटने और शहर में कंटेनर लगाने के बावजूद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान शनिवार रात मीनार-ए-पाकिस्तान पर एक बड़ी रैली करने में कामयाब रहे। देश के मीडिया ने पीएमएल-एन नीत सरकार के दबाव की वजह से कार्यक्रम का प्रसारण नहीं किया। सरकार को सेना का समर्थन हासिल है। खान ने बुलेट-प्रूफ शीशे के पीछे खड़े होकर रैली को संबोधित किया। खान पर पूर्व में हमला हो चुका है। ऐतिहासिक पार्क में बड़ी संख्या में महिलाएं भी जुटी थीं। खान की रैली को विफल करने के लिए पुलिस ने मीनार-ए-पाकिस्तान की ओर जाने वाली सभी प्रमुख सड़कों को कंटेनर और अवरोधक लगाकर बंद कर दिया था। इन बाधाओं की वजह से लोग लंबी दूरी पैदल चलकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस रैली से पहले पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 2,000 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने और प्रताड़ित करने के लिए पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार और उसके आकाओं (परोक्ष तौर पर सेना) को आड़े हाथों लेते हुए इमरान खान ने कहा, एक बात तो साफ है कि सत्ता में जो भी होगा, उसे आज संदेश जाएगा कि लोगों के जुनून को बाधाओं और कंटेनर से नहीं दबाया जा सकता। उन्होंने सत्ता में बैठे लोगों से कहा कि अगर उनके पास देश को आर्थिक बदहाली से बाहर निकालने के लिए कोई एजेंडा है तो वह (खान) घर बैठने के लिए तैयार हैं। खान ने यह भी कहा, पाकिस्तान में आज सत्ता के गलियारे जिस तरह से बर्ताव कर रहे हैं, उससे लगता है कि देश की एकमात्र समस्या इमरान खान ही हैं।

# सुपर कंडक्टर : 100 फीसदी दक्षता के साथ करेगा बिजली प्रेषित

● सुपर कंडक्टर कैसे काम करते है? एक भौतिक विज्ञानी बताते है कि प्रतिरोध मुक्त बिजली क्या है

**भाषा।** रोचेस्टर (अमेरिका)



**आधुनिक** विश्व लगभग पूरी तरह बिजली पर निर्भर है, जो तारों के जरिए हर लाइट, टेलीविजन, मोबाइल फोन और कंप्यूटर समेत तमाम उपकरणों तक पहुंचती है। दुर्भाग्य से, कोयले या सौर ऊर्जा संयंत्र में उत्पन्न होने वाली बिजली का औसतन लगभग पांच फीसदी हिस्सा बिजली संयंत्र से उसके अंतिम गंतव्य तक पहुंचने में नष्ट हो जाता है। यह अकेले अमेरिका में सालाना छह अरब डॉलर का नुकसान है। दशकों से, वैज्ञानिक सुपर कंडक्टर नामक उपकरण विकसित कर रहे हैं जो लगभग 100 फीसदी दक्षता के साथ बिजली प्रेषित करता है। मैं एक भौतिक विज्ञानी हूं जो पता लगाता है कि सुपर कंडक्टर परमाणु स्तर पर कैसे काम करते हैं, कैसे बहुत कम तापमान पर करंट प्रवाहित होता है और कैसे प्रोत्थापन जैसे अनुप्रयोगों को महसूस किया जा सकता है। प्रोत्थापन, बिना किसी भौतिक सहारे के किसी को हवा में ऊपर उठाने या ठहराने की क्रिया को कहते हैं। हाल में, शोधकर्ताओं ने सुपर कंडक्टर विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है जो अपेक्षाकृत सामान्य तापमान और दबावों पर कार्य कर सकते हैं। यह देखने के लिए कि ए हालिया प्रगति इतनी रोमांचक क्यों हैं और दुनिया पर उनका क्या असर हो सकता है, यह समझना महत्वपूर्ण है कि सुपर कंडक्टर कैसे काम करते हैं। एक प्रतिरोध-मुक्त सामग्री: एक सुपर कंडक्टर ऐसी सामग्री है, जो बिना किसी प्रतिरोध के विद्युत करंट का संचालन करती है। सुपर कंडक्टर की यह प्रतिरोध-मुक्त विशेषता बिजली के मानक कंडक्टर जैसे तांबा या एल्यूमीनियम के साथ नाटकीय रूप से विपरीत है, जो करंट का प्रवाह होने पर गर्म होते हैं। यह किसी खुरदुरे गलीचे पर हाथ को फिसलने की तुलना में एक चिकनी सतह पर अपने हाथ को जल्दी से फिसलने देने के समान है। खुरदुरा गलीचा अधिक घर्षण उत्पन्न करता है और इसलिए, अधिक गर्मी भी उत्पन्न होती है। इलेक्ट्रिक टोस्टर और पुरानी शैली के बल्ब गर्मी और प्रकाश उत्पन्न करने के लिए प्रतिरोध का उपयोग करते हैं, लेकिन यह प्रतिरोध इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के लिए समस्याएं खड़ी कर सकता है। सेमीकंडक्टर का प्रतिरोध एक कंडक्टर के मुकाबले कम होता है। हालांकि, फिर भी यह सुपर कंडक्टर की तुलना में अधिक होता है। सुपर कंडक्टर कैसे कार्य करते हैं? सभी सुपरकंडक्टर उन सामग्रियों से बने होते हैं जो विद्युत रूप से तटस्थ होती हैं - अर्थात, उनके परमाणुओं में ऋणात्मक रूप से आवेशित इलेक्ट्रॉन होते हैं जो एक नाभिक को समान संख्या में धनात्मक आवेशित प्रोटॉन से घेरते हैं। यदि आप किसी तार के एक सिरे को किसी ऐसी चीज से जोड़ते हैं जो धनात्मक रूप से आवेशित है, और दूसरा छोर किसी ऐसी चीज से जुड़ा है जो ऋणात्मक रूप से आवेशित है, तो सिस्टम इलेक्ट्रॉन को इधर-उधर घुमाकर संतुलन तक पहुंचना चाहेगा, जिससे तार के इलेक्ट्रॉन सामग्री के माध्यम से स्थानांतरित होने का प्रयास करते हैं। सामान्य तापमान पर, इलेक्ट्रॉन कुछ अनिश्चित पथों में चलते हैं और वे आम तौर पर एक तार के माध्यम से स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ने में सफल हो सकते हैं, लेकिन समय-समय पर वे सामग्री के नाभिक से टकराते हैं। ए टकराव इलेक्ट्रॉन के प्रवाह को बाधित करते हैं, जो प्रतिरोध का कारण बनते हैं और सामग्री को गर्म करते हैं। सभी परमाणुओं के नाभिक लगातार कंपन करते हैं।

## बीच हवा में टकराने वाले थे एअर इंडिया और नेपाल एयरलाइंस के विमान, बड़ा हादसा टला

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल में** शुक्रवार को एअर इंडिया और नेपाल एयरलाइंस के विमान बीच हवा में भिड़ने वाले थे, तभी चेतावनी प्रणाली ने पायलटों को सतर्क कर दिया और उनके तुरंत हरकत में आने से एक बड़ा हादसा टल गया। अधिकारियों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण (सीएएएन) ने लापरवाही के आरोप में हवाई यातायात नियंत्रण विभाग के तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। सीएएएन के प्रवक्ता जगन्नाथ निरूला ने यह जानकारी दी। शुक्रवार सुबह मलेशिया के कुआलालंपुर से काठमांडू आ रहे नेपाल एयरलाइंस के एयरबस ए-320 विमान और नई दिल्ली से काठमांडू आ रहे एअर इंडिया के विमान की भिड़ंत होने वाली थी। निरूला ने कहा कि एअर इंडिया का विमान 19 हजार फुट की ऊंचाई से नीचे की ओर आ रहा था, जबकि नेपाल एयरलाइंस का विमान उसी समय 15 हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। प्रवक्ता ने कहा कि जब रडार पर दिखा कि दो विमान आसपास हैं, तो नेपाल एयरलाइंस का विमान नीचे उतरकर सात हजार फुट की ऊंचाई पर आ गया। नागर विमानन प्राधिकरण ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्ईय समिति बनाई है। सीएएएन ने अगले आदेश तक त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के तीन कर्मचारियों को हवाई यातायात नियंत्रण से हटा दिया। ए तीनों कर्मचारी घटना के समय नियंत्रण कक्ष में तैनात थे।

### श्रीलंका और भारत के बीच अप्रैल से शुरू होगी यात्री नौका सेवा

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका के** नागरिक उड्डयन मंत्री निमल सिरीपाला डी सिल्वा ने रविवार को कहा कि श्रीलंका और भारत के बीच बहुप्रतीक्षित यात्री नौका सेवा अप्रैल के अंत तक शुरू हो जाएगी। मंत्री ने कहा, 29 अप्रैल को, जाफना जिले में बंदरगाह में कराईकल और कंकेसनथुराई के बीच नौका सेवा शुरू होगी। प्रत्एक यात्री को बहुत ही रियायती दर पर 100 किलोग्राम सामान ले जाने की अनुमति दी जाएगी। डी सिल्वा ने कहा कि सेवा संचालन के लिए दोनों देशों से कोई भी नौका संचालक आवेदन कर सकता है। श्रीलंका नौसेना कंकेसनथुराई में एक यात्री टर्मिनल बना रही है। विमानन मंत्रालय ने यहां कहा कि यह यात्रा चार घंटे की होगी।

# हैदराबाद बचाने वालों को कांग्रेस ने भुलाया : शाह

● गोरता शहीद स्मारक और वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का किया उद्घाटन

**भाषा।** बीदर (कर्नाटक)



**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसने उन लोगों को कभी याद नहीं किया, जिन्होंने क्रूर निजाम शासन से हैदराबाद की मुक्ति के लिए संघर्ष किया था और प्राणों की आहुति दी थी। जिले के गोरता गांव में गोरता शहीद स्मारक और देश के पहले गृहमंत्री दिवंगत सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार आज भी हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाने में हिचकती है। केंद्रीय गृह मंत्री ने गोरता में 103 फुट उंचा राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया और इस स्थान को दक्षिण भारत का जलियांवाला बाग बताया। केंद्रीय मंत्री ने नौ मई, 1948 को गोरता में हुई बर्बर घटना को याद करते हुए कहा कि देश आजाद होने के बावजूद क्रूर निजाम ने 200 लोगों का नरसंहार किया था। उनके जैसे भावुक व्यक्ति के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि उस दिन निजाम की बर्बर सेना ने 2.5 फुट का तिरंगा फहराने के लिए सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। यहां गोरता में क्रूर निजाम ने 200 से ज्यादा लोगों का नरसंहार किया।

## मुस्लिम कोटा खत्म करने के कर्नाटक सरकार के फैसले का बचाव किया

**बीदरा-रायचूर (कर्नाटक)।** केंद्रीय गृह मंत्री ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की 2बी श्रेणी के तहत मुस्लिम समुदाय को मिले चार प्रतिशत आरक्षण को कर्नाटक सरकार द्वारा खत्म किए जाने के फैसले का बचाव करते हुए रविवार को कहा कि धार्मिक आधार पर कोटा संवैधानिक रूप से वैध नही है। बीदर के गोरता गांव और रायचूर के गब्बूर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए शाह ने कथित वोट बैंक की राजनीति के लिए मुस्लिमों को चार प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान करने के लिए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा नई आंतरिक आरक्षण व्यवस्था लागू करने के फैसला को रेखांकित करते हुए कहा कि अनुसूचित जातियों के साथ अन्याय को दूर करने की कोशिश की गई है।

# एलवीएम-3 रॉकेट गगनयान मिशन के लिए उपयुक्त, बेहतरीन प्रदर्शन किया : इसरो प्रमुख

**भाषा।** चेन्नई



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने एमवीएम-3-एमआवनवेब इंडिया-2 मिशन के सफल प्रक्षेपण के साथ एक और उपलब्धि प्राप्त की क्योंकि इसी तरह के रॉकेट का इस्तेमाल इंसान को अंतरिक्ष में पहुंचाने के महत्वकांक्षी गगनयान मिशन के लिए किया जाएगा। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने रविवार को बताया कि संगठन के अब तक के सबसे भारी एमवीएम-3 (पूर्व में भूस्थिर उपग्रह प्रक्षेपण यान एमके-ढ्ढढ्ढ नाम) राकेट ने वनवेब के 36 उपग्रहों को आज एक साथ सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया और इसमें एस200 मोटर लगी हैं जो गगनयान मिशन में इस्तेमाल होने वाले प्रक्षेपक में लगी होंगी। मिशन नियंत्रण केंद्र में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए सोमनाथ ने कहा, इस रॉकेट (एलवीएम-3) में एस 200 मोटर लगी हैं और इन्हें इस तरह से डिजाइन किया गया है ताकि जरूरत पड़ने पर क्षमता बढ़ाई जा सके और यह विशेषता गगनयान के अनुकूल है। हम प्रसन्न हैं कि इस मिशन में इसने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, इस रॉकेट में और सुधार किए जाएंगे ताकि मानव मिशन के लिए इसे अति उपयुक्त बनाया जा सके और प्रणाली को बेहतर किया जा सके। सोमनाथ ने कहा, मैं गगनयान मिशन में हो रही प्रगति को देखकर बहुत खुश हूं। गौरतलब है कि गगनयान मिशन की परिकल्पना भारत की मानव दल को अंतरिक्ष में भेजने की क्षमता प्रदर्शित करने के लिए की गई है। इसके तहत तीन दिन के मिशन में तीन अंतरिक्ष यात्री 400 किलोमीटर उंची कक्षा में जाएंगे और सुरक्षित वापस भारतीय जल सीमा में उतरेंगे।

## शिवसेना (यूबीटी) के कई नेता, कार्यकर्ता शिंदे नीत खेमे में शामिल हुए

**ठाणे।** महाराष्ट्र मे मालेगांव और नासिक से शिवसेना (यूबीटी) गुट के कई नेता और कार्यकर्ता रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले पार्टी खेमे मे शामिल हुए। बालासाहेबंची शिवसेना द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, शिंदे ने यहां आनंद आश्रम मे आयोजित एक समारोह के दौरान शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं और कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, जैसा कि कार्यकर्ता हम पर पूर्ण विश्वास के साथ पार्टी में शामिल हुए है, राज्य सरकार द्वारा नासिक जिले की समस्याओं का समाधान किया जाएगा, जो राज्य और इसके नागरिकों की प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।

## भाजपा नेता अमित मालवीय ने प्रियंका गांधी पर राहुल की डिग्री के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अमित मालवीय ने रविवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा पर अपने भाई राहुल गांधी की शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे मे झूठ बोलने का आरोप लगाया। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख मालवीय ने ट्वीट किया, राहुल गांधी के किसी भी चुनावी हलफनामे मे हार्वर्ड की डिग्री का जिक्र नही है। प्रियंका गांधी वाद्रा (लोकसभा की सदस्यता के लिए) अयोग्य करार दिए गए अपने भाई की तरह ही झूठ बोल रही है। क्या इस परिवार के बारे में ऐसा कुछ भी है, जो फर्जी नही है? राहुल की अयोग्यता के खिलाफ कांग्रेस के देशव्यापी प्रदर्शन के तहत राजघाट पर पार्टी के संकल्प सत्याग्रह को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा, राहुल गांधी के पास दो प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानो-हार्वर्ड और कैंब्रिज की डिग्री है।

## किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा : मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को राज्य के मोगा, मुक्तसर, बठिंडा और पटियाला जिलो का दौरा किया तथा किसानो को उनके फसल को हुए नुकसान का उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया। इन जिलो मे भारी बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसलो को नुकसान पहुंचा है। मान ने कहा कि अगर किसानों को 75 फीसदी फसल का नुकसान हुआ है, तो सरकार उन्हे 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देगी। उन्होने कहा कि अगर नुकसान 33 से 75 फीसदी के बीच है, तो 6750 रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिको को मुआवजे के रूप मे 10 प्रतिशत, जबकि खराब मौसम के कारण घरों को पहुंचे नुकसान के लिए 95,100 रुपए के मुआवजे का भुगतान किया जाएगा। पंजाब मे बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि और तेज आंधी के कारण प्रदेश के कई इलाको मे गेहूं एवं अन्य फसलो को नुकसान पहुंचा है।

## नवाचार पर ध्यान देंगे

**मुंबई।** टाटा समूह नवाचार पर जेर देगा। भारत के पहले और भरोसेमंद ओमनीचैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, क्रोमा ने गर्व से अपने स्वयं के लेबल के नवीनतम उत्पाद लॉन्च किया है। इनोवेटिव क्यूएलईडी टीवी और वाटर प्यूरीफायर लाइफस्टाइल को बदलने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इन उत्पादों को ग्राहकों को बेहतरीन कीमत पर नवीनतम तकनीकों की पेशकश करने के लिए बनाया गया है। क्रोमा क्यूएलईडी टीवी में बेहतरीन दृश्यता अनुभव प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है। क्रोमा के नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हैं और प्रतिस्पर्धी मूल्य के साथ इन-हाउस विशेषज्ञों द्वारा क्यूरेट किए जाते हैं। इस अवसर पर, क्रोमा इनफिनिटी-रिटेल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री अविजीत मित्रा ने कहा, हमें अपने ग्राहकों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी समर्थित क्यूएलईडी और वाटर प्यूरीफायर लॉन्च करने की खुशी है।

# अब पीएम पोषण योजना में शहद को शामिल किया जाएगा

**भाषा।** नई दिल्ली

● बच्चों की सेहत में सुधार पर विशेष ध्यान



**केंद्र सरकार ने** स्कूली बच्चों की पोषण संबंधी जरूरतों को और बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए अब पीएम पोषण योजना में शहद को शामिल करने की पहल की है। शिक्षा मंत्रालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की संयुक्त सचिव प्राची पांडे ने सभी राज्यों के प्रधान सचिवों (शिक्षा) को छह मार्च को पत्र लिखकर यह आग्रह किया है। संबंधित पत्र में कहा गया है, शहद की पोषण संबंधी गुणवत्ता एवं अन्य फायदों पर विचार करते हुए आपको (राज्यों) पीएम पोषण योजना के तहत खाद्य सामग्री में शहद को शामिल करने का सुझाव दिया जाता है। कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की संयुक्त सचिव के पत्र में कहा गया है कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने एक फरवरी 2023 को पत्र लिखकर यह आग्रह किया था कि मध्याह्न भोजन योजना में शहद को शामिल किया जाए ताकि मधुमक्खी पालन उद्योग को समर्थन मिले और देश में शहद की खपत बढ़े। इससे पहले, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव डा. अभिलक्ष लिखी ने एक फरवरी 2023 को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव को लिखे पत्र में कहा था कि मधुमक्खी पालन से बागवानी और कृषि फसलों का उत्पादन बढ़ने के साथ ही इससे जुड़े लोगों की आय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों, किसानों के लिए आजीविका के साधन पैदा करने में भी मदद मिलती है। लिखी ने पत्र में कहा था कि राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड (एनबीबी) आत्मनिर्भर भारत के तहत राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम) को लागू कर रहा है। पत्र में शिक्षा मंत्रालय से उन्होंने आग्रह किया कि, मधुमक्खी पालन उद्योग को समर्थन देने और देश में शहद की खपत को बढ़ाने के लिए आपसे शहद को मध्याह्न भोजन योजना एवं मानव संसाधन विकास विभाग की अन्य योजनाओं में शामिल करने का आग्रह किया जाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने पिछले दिनों लोकसभा में सप्तगिरि उलाका के प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया था कि मिशन पोषण के निष्पादन की निगरानी करने वाले सूचना संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) ऐप पोषण ट्रैकर के अनुसार, फरवरी में करीब 5.6 करोड़ बच्चों में से 7.7 प्रतिशत बच्चे कुपोषित (मध्यम एवं गंभीर) पाए गए। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की साझेदारी में लागू की जाने वाली केंद्र प्रायोजित योजना है। इसमें बाल बाटिका सहित कक्षा।-8 तक सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 12.21 करोड़ बच्चे शामिल हैं। इसके तहत प्राथमिक स्तर पर खाद्यान्न में चावलागेहूंमोटा अनाज 100 ग्राम, दाल 20 ग्राम, सब्जियां 50 ग्राम, तेल एवं वसा 5 ग्राम और नमक, मसाले आवश्यक्तानुसार देने का प्रावधान है। वहीं, उच्च प्राथमिक स्तर पर खाद्यान्न में चावलागेहूंमोटा अनाज 150 ग्राम, दाल 30 ग्राम, सब्जियां 75 ग्राम, तेल एवं वसा 7.5 ग्राम तथा नमक, मसाले आवश्यक्तानुसार देने का प्रावधान किया गया है।

## होली की पार्टी में बाधा डालने के आरोप में बजरंग दल के छह कार्यकर्ता हिरासत में लिए गए

**भाषा।** मंगलुरु

**मंगलुरु शहर** की पुलिस ने रविवार को बजरंग दल के छह कार्यकर्ताओं को शहर के मारोली में कथित तौर पर उपद्रव करने और होली की पार्टी में बाधा डालने के आरोप में हिरासत में लिया। शहर के पुलिस आयुक्त कुलदीप कुमार आर जैन ने कहा कि पुलिस के त्वरित हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रण में आई। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस को अभी तक कार्यक्रम स्थल पर संपत्ति को नुकसान के बारे में कोई शिकायत नहीं मिली है और उपद्रव पैदा करने के पीछे की मंशा की जांच कर रही है। जैन कहा कि गैर-संज्ञेय अपराध का एक मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने कहा कि बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ताओं ने रविवार को मारोली में आयोजित होली कार्यक्रम रंग दे बरसा के दौरान परिसर में तोड़फोड़ की थी।

## क्विक न्यूज

## कर्नाटक में पार्टी की सरकार बनने पर मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण बहाल करेंगे: कांग्रेस

**बेंगलुरु ।** कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में श्रेणी 2बी के तहत मुस्लिमों को मिला आरक्षण खत्म करने के फैसले के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत कर्नाटक सरकार की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि पार्टी के राज्य में सत्ता में आने पर चार प्रतिशत आरक्षण बहाल किया जाएगा। कांग्रेस ने रविवार को घोषणा की कि वह राज्य में पार्टी के सत्ता में आने पर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आरक्षण बहाल करेगी। कर्नाटक में मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को फैसला किया था कि वह मुस्लिम समुदाय को 2बी आरक्षण सूची से हटाए जाने के बाद नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में दिए गए उक्त चार प्रतिशत आरक्षण को वोक्कालिगा और वीरशैव लिंगायत समुदायों में दो-दो प्रतिशत बांट देगी। सरकार ने मुसलमानों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण में स्थानांतरित कर दिया। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार ने कदम को असंवैधानिक करार दिया। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, वे (सरकार) सोचते हैं कि आरक्षण को संपत्ति की तरह वितरित किया जा सकता है। यह संपत्ति नहीं है। यह (अल्पसंख्यकों का) अधिकार है। शिवकुमार ने कहा, हम नहीं चाहते कि उनके चार प्रतिशत (आरक्षण) को खत्म किया जाए और किसी भी प्रमुख समुदाय को दिया जाए। वे (अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य) हमारे भाई और परिवार के सदस्य हैं। शिवकुमार ने दावा किया, पूरा वोक्कालिगा और वीरशैव-लिंगायत समुदाय इस प्रस्ताव को खारिज कर रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी अगले 45 दिन में सत्ता में आ जाएगी। उन्होंने कहा, हम इसे निरस्त कर देंगे। शिवकुमार ने कहा कि मुसलमानों को ओबीसी सूची से हटाने का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार को देखते हुए बोम्मई सरकार संवेदनशील मुद्दे उठाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में आरक्षण बहाल करने का फैसला लिया जाएगा।

## अडाणी समूह को भूमि एवं अन्य सहयोग देने पर श्वेत पत्र जारी करे राजस्थान सरकार : भाजपा

**जयपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द हो जाने के विरोध में कांग्रेस की ओर से आयोजित सत्याग्रह को पूर्णत विफल बताते हुए विपक्षी भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से अडाणी समूह को भूमि सहित अन्य आर्थिक सहयोग देने पर स्पष्टीकरण देने तथा मामले में श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। विधानसभा में प्रतिपक्ष के उप-नेता राजेन्द्र राठौड़ ने रविवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द हो जाने के विरोध में कांग्रेस द्वारा संकल्प सत्याग्रह का कार्यक्रम प्रदेश में पूर्णतया विफल साबित हुआ। राठौड़ ने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के उद्योग समूह अडानी को केन्द्र सरकार द्वारा गैर वाजिब रियायत देने के आपराधिक षड्यंत्र के झूठे आरोप लगा रहे है वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत देश के प्रतिष्ठित उद्योग समूह अडानी को अपने कालखंड में इतनी रियायतें, भूमि सहित अन्य आर्थिक सहयोग देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा, प्रदेश कांग्रेस सरकार ने अभी 75 हजार बीघा और भूमि देने का करार (एम.ओ.यू) भी किया है, इस पर अपना स्पष्टीकरण दे एवं श्वेत पत्र जारी करे। राठौड़ ने प्रदेश में राइट टू हेल्थ बिल का विरोध में आंदोलनरत निजी चिकित्सकों के प्रति सरकार के रवैए को बेहद अंसवेदनशील और गैर जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि सरकार को तुरंत प्रभाव से वार्ता के माध्यम से चिकित्सों की हड़ताल खत्म करवाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में एक सप्ताह से चिकित्सा व्यवस्था ठप पड़ी है और सरकार राहुल गांधी की मिजाजपुर्सी में लगी है। उन्होंने कहा कि निजी चिकित्सको के प्रति सरकार का यह रवैया सरकार की हठ धर्मिता को दर्शता है। सरकार को अपनी हठधर्मता छोड कर नए सिरे से जनमत के आधार पर चिकित्सकों एवं आम जनता के बीच चर्चा करवा कर राइट टू हेल्थ बिल पर निर्णय करना चाहिए। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सोमवार को 12 बजकर 40 मिनट पर विधि विधान से पदभार ग्रहण करेंगे। वह सड़क मार्ग से जयपुर आ रहे है।

## हल्दिया डॉक चुनाव में वामदल और कांग्रेस गठबंधन जीता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले में हल्दिया डॉक संस्थान प्रबंधन समिति के चुनाव में वामदल और कांग्रेस गठबंधन ने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवारों को हरा दिया है। हाल ही में सागरदिघी विधानसभा उपचुनाव में वामदल समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार बायरन बिस्वास के हाथों टीएमसी उम्मीदवार की हार के बाद शनिवार को डॉक चुनाव में मिली जीत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वाम-कांग्रेस गठबंधन ने डॉक चुनाव में 19 में से 19 सीटें जीती हैं। जो पंचायत चुनावों से पहले महत्वपूर्ण हैं। चुनाव प्रक्रिया से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि चुनाव में 737 मतदाताओं में से 694 मतदाताओं ने वाम-कांग्रेस, टीएमसी व्यापार संघ (आईएनटीटीयूसी) और भाजपा समर्थित भारतीय मजदूर संघ के बीच त्रिकोणीय लड़ाई में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में बंदरगाह के स्थाई कर्मचारियों और अधिकारियों ने वोट डाला। बताया जाता है कि तीनों पैनल में कुल उम्मीदवारों की संख्या 58 थी। पिछली बार प्रबंधन समिति की सभी सीटों पर तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, लेकिन उपाध्यक्ष पद पर वाम दलों ने जीत दर्ज की थी। टीएमसी ने 13 साल बाद पहली हार का स्वाद चखा है। डॉक चुनाव दो साल के अंतराल पर होते हैं। हल्दिया डॉक में वामपंथी संघ के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह जीत दिखाती है कि हवा किस तरफ बह रही है। उन्होंने कहा कि यह जीत तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के गढ़ माने जाने वाले पूर्व मेदिनीपुर जिले में आगामी पंचायत चुनावों में वामपंथी और कांग्रेस दोनों के अच्छे प्रदर्शन का संकेत है। हल्दिया डॉक में आईएनटीटीयूसी के एक नेता ने चुनाव परिणामों को ज्यादा महत्व देने से इनकार करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में हल्दिया निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वामपंथी, कांग्रेस और बीएमएस के बीच टीएमसी उम्मीदवारों को हराने की मौन सहमति थी। इस तरह की साजिशें हर जगह काम नहीं करेंगी।

## प्रतिनियुक्ति की अवधि से अधिक समय तक ठहरने वाले अफसरों को केंद्र सरकार की चेतावनी

**भाषा।** नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने प्रतिनियुक्ति अवधि से अधिक समय तक रहने वाले अधिकारियों को अनुशासनात्मक कार्वाई की चेतावनी दी है। इसमें विदेश में प्रतिनियुक्ति पर तैनाती भी शामिल है। सरकार ने इससे पहले कहा था कि उसे प्रतिनियुक्ति का स्वीकृत काल खत्म होने के बाद भी ठहरने की अवधि को नियमित करने के प्रस्ताव मिल रहे हैं, जिसके मद्देनजर सरकार ने यह कदम उठाया है। नए आदेश में, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों को सभी प्रतिनियुक्ति मामलों की स्थिति की समीक्षा करने के लिए कहा है। साथ ही सरकार ने कहा है कि प्रतिनियुक्ति की स्वीकृत अवधि से अधिक समय तक अधिकारियों के रुकने के मामले बंद करने में देरी से बचा जाए। आदेश में कहा गया है कि यदि सक्षम प्राधिकारी प्रतिनियुक्ति की तारीख समाप्त होने से पहले लिखित रूप में अवधि बढ़ाने को आवश्यक मंजूरी नहीं देता है तो अधिकारी कार्यमुक्त माना जाएगा।

## आंतरिक राजनीति को बाहर ले जाने वाली टिप्पणी पर कांग्रेस ने जयशंकर को कोसा

**भाष।** नई दिल्ली



**कांग्रेस ने रविवार** को विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस बयान पर पलटवार किया कि देश के लोग आंतरिक राजनीति को बाहर ले जा रहे हैं और कहा कि उन्हें मंत्री के रूप में ऐसे शख्स ने नियुक्त किया है जिसने विदेश में आंतरिक राजनीति के मामलों को नहीं ले जाने की लंबी परंपरा को तोड़ा। पिछले बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद तेजस्वी सूर्या द्वारा बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा, इस देश के लोग आंतरिक राजनीति को बाहर ले जा रहे हैं और बाहर के लोग आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप कर रहे हैं। विदेश मंत्री की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, जिस शख्स ने आंतरिक राजनीति को बाहर नहीं ले जाने की लंबी परंपरा को तोड़ा, उन्होंने ही उनको (जयशंकर) मंत्री बनाया। रमेश ने कहा, वह 2015 से इसे शातिराना ढंग से बाहर ले जा रहे हैं। लेकिन विदेश मंत्री इसे जाहिर तौर पर नहीं स्वीकारेंगे। जयशंकर की यह टिप्पणी कांग्रेस के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी द्वारा हाल में लंदन में अपनी बातचीत के दौरान आरोप लगाए जाने के बाद आई कि भारतीय लोकतंत्र के ढांचे और देश के संस्थानों पर हमला हो रहा है। भाजपा ने गांधी पर विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करने और विदेशी हस्तक्षेप की मांग करने का आरोप लगाया, जबकि कांग्रेस ने मोदी द्वारा विदेश में आंतरिक राजनीति के मुद्दे उठाने के लिए पिछले उदाहरणों का हवाला देते हुए सत्तारूढ़ दल पर पलटवार किया।

## दीप सिद्धू की लोकप्रियता का लाभ उठाने के लिए अमृतपाल ने किया था वारिस पंज-आब दे का गठन

**भाषा।** चंडीगढ़



**अलगाववादी** अमृतपाल सिंह ने वारिस पंज-आब दे का गठन सिर्फ इसलिए किया था ताकि वह दिवंगत अभिनेता दीप सिद्धू के भाई द्वारा पहले से चलाए जा रहे संगठन वारिस पंजाब दे की लोकप्रियता को भुना सके। अमृतपाल के खिलाफ पंजाब पुलिस की कार्वाई के वहां से जब्त दस्तावेजों से यह जानकारी मिली है। दस्तावेज के अनुसार, वारिस पंजाब दे संगठन पर काबिज होने में असफल होने के बाद खालिस्तान-समर्थक अमृतपाल ने उसके जैसे नाम वाले दूसरे संगठन वारिस पंज-आब दे का गठन किया। दीप सिद्धू के भाई मनदीप ने फतेहगढ़ साहिब में चार जुलाई, 2022 को संगठन का गठन किया था, जिसका उद्देश्य सर्व शिक्षा अभियान को बढ़ावा देना, प्रदूषण से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाना, नशा करने वाले युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करना और प्राकृतिक आपदा के दौरान लोगों की मदद करना था। इसमें पदाधिकारियों की भूमिकाओं और चुनाव सहित अन्य सख्त नियम तय किए गए थे। मनदीप ने कहा कि इस संगठन का मकसद उनके दिवंगत भाई के सपने को पूरा करना था, जो पंजाब के लोगों की सेवा करना चाहते थे। अगस्त 2022 में जब अमृतपाल विदेश से लौटा और वारिस पंजाब दे के कागजात मांगे तो मनदीप ने उन्हें सौंपने से इनकार कर दिया। सिद्धू परिवार ने अमृतपाल को दीप की विचारधारा के उत्तराधिकारी के रूप में स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

## गिरिराज ने राहुल की अयोग्यता पर नीतीश की चुप्पी को लेकर कटाक्ष किया

**भाषा।** पटना

**केंद्रीय मंत्री** गिरिराज सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी को अयोग्य ठहराए जाने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चुप्पी यह संकेत देती है कि जनता दल (यूनाइटेड) के नेता विपक्षी खेमे के नेतृत्व का दावा करने की संभावना से खुश हैं। भाजपा नेता ने मेरा नाम सावरकर नहीं है वाली टिप्पणी के लिए गांधी की आलोचना की और कहा कि कांग्रेस नेता को हिंदुत्व के प्रतीक सावरकर की तरह बनने में कई जीवन लग जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्यालय में बेगूसराय के सांसद सिंह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चुप्पी को लेकर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। हालांकि जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं ने अयोग्यता की साफ तौर पर निंदा की है। सिंह ने कहा, उन्हें (कुमार को) खुश होना चाहिए कि उनकी संभावनाएं उज्जवल हो गई हैं। आखिरकार, शीर्ष स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा की महत्वाकांक्षा सभी दलों (भाजपा विरोधी) की परिभाषित विशेषता बन गई है।

## जम्मू व श्रीनगर के बीच वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का परिचालन होगा : वैष्णव

● चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे उंचे मेहराब युक्त पुल पर पहली बार ट्राली चली

**भाषा।** जम्मू





**रेलमंत्री अश्विनी** वैष्णव ने रविवार को कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) के पूरी तरह से परिचालन में आने के बाद जम्मू-कश्मीर के जम्मू से श्रीनगर के बीच वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे उंचे मेहराब युक्त पुल पर पहली बार ट्राली चलाने के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि यूएसबीआरएल परियोजना इस साल दिसंबर या जनवरी 2024 में पूरी हो जाएगी। उन्होंने रेलवे अधिकारियों के साथ पटरी पर चलने वाली ट्रॉली में बैठकर चिनाब नदी पर बने 359 मीटर उंचे पुल का निरीक्षण किया। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस रखरखाव सुविधा कश्मीर घाटी के बडगाम में स्थापित करने का फैसला किया गया है और पूरे देश को कश्मीर से जोड़ने वाली इस अहम रेल लाइन का निर्माण होने के बाद जम्मू से श्रीनगर के बीच वंदे भारत मेट्रो पर परिचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित पुल का आधार आधे फुटबॉल मैदान के बराबर है और गर्व का विषय है और यह इंजीनियरिंग के लिए चुनौतीपूर्ण परियोजना थी। रेल मंत्री ने कहा कि भूकंप के लिए अति संवेदनशील इलाके में बनाए गए इस पुल में 28 हजार मीट्रिक टन इस्पात का इस्तेमाल किया गया है। उत्तर रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि इस पुल के मेहराब को 1,486 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। पुल का डेक 359 मीटर की उंचाई पर स्थापित किया गया है और इसकी लंबाई 1,315 मीटर है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 27 मार्च, 2023



# मुंबई की महिलाओं ने जीती महिला प्रीमियर लीग

● इंडियंस ने पहला खिताब जीता

● दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हराया



भाषा। मुंबई

**हीली मैथ्यूज की** अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद नेट स्किवेर ब्रंट के 55 गेंद में नाबाद 60 रन की मदद से मुंबई इंडियंस ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हराकर पहला महिला प्रीमियर लीग खिताब जीत लिया। शिखा पांडे और राधा यादव के बीच दसवें विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की मदद से दिल्ली कैपिटल्स नौ विकेट पर 131 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने तीन गेंद बाकी रहते तीन विकेट पर 134 रन बनाए। स्किवेर ब्रंट ने एक छोर संभालकर 55 गेंद की अपनी पारी में सात चौके लगाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी 39 गेंद में 37 रन की पारी खेली। आखिर में एमेलिया केर ने आठ गेंद में नाबाद 14 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले मुंबई के गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। दिल्ली का स्कोर 11वें ओवर में तीन विकेट पर 74 रन था। इसके बाद छह विकेट पांच रन के भीतर गिर गए और 16वें ओवर के बाद स्कोर नौ विकेट पर 79 रन हो गया। मुंबई के विदेशी गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिनमें से हीली मैथ्यूज ने चार ओवर में सिर्फ पांच रन देकर तीन विकेट लिए जबकि इसाबेल वोंग ने 42 रन देकर तीन और एमेलिया केर ने 18 रन देकर दो विकेट चटकाए। दिल्ली के लिए शिखा और राधा ने 52 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। शिखा ने 17 गेंद में नाबाद 27 और राधा ने 12 गेंद में नाबाद 27 रन की पारी खेली। शिखा ने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया जबकि राधा ने दो चौके और दो छक्के जड़े। इससे पहले मैथ्यूज, वोंग और केर ने आपस में आठ विकेट लेकर मुंबई को मजबूत स्थिति तक पहुंचाया। कैरेबियाई हरफनमौला मैथ्यूज ने टूर्नामेंट में 16 विकेट लेकर यूपी वारियर्स की सोफी एक्सेलेटोन की बराबरी कर ली। वोंग और केर ने टूर्नामेंट में 15 . 15 विकेट लिए। ब्रेबोर्न स्टेडियम पर फाइनल की शुरूआत नाटकीय रही जब मुंबई ने वोंग की फुलटॉस गेंदों पर पहले तीन विकेट लिए। पहले दो फैसले तीसरे अंपायर ने दिए। शेफाली वर्मा ने लांग आन पर छक्का और अगली गेंद पर वोंग को चौका लगाकर शुरूआत की लेकिन केर की गेंद पर प्वाइंट में कैच दे बैठी। वोंग ने इसके बाद एलिस कैपसी को खाता खोले बिना रवाना किया जिनका शानदार कैच एक्स्ट्रा कवर पर अमजोत कौर ने लपका। जेमिमा रौड्रिग्स ने पहली गेंद पर चौका लगाकर शुरूआत की। उन्होंने तीसरे ओवर में नेट स्किवेर ब्रंट को दूसरा चौका लगाया। इससे पहले लानिंग ने पहली दो गेंद पर दो चौके जड़े। वोंग की फुलटॉस पर हालांकि जेमिका प्वाइंट में हीली मैथ्यूज को कैच देकर लौटी। पावरप्ले के आखिर में दिल्ली का स्कोर तीन विकेट पर 38 रन था। दस ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 68 रन था। दिल्ली की पारी का पतन 11वें ओवर के बाद शुरू हुआ और नौ विकेट 79 रन पर गिर गए जिसके बाद राधा और शिखा ने मोर्चा संभाला।

### स्कोरबोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स** : लानिंग रन आउट 35, शेफाली का केर बो वोंग 11,केप्सी का कौर बो वोंग 0, रौद्रिगेज का मैथ्यूज बो वोंग 9,काप का भाटिया बो केर 18,जोनासेन का और बो मैथ्यूज 2, रेड्डी का इशाक बो केर 0,पांडे नाबाद 27,मनी स्ट भाटिया बो मैथ्यूज।, भाटिया बो मैथ्यूज 0,यादव नाबाद 27, अतिरिक्त : एक रन, कुल योग : 20 ओवर मे नौ विकेट पर 131 रन, **विकेट पतन** :।-12, 2-12, 3-35, 4 -73, 5-74, 6-75, 7-75, 8-79, 9-79 , गेंदबाजी : स्किवेर ब्रंट 4-0-37-0, वोंग 4-0-42-3, इशाक 4-0-28-0, केर 4-0-18-2, मैथ्यूज 4-2-5-3

**मुंबई इंडियंस** : मैथ्यूज का रेड्डी बो जोनासेन 13,भाटिया का केप्सी बो यादव 4, स्किवेर ब्रंट नाबाद 60, कौर रन आउट 37, केर नाबाद 14, अतिरिक्त : छह रन, कुल योग : 19 . 3 ओवर मे तीन विकेट पर 134 रन, **विकेट पतन** :।-13, 2-23, 3-95, गेंदबाजी : काप 4-0- 22-0,यादव 4-0 -24-। जोनासेन 4- 0 - 28-। पांडे 4-0-23-0, केप्सी 3.3- 0-34-0

## जिस तरह से शुभमन गिल खेल रहा है, उसे खुद पर तरजीह दूंगा : धवन

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेटर शिखर धवन ने कहा कि पिछले कुछ समय में शुभमन गिल की बल्ले से फॉर्म को देखते हुए वह राष्ट्रीय टीम में शामिल करने के लिए इस युवा क्रिकेटर को खुद पर तरजीह देंगे। गिल इस सत्र में तीनों प्रारूपों में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने इस साल के अंत में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपना स्थान लगभग पक्का कर लिया है जबकि धवन फॉर्म में गिरावट के कारण इस दौड़ में पिछड़ गए हैं। गिल ने इस साल सभी तीनों प्रारूपों में शतक जड़ चुके हैं जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में एक दोहरा शतक और अहमदाबाद में ड्रा रहे चौथे टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक शतक शामिल है। वहीं 167 वनडे के अनुभवी धवन घरेलू सरजमीं पर होने वाले वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। अगर वह चयनकर्ता होते तो वह मौजूदा फॉर्म को देखते हुए 23 साल के खिलाड़ी गिल को ही चुनेंगे। धवन ने आज तक से कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से शुभमन खेल रहा है। वह दो प्रारूपों में खेल रहा था और टेस्ट और टी20 में अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। वह अंतरराष्ट्रीय सर्किट में ज्यादा मैच खेल रहा था जबकि मैं नहीं। अगर मैं चयनकर्ता होता तो मैं निश्चित रूप से शुभमन को मौका देता।

## पंत को पूरी तरह से ठीक होने के लिए पूरा समय लेना चाहिए: गांगुली





भाषा। नई दिल्ली

**पूर्व बीसीसीआई** अध्यक्ष सौरव गांगुली का कहना है कि भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की कवायद शुरु करने से पहले अपनी चोटों से पूरी तरह ठीक होने के लिए पूरा समय लेना चाहिए। पिछले साल दिसंबर में पंत एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इस समय वह अपनी चोटों के उपचार के बाद उबरने की प्रक्रिया में हैं। पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी निश्चित रूप से आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने विकेटकीपर बल्लेबाज की कमी महसूस करेगी। पिछले कुछ सत्र से पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान रहे हैं। गांगुली इस टीम से क्रिकेट निदेशक के तौर पर जुड़े हैं। गांगुली ने आईपीएल फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि राष्ट्रीय टीम को भी उनकी कमी खल रही है। वह युवा है और उसके करियर में काफी समय बचा है। वह विशेष खिलाड़ी है और उसे पूरी तरह ठीक होने के लिए अपना पूरा समय लेना चाहिए। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और मैं उससे मिलूंगा भी। गांगुली आईपीएल 2023 चरण से पहले अरूण जेटली स्टेडियम में टीम के सत्र पूर्व शिविर के दौरान सभी खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजर लगाए हैं। डेविड वॉर्नर (इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान) के बारे में पूछने पर गांगुली ने कहा, डेविड वॉर्नर टीम की अगुआई के लिए उत्सुक हैं, वह शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने काफी रन बनाए हैं और वह काफी अनुभवी भी हैं।

### राष्ट्रीय तलवारबाजी : भवानी देवी ने स्वर्ण जीता

**पुणे।** ओलंपियन भवानी देवी ने 33वी सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप मे महिलाओ के व्यक्तिगत साबरे वर्ग मे स्वर्ण पदक जीता। भवानी की टीम तमिलनाडु ने महिलाओ के टीम वर्ग मे भी केरल को 45-34 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। महिलाओ के व्यक्तिगत वर्ग मे भवानी देवी ने केरल की वी सन्नी अलका को 15-9 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले उन्होंने पंजाब की जगमीत कौर को 15-11 से हराया था जबकि वी सन्नी अलका ने हरियाणा की आखिरी को 15-9 से हराकर फाइनल मे जगह बनाई थी। सीनियर महिला फॉइल वर्ग मे केरल की राधिका अवाती ने स्वर्ण पदक जीता।

### सुदीरमन कप फाइनल्स में भारत मलेशिया, चीनी ताइपै के साथ ग्रुप सी में

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को सुदीरमन कप फाइनल्स मे पेचीदा ड्रॉ मिला है जिसमे उसे ग्रुप सी मे मलेशिया और चीनी ताइपै के साथ रखा गया है। सुदीरमन कप 14 से 21 मई के बीच चीन के सुझोउ मे खेला जाएगा। ग्रुप सी मे चौथी टीम आस्ट्रेलिया है। भारत ने 2011 और 2017 सुदीरमन कप मे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन पिछले दो सत्र मे भारत क्वार्टर फाइनल मे भी नही पहुंच सका। भारत ने फरवरी मे बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप मे कांस्य पदक जीतकर सुदीरमन कप के लिए क्वालीफाई किया था। इस टूर्नामेंट मे 16 टीमें भाग लेगी जिनमें चीन, डेनमार्क, इंडोनेशिया, थाईलैड, जापान, दक्षिण कोरिया शामिल है। चीन का सामना ग्रुप ए मे डेनमार्क, सिंगापुर और मिस्र से होगा जबकि इंडोनेशिया ग्रुप बी मे थाईलैड, जर्मनी और कनाडा से खेलेगा। ग्रुप डी मे जापान, कोरिया, फ्रांस और इंग्लैड है।

### रामकुमार और मुकुंद करेंगे मैसुरू ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई

**मैसुरू,।** डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन और भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मुकुंद शशिकुमार सोमवार से यहां शुरू होने वाले आईटीएफ मैसुरू ओपन 2023 मे भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। कर्नाटक लॉन टेनिस संघ इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। इस 25,000 डॉलर पुरस्कार राशि के एफ6 फ्यूचर्स टूर्नामेंट से आठ साल बाद आईटीएफ टेनिस की वापसी होगी। रामकुमार पिछली बार यहां 2015 मे कराए गए टूर्नामेंट के विजेता रहे थे। टूर्नामेंट मे अन्य भारतीयो मे सिद्धार्थ रावत, दिग्विजय प्रताप सिंह, मनीष सुरेशकुमार, निक्की पूनाचा और करण सिंह भाग लेगे।

### कोको गॉफ मियामी ओपन के तीसरे दौर में हारीं

**मियामी गार्डन्स (फ्लोरिडा)।** छठी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर मे अनास्तासिया पोटापोवा से हार का सामना करना पड़ा। उन्नीस साल की गॉफ ने एक गेम की बढ़त गंवा दी और कई गलतियां की जिससे पोटापोवा 6-7, 7-5, 6-2 से जीत दर्ज करने मे सफल रही। गॉफ ने ढाई घंटे से ज्यादा समय तक चले मुकाबले के दौरान 34 सहज गलतियां की। पोटापोवा अब चौथे दौर मे झेंग किनवेन के सामने होंगी जिन्होंने लियूडमिला सैमसोनोवा को 5-7, 7-6, 6-3 से पराजित किया।

## गुजरात टाइटन्स : प्रबल दावेदार के तौर पर प्रवेश करेगी पंड्या की गत चैम्पियन

भाषा। मुंबई

**हार्दिक पंड्या** की अगुआई में पिछले साल अपने पदार्पण में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल कर चुकी गुजरात टाइटन्स आगामी चरण में सभी सही कदम उठाने के प्रदर्शन को दोहराने के लक्ष्य से खेलने उतरेगी। गुजरात टाइटन्स की टीम सिर्फ आईपीएल 2022 की ट्राफी उठाने वाली सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं बनी बल्कि उसने सभी प्रतिस्पर्धी टीमों में अपनी योजना का बेहतरीन ढंग से



कार्यान्वयन किया। टीम ने 14 में से 10 लीग मैच जीते, अंक तालिका में 20 अंक लेकर शीर्ष पर रही। आईपीएल की खिताबी जीत के बाद पंड्या के कद में इजाफा हुआ जिन्हें भारतीय टीम का टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्थाई कप्तान बना दिया और वनडे में जिम्मेदारी दी गई जबकि उनके युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने भी अपने प्रदर्शन से खुद को इतना स्थापित कर दिया कि तीन में से दो अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में उनका चयन निश्चित हो गया। पंड्या और गिल दोनों ने गुजरात टाइटन्स के लिए बल्ले से दमदार प्रदर्शन दिखाया जिसमें दोनों ने

मजबूत पक्ष : खिलाड़ियों के बीच अच्छा तालमेल बनाने के लिए पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा की अगुआई वाले कोचिंग स्टाफ को श्रेय दिया जाना चाहिए, विशेषकर खिलाड़ियों की भूमिका को लेकर स्पष्टता के लिए जो सबसे अहम था। आगामी सत्र की तैयारी के दौरान टीम के अनियमित सदस्य मावी और आर साई किशोर ने बताया कि पिछले साल टीम के सफल अभियान में सबसे बड़ा कारण यही था कि खिलाड़ी अपनी भूमिकाएं जानते थे जिससे उन्होंने रणनीति के अनुसार खेल दिखाया। शीर्ष पर गिल की

क्रमशः: 487 और 483 रन बनाए और अपनी टीम के सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे। वहीं मोहम्मद शमी (20 विकेट) और राशिद खान (19 विकेट) गेंद से उनके मुख्य मारक गेंदबाज रहे। गुजरात टाइटन्स को अपने तेज गेंदबाज लोकी फर्ग्यूसन को जाने देना पड़ा लेकिन उनकी अनुपस्थिति से उनकी गेंदबाजी कमजोर नहीं होगी जिसमें आयरलैंड के तेज गेंदबाज जोश लिटिल, वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसफ, शिवम मावी, यश दयाल और कुछ और गेंदबाज शामिल हैं।

विस्फोटक बल्लेबाजी के अलावा गुजरात के पास पंड्या, बी साई सुदर्शन, मैथ्यू वेड, ऋद्धिमान साहा, डेविड मिलर और राहुल तेवतिया के रूप में काफी अच्छे बल्लेबाज मौजूद हैं जो तेज तर्रार खेल दिखा सकते हैं। केन विलियमसन का टीम में शामिल होना भी टीम के लिए फायदेमंद होगा। साथ ही टीम ने आयरलैंड के टी20 विश्व कप के हैट्रिक गेंदबाज जोश लिटिल और वेस्टइंडीज के ओडियन स्मिथ को भी जोड़ा है। विलियमसन के नाम आईपीएल में 2100 रन हैं और साथ ही उन्हें कप्तानी का भी अनुभव है जो कठिन विकेट पर तीसरे नंबर के बल्लेबाज की भूमिका निभा सकते हैं। अपनी बल्लेबाजी के लिए मशहूर तेवतिया ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी 2022–23 में गेंद के कौशल का भी प्रदर्शन किया और आठ मैचों में 14 विकेट चटकाए।

### चोटिल पाटीदार, हेजलवुड का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली।** आरसीबी के शीर्ष क्रम बल्लेबाज रजत पाटीदार का एड़ी की चोट के कारण आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चरण के शुरूआत (पहले हाफ) में खेलना संदिग्ध है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार 29 वर्षीय पाटीदार इस समय बेंगलुरू मे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) मे रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया से गुजर रहे है। वही आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की टूर्नामेंट में भागीदारी को लेकर भी गंभीर संदेह बना हुआ है क्योंकि वह एचिलस टेंडनाइटिस से उबर रहे है। इससे फॉफ डु प्लेसिस की अगुआई वाली टीम की आगामी चरण शुरू होने से पहले चिंताएं बढ़ गई है। 32 वर्षीय हेजलवुड को पिछले साल 7.75 करोड़ रुपए में लिया गया था।

## लखनऊ वारियर्स का रोड शो



आईपीएल की लखनऊ वारियर्स की टीम ने रोड शो किया

### विराट का जुनून पसंद है, उनके साथ बल्लेबाजी करना शानदार था: गेल

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के जुनून और उनके काम करने के तरीके की प्रशंसा करने साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) में खेलने के दौरान दोनों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा को याद किया। गेल और कोहली ने आईपीएल में कई सत्र एक साथ बिताए जिसमें वे प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों पर हावी रहते और चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का मनोरंजन करते जिसमें वे कम से कम 10 शतकीय भागीदारियां निभा चुके हैं। विराट के साथ बल्लेबाजी करना शानदार था। मुझे उनका खेल के प्रति जुनून बहुत पसंद है। मुझे उनका जुनून, उनका काम करने का तरीका पसंद है, यह शानदार है।

### विश्व युवा चैम्पियनशिप: भारतीय भारोत्तोलकों ने दो कांस्य पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलक धनुष लोगानाथन और ज्योशना साबर ने अल्बानिया के डुरेस में चल रही आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैम्पियनशिप के शुरूआती दिन अपने वजन वर्गों में कांस्य पदक जीते। महिलाओं के 40 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा ले रहीं 14 वर्षीय ज्योशना ने शनिवार की रात कुल 115 किग्रा (स्नैच में 53 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 62 किग्रा) का वजन उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया। ज्योशना ने स्नैच वर्ग में रजत पदक जीता लेकिन वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में सात भारोत्तोलकों में छठे स्थान पर थीं। वहीं धनुष ने पुरूषों की 49 किग्रा स्पर्धा में कुल 200 किग्रा (88 किग्रा और 112 किग्रा) का वजन उठाया जिससे वह फिलीपींस के प्रिंस के. डेलोस सांतोस और इरोन बोरेस से पीछे तीसरे स्थान पर रहे।

## सात्विक और चिराग ने खिताब जीता

● स्विस ओपन

भाषा। बासेल



**भारत के सात्विक** साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने चीन के रेन शियांग यू और तान कियांग को हराकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन पुरूष युगल खिताब जीत लिया। विश्व चैम्पियनशिप 2022 कांस्य पदक विजेता दूसरी वरीयता प्राप्त भारत जोड़ी ने दुनिया की 21वें नंबर की जोड़ी को 54 मिनट में 21–19, 24–22 से हराया। भारत के लिए सत्र का यह पहला खिताब है। पिछले सप्ताह ही सात्विक और चिराग की जोड़ी आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गई थी। भारतीय जोड़ी के लिए यह पांचवां विश्व टूर खिताब है जिन्होंने पिछले साल इंडिया ओपन और फ्रेंच ओपन भी जीता था। इससे पहले 2019 में थाईलैंड ओपन और 2018 में हैदराबाद ओपन जीता था। सात्विक और चिराग ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। इससे पहले भारत के लिए पी वी सिंधू (2022), साइना नेहवाल (2011 और 2012), किदाम्बी श्रीकांत (2015) और एच एस प्रणय (2016) स्विस ओपन खिताब जीत चुके हैं। सात्विक और चिराग ने फाइनल तक के सफर में तीन तीन सेट के मैच खेले जबकि तान और रेन ने एक भी गेम नहीं गंवाया। पहली बार इस चीनी जोड़ी से खेल रहे सात्विक और चिराग ने सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दोनों ने आक्रामकता के साथ बेहतरीन रक्षण का भी प्रदर्शन किया। पहले गेम में दोनों ने 3–1 से बढ़त बना ली लेकिन चीनी जोड़ी ने वापसी करके स्कोर 6–6 किया। ब्रेक तक भारतीय जोड़ी के पास तीन अंक की बढत थी। भारतीय जोड़ी की बढ़त 15–10 से 18 . 13 हो गई। तान और रेन ने जल्दी ही स्कोर 17–18 कर दिया। इसके बाद चिराग के स्मैश ने भारत को दो अंक दिलाए।

## आर्यावर्त ने जीती 45वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप



**बरेली।** आर्यावर्त अकादमी हिमाचल प्रदेश की टीम ने 45वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में हरियाणा को एक रोमांचक मुकाबले में 25–22 गोल से हराकर ख़िताब जीता। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डा.अरुण कुमार सक्सेना, पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार व हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा् आनन्देश्वर पांडेय उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव ने विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पदक व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## आईटीएफ वर्ल्ड टूर में डॉन्सकॉय को खिताब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अंतरराष्ट्रीय टेनिस** टूर्नामेंट आईटीएफ 25 हजार डालर वर्ल्ड टूर के एकल मुकाबले में फाइनल में एविगेनी डॉन्सकॉय ने खिताब पर कब्जा जमा लिया। उन्होंने सातवीं वरियता प्राप्त यूक्रेन के खिलाड़ी एरिक वैनशेलबोइम को सीधे सेटों 6–2,7–5 में हरा दिया ।डॉन्सकॉय का भारत में ये लगातार दूसरे हफ्ते में दूसरा आईटीएफ खिताब है। इससे पहले के हफ्ते में वो आईटीएफ दिल्ली के चैंपियन भी बने थे। डॉन्सकॉय ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां लखनऊ में भी शानदार खेल दिया। आज हुए फाइनल मुकाबले में पहले सेट में एविगेनी डॉन्सकॉय ने अपने प्रतिद्वंदी को टिकने ही नहीं दिया। उन्होंने एक के बाद एक विनर की झड़ी लगाते हुए पहला सेट 6–2 से जीत लिया। दूसरे सेट में युक्रेन के खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी की। उन्होंने दूसरे सेट की शुरुआत से अपना खेल ही बदल दिया। डिफेंस की जगह अटैकिंग खेलते हुए 10वें गेम तक स्कोर बराबरी का रखा। मैच के आखिरी दो गेम में डॉन्सक्काय ने अपने अनुभव और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया और दोनों गेम जीतकर मैच और खिताब अपने नाम कर लिया। डॉन्सक्काय ने जीत के बाद लखनऊ में हुए इस टूर्नामेंट की तारीफ की। उन्होंने कहा कि लखनऊ के लोगों की मेहमाननवाजी ने उनका दिल जीत लिया। उन्होंने बार.बार यहां आने का वादा भी किया। विजेता और उपविजेता को विनर और रनर अप की ट्राफी देकर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव खेल और यूपी टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने सम्मानित किया।

### साइकिलिंग में बच्चों ने दम दिखाया




**लखनऊ।** इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एंड मार्शल आर्ट्स स्कूल इंडिया द्वारा समग्राम फाउंडेशन के सौजन्य से स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता हेतु गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज रोड सेक्टर 11 इंदिरा नगर में प्रातः साइकिल रेस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रभारी ए सीईओ यू पी कलारीपय्यटू एसोसिएशन प्रवीण गर्ग ने हरी झंड़ी दिखा कर साइकिल रेस प्रारम्भ कराई। कार्यक्रम आयोजक ईजीण् महेश सिंह वा नीतेश सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।साइकिल रेस में 320 खिलाड़ियों ने किडसए जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रतिभाग किया। किड्स ग्रुप के लिए 3 किलोमीटर व जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए 6 किलोमीटर रेस का आयोजन किया गया। जिला साइकिल एसोसिएशन से अनुराग बाजपेयी सहित उपस्थित निर्णायक मंडल द्वारा विजय प्रतिभागियों की घोषणा की गई। किड्स वर्ग के विजेता खिलाड़ी प्रथम, श्रीयास्त त्रिपाठी,द्वितीय अथर्व सिंह,तृतीय, नितीश गिरी । जूनियर वर्ग विजेता खिलाड़ी। प्रथम . विवेक तंवर दितिय . सौर्य तृतीय . रुद्र ,सीनियर वर्ग में प्रथम पूनम यादवए द्वितीय. संदीप वर्माएतृतीय. विवेक रावतस

## सिफ्ट ने 50 मीटर थ्री पोजिशंस में कांस्य जीता

● आईएसएसएफ निशानेबाजी अंजुम रही फ्लॉप

भाषा। भोपाल

**भारत की** उभरती हुई निशानेबाज सिफ्ट कौर सामरा ने रविवार को यहां आईएसएसएफ राइफलापिस्टल विश्व कप में प्रेरणादाई प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा का कांस्य पदक अपने नाम किया जो उनका सीनियर स्तर पर दूसरा अंतरराष्ट्रीय पदक है। चीन ने रविवार को भी अपना दबदबा बनाए रखा जिसमें झांग कियोंगयुवे ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन सामरा ने रैंकिंग दौर में कुल 403.9 अंक से तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं झांग 414.7 अंक से पहले और चेक गणराज्य की अनेता ब्राबकोवा ने 411.3 अंक से दूसरे स्थान से खिताबी दौर में पहुंची। इसमें झांग ने चेक गणराज्य की प्रतिद्वंद्वी को 16–8 से पराजित किया। सामरा ने पिछले साल चीन के चांगवान में विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। भारत इस समय पदक तालिका में एक स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य जीतकर चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। चीन सात स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य के साथ शीर्ष पर है। सभी की निगाहें एयर राइफल में विश्व चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता अंजुम मौदगिल के 3पी स्पर्धा के शुरूआती दौर में प्रदर्शन पर लगी थीं। लेकिन सामरा ने बाजी मारी, उन्होंने सभी तीन पाजिशंस में शानदार सीरीज से क्वालीफिकेशन दौर में 588 अंक से दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया। अंजुम 583 के स्कोर से 17वें स्थान पर रहीं। तीसरी भारतीय निशानेबाज मानिनी कौशिक आठवें और अंतिम क्वालीफिकेशन स्थान से चूक गईं। पिछले महीने काहिरा में रैपिड फायर पिस्टल में कांस्य पदक जीतने वाले अनीश भानवाला क्वालीफिकेशन में 11वें स्थान पर रहे जिन्होंने 580 का स्कोर किया और रैंकिंग राउंड तक नहीं पहुंच सके।